धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शनिवार 07 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 04 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 2, अंक : 150 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 32.8 | 26.6 |
| जमशेदपुर | 35.0 | 25.2 |
| डालटनगंज | 32.4 | 24.4 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.



### झारखंड जनाधिकार महासभा व लोकतंत्र बचाओ अभियान ने जारी की रिपोर्ट

# घुसपैठ पर दुष्प्रचार कर रही है भाजपा, सीएनटी एक्ट का हो रहा है उल्लंघन

संवाददाता ।रांची

झारखंड जनाधिकार महासभा व लोकतंत्र बचाओ अभियान ने शुक्रवार को प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि फैक्ट फाइडिंग संथाल परगना के जिलों में कथित रुप से बंग्लादेशी घुसपैठ की खबरों की जांच की. जांच में टीम ने पाया कि संथाल परगना में रह रहे बंग्ला भाषी मुसलमान भारतीय हैं, ना कि घुसपैठिए. बंग्लादेशी घुसपैठ को लेकर भाजपा दुष्प्रचार कर रही है. टीम ने हाल में हुई उन सभी घटनाओं की जांच की, दोनों पक्षों से बातचीत की, जिन घटनाओं को बंग्लादेशी घुसपैठ से जोड़ा गया है. टीम ने पाया कि जिन दो पक्षों के



बीच विवाद हुआ है, वे सभी वर्षों से वहीं रह रहे हैं.
टीम ने जितने भी लोगों से बात की, उनमें से किसी ने भी यह नहीं कहा कि उन्होंने किसी बंग्लादेशी को देखा है. यहां तक कि बंग्लादेशी घुसपैठ की बात लोगों ने सोशल मीडिया में ही सुना है और पढ़ा है. इसके साथ ही टीम ने 16 पन्नों का फैक्ट-फाइंडिंग रिपोर्ट भी जारी की.

**गायबथान गांव**

इस गांव में एक आदिवासी परिवार और मुसलमान परिवार में लगभग 30 सालों से जमीन विवाद चल रहा था. इसी विवाद में मुसलमान परिवार ने आदिवासी की जमीन कब्जा करने की कोशिश की. 18 जुलाई को दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई. इसके विरुद्ध केकेएम कॉलेज आदिवासी छात्र संघ से जुड़े छात्रों ने 27 जुलाई को विरोध प्रदर्शन किया. इससे एक रात पहले पुलिस ने कॉलेज के हॉस्टल में छात्रों की पिटाई की थी.

**तारानगर-इलामी**

सोशल मीडिया पर एक हिंदू लड़की की फोटो तथाकथित रुप से शेयर करने के लिए हिंदू परिवारों ने एक मुसलमान युवा और उसकी मां को पीटा. इसके बाद मुसलमान महिला की मृत्यु की अफवाह फैली. इस अफवाह पर मुसलमानों ने बड़ी संख्या में हिंदू टोले में तोड़-फोड़ और मारपीट की.

**24 साल में नहीं कम हुए 10-16 प्रतिशत**

| वर्ष | आदिवासी | हिन्दू | मुसलमान |
|---|---|---|---|
| 1951 | 46 प्रतिशत | 43.5 प्रतिशत | 9.44 प्रतिशत |
| 1991 | ---- | 31.89 प्रतिशत | 18.25 प्रतिशत |
| 2011 | 49 प्रतिशत | 28.11 प्रतिशत | 22.73 प्रतिशत |

**1951 से 2011 के बीच हिंदुओं की आबादी 24 लाख बढ़ी है. मुसलमानों की 13.6 लाख और आदिवासियों की 8.7 लाख.**

**आदिवासियों की जनसंख्या कम होने के तीन कारण बताए**

- दशकों से आदिवासियों की जनसंख्या वृद्धि दर अपर्याप्त पोषण, अपर्याप्त स्वास्थ्य व्यवस्था, आर्थिक तंगी के कारण गैर-आदिवासी समूहों से कम है.
- संथालपरगना इलाके में झारखंड, बंगाल और बिहार से मुसलमान और हिंदू आकर बसते गए और धीरे-धीरे आदिवासियों से जमीन खरीदते गए.
- संथालपरगना समेत पूरे राज्य के आदिवासी दशकों से लाखों की संख्या में पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं, जिसका सीधा असर उनकी जनसंख्या वृद्धि दर पर पड़ता है.

## बड़का पार्टिया के लाले लाल हैं ई बाबू... इनका के हऊ चाहीं

संजय सिंह

झारखंड की राजनीति में लाल बाबुओं की कमी नहीं है. ईहां की नेतागीगरी में तरह-तरह के बाबू लोगन हैं, जे लाले लाल हैं. नेतागीरी में ई लाल बाबू लोग भी खूबे कूद-फांद मचाईले हैं. अब देखिए न, देश की एगो खूबे बड़का पार्टी है और ओकरों में एगो लाल बाबू हैं. मिही-मिही बोलते-बतियाते हैं. बेचारे पार्टिया मजबूत बनावे शुरुआती दौर में साईकिल के खूबे पैडल मारे थे. पहिले तो नेतागीरी में अईसन काबिल हो गए थे कि जेने-तेने कमल खिला देते थे. आदिवासी सीट पर तो चलती थी हीं, गैर आदिवासी यानि जनरल सीट से भी गर्दा मचाईले रहते थे. पार्टी ने पुरस्कार भी दिया, राज्य का बड़का जिम्मावारी सौंपा. सीएम भी बनाया, लेकिन कुटिल राजनीति के शिकार हुए, तो कुरसी से उतरे पड़ा या यों कहिए उतार दिए गए. दोबारा फिर से ताकत लगाए. एमएलए लोग फिर से कुरसी पर बइठाये लगी

**चुनावी चकल्लस**



तैयार तो था ही, लेकिन पार्टी के ऊपरे वाले नेताजी लोग गच्चा मार दिए. कुरसी हाथ से निकल गयी. कोल्हान वाले नेताजी को कुरसी मिली, तो लाल बाबू जी रिसिया गए. पैर पटके लगे, खूबे नाक धुने, मुंह फुलाए... लेकिन कोनो सुनेवाला थोड़े न था. जे होना था, से हो गया. अब लाल बाबू मन मसोसले, मुंह फुलाइले घूमते रहे.थोड़ा दिन सांस अटकाइले कमल छाप पार्टिया में रहे, फिर पार्टिया को लतिया के निकल लिए. एगो मोरचा बना लिए. बड़का पार्टिया का इनका कई गो लग्गू-भग्गू लोग भी साथे-साथे आ गया. लाल बाबू खूबे फोंफ मारे. बाबू सोचे लगे कि कमलवा को पूरे मुरझा देंगे, लेकिन सकबे नहीं किए. खुदे मुरझाए लगे. धीरे-धीरे इनका लग्गू-भग्गू लोग भी साथ छोड़े लगा. भागे लगा...बेचारे पूरा हांफे लगे. एक बार विस चुनाव में कुछ भगेड़ुअन को जिता कर लाए, तो ऊपरे से साथे-साथे रहा, लेकिन भितरे से कमल पर ध्यान लगाइले रहा. एक साथ कई विधायक कमल थामे चल पड़े. अब तो बेचारे लाल बाबू का मुंहवा देखे लायक रहा. पर बेचारे करिए का सकते छे. पानी पी-पी के कमल छाप वाले नेता जी लोग के कोसे लगे. एकदमे से फ्रस्टिया गए, तो तिनका ज्यादा अंडबंड बोले लगे. लेकिन कंघी करते-करते देखे कि अब अंडबंड बोले में न सकेंगे, तो बड़का पार्टिया में जाए लगी छटपटाए लगे. गेटिंग-सेटिंग किए, अपनी पूरी कंघी के साथ बड़की पार्टिया में घुसिया गए. बड़की पार्टी के बड़का नेताजी लोग बड़की जिम्मेवारी सौंप दिहीन, लेकिन लाल बाबू जी के अब पहिले जइसन रुतबा न रहा. जबसे पार्टी में जिम्मेवारी संभाल रहे हैं, तब से एको उपचुनाव न जितावे सके हैं ई लाल बाबू जी. लोकसभा चुनाव में भी पांचो आदिवासी सीट लुटवा दीहिन गया. जबसे आदिवासी रिजर्व सीट हाथ से निकला, लाल बाबू जी पूरे मरझा गए हैं. अभी हाल में बड़का पार्टी वाला नेताजी लोग दिल्ली की कोनो एजेंसी से इंटरनल सर्वे कराया था. सर्वे में एक-एक सीट को लेकर जो रिपोर्ट आई, उससे लाल बाबू जी और हांफले हैं. खास कर लाल बाबू जी अपने लिए जो दुगो सीट पर नजर गड़ाईले थे, ऊ दुनु सीट का हाल बुरा है. दुनु सीट का निगेटिव रिजल्ट आया, तो बेचारे बउराइल हैं. लाल बाबू जी सोचले थे कि उनका जइसन क्रेज पहिले बनल था, ऊ शायद अभियो बनले होगा, लेकिन खुशफहमी पालले हैं, तो का कहल जाए. जब कोल्हान के तीर-धनुष टांगेवाले नेता जी दिल्ली में बड़का नेताजी से गुफ्तगूं कईले थे, तो लाल बाबू जी साइडे लगल थे. उपरे से अपना सुरक्षित सीटवा को खतरा में देखे, तो भागल-भागल दिल्ली पहुंच गए. पीएम साहिब को गुलदस्ता भेंट किए. चुनावी चर्चा भी हुई. लाल बाबू जी देखिन कि दुनु सीटवा से पोजिशन ठीक न है, तो सबसे बड़का नेताजी से कहे लगे- हमरा के हऊ चाहीं. लाल बाबू जी राज्य की राजधानीवाली जनरल सीटवे को लेकर लार टपकाइले थे, लेकिन बड़का नेताजी ने हिंदी मीडियम में समझा कर भेज दिया. कह दिया, लड़ना होगा तो जनजातीय सुरक्षित सीट से ही लड़ना होगा. अब बेचारे मुंह लटकाइले लौट गए हैं. आगे-आगे देखल जाए, ई बाबू जी लाल होते हैं कि हरियर-पियर...

### राहुल, हेमंत, तेजस्वी और दीपंकर सीट शेयरिंग पर करेंगे बात

# इंडिया गठबंधन में फंसा है सीट शेयरिंग का मामला

कौशल आनंद ।रांची

विधानसभा का चुनावी बिगुल बजने में अब महज दो महीने का समय शेष बचा है. इंडिया गठबंधन पिछली बार की तरह ही आपसी तालमेल कर चुनावी मैदान में उतरेगा, यह तय है. मगर इस बार स्थितियां 2019 से बिल्कुल अलग दिख रही हैं, क्योंकि पांच साल सत्ता में रहने के बाद गठबंधन के दल चुनाव में जाएंगे. पिछली बार गठबंधन में माले नहीं था, अब माले भी शामिल हो गया है.. पिछली बार सभी दलों ने थोड़ा-बहुत समझौता करते हुए सीटों का बंटवारा किया था, लेकिन इस बार सभी दलों की मांग सीट से अधिक है. कुल सीटें 81 हैं, लेकिन गठबंधन में शामिल दल जिस तरह से अलग-अलग सीटों की दावेदारी कर रहे हैं, उससे तो सीटों की संख्या 109 से अधिक हो जाती है. अब ऐसे में गठबंधन दल प्रमुख नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राजद के राष्ट्रीय नेता तेजस्वी यादव और भाकपा-माले के



**2019 में झामुमो, कांग्रेस और राजद ने किन सीटों पर लड़ा था चुनाव**

**झामुमो** : गुमला, सिसई, घाटशिला, गांडेय, बरहेट, दुमका, चाईबासा, चक्रधरपुर, मनोहरपुर, गिरिडीह, बोरिया, महेशपुर, टुंडी, शिकारीपाड़ा, सरायकेला, सिल्ली, जामा, डुमरी, बहरागोड़ा, लिट्टीपाड़ा, बिशुनपुर, लातेहार और गढ़वा.

**कांग्रेस** : बरही, धनबाद, पाकुड़, बेरमो, जमशेदपुर (पूर्वी-पश्चमी दोनों), रामगढ़, मनिका, बोकारो, डालटनगंज, खिजरी, कांके, पांकी, विश्रामपुर और लोहरदगा.

**राजद** : देवघर, चतरा, छतरपुर, गोड्डा, हुसैनाबाद, कोडरमा और बरकट्ठा.

राष्ट्रीय नेता दीपंकर भट्टाचार्य के लिए सीटों का बंटवारा आसान नहीं होगा. कैसे सीट शेयरिंग और गठबंधन का पेंच सुलझेगा, यहा किन-किन सीटों पर दोस्ताना संघर्ष की नौबत आएगी, यो तो आनेवाले दिनों में सामने आ पाएगा.

**हेमंत, खरगे व राहुल के बीच हो चुकी है फर्स्ट राउंड की बात :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने दिल्ली प्रवास के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल से मिल चुके हैं. बताया जाता है कि इस मुलाकात में सीट शेयिरंग पर पहले दौर की बातचीत भी हो चुकी है. अधिकांश सीटों को लेकर सहमति भी बन जाने की खबर है. आने वाले दिनों में गठबंधन के अन्य दलों से बातचीत कर जल्द ही सीट शेयरिंग का पेंच सुलझा लेने का भरोसा गठबंधन के दलों को है, ताकि सभी दलों को प्रत्याशी चयन और चुनावी तैयारी का पर्याप्त समय मिल सके.

**मासस के विलय के बाद छह सीटों पर माले की दावेदारी :** भाकपा माले की ओर से बगोदार, राजधनवार और जमुआ सीट पर दावेदारी की जा रही है. वहीं मासस के हिस्से की ओर से निरसा, सिंदरी और चंदनक्यारी की दावेदारी की जाएगा. मासस का माले में विधिवत विलय भी होना है. यानि कि कुल छह सीटें माले को देना गठबंधन के लिए आसान नहीं होगा.

**झामुमो, कांग्रेस और राजद की दावेदारी :** पिछली बार झामुमो 43 सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन इस बार पार्टी का दावा 50 सीटों पर है. कांग्रेस पिछली बार 31 सीट पर चुनाव लड़ी थी, लेकिन इस 33 सीटों पर दावा है. क्योंकि पिछली बार झाविमो की ओर से लड़े प्रदीप यादव और भाजपा से लड़े जेपी पटेल कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं. वहीं राजद पिछली बार सात सीटों पर चुनाव लड़ा था और जीता सिर्फ एक सीट से था. लेकिन इस बार उसकी दावेदारी 22 सीटों पर है. ऐसे में राजद नेतृत्व को भी मनाने की चुनौती होगी.

## ब्रीफ खबरें

### आंदोलनकारी चिह्नितकरण आयोग का अवधि विस्तार

**रांची ।** सरकार ने झारखंड राज्य आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग को एक साल का सेवा विस्तार दे दिया है. इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है. झारखंड अलग राज्य के लिए आंदोलन करने वालों की पहचान करने के लिए तीन सदस्यीय आयोग का गठन किया गया था. 13 जुलाई 2024 को आयोग का कार्यकाल समाप्त हो गया था. अब एक जुलाई 2025 तक आयोग का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है. इससे पहले भी आयोग को अवधि विस्तार दिया गया था. पिछले दिनों केबिनेट की बैठक में सरकार ने आयोग की अवधि विस्तार देने का फैसला लिया था.

### चंपाई की सुरक्षा में कोई कमी नहीं: मुख्यालय

**रांची ।** पुलिस मुख्यालय ने उन खबरों का खंडन किया है, जिसमें कहा गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की सुरक्षा में कटौती की गई है. पुलिस मुख्यलय की मीडिया सेल ने एक बयान जारी करके बताया है कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को पहले भी जेड प्लस की सुरक्षा दी गई थी और आज भी वही सुरक्षा उन्हें उपलब्ध है. उनकी सुरक्षा में किसी प्रकार की कमी नहीं की गई है.
उल्लेखनीय है कि झारखंड में सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों को जेड-प्लस स्तर की सुरक्षा देने का नियम है.

### मुखिया संघ को सीएम से मिलवाने का आश्वासन

**रांची ।** झारखंड मुखिया संघ के प्रतिनिधिमंडल और ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी के बीच शुक्रवार की सुबह वार्ता हुई. मंत्री ने संघ के सदस्यों से आग्रह किया कि वे आंदोलन समाप्त करें. सरकार उनकी मांगों को मानने के लिए तैयार है. संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव के मुताबिक मंत्री ने संघ के प्रतिनिधियों को जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलवाने का आश्वासन दिया है.

### प्रदेश जदयू कार्यसमिति सदस्यों का मनोनयन

**रांची।** प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो ने पूर्व मंत्री सुधा चौधरी को विशेष आमंत्रित सदस्य और हाजी हसीब खान, केबी सहाय, शैलेंद्र महतो, आशा शर्मा, सीताराम रवानी,ब्रह्मदेव प्रसाद, उचित महतो, योगेश शर्मा, अक्षय सिंह व धनंजय सिन्हा को आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया है. जिन नेताओं को कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है, उनमें अशोक निगम, जेपी सिंह, विजय सिंह कुशवाहा,गीता देवी, केदार भुइयां, मुबारक अंसारी, नेपाल महतो, कार्तिक कुमार कम्हे, मुन्ना सिन्हा, प्रफुल्ल मांझी, रत्ना शर्मा,अल्पना बोस,महेश्वर चौधरी,अशोक शर्मा, सुशील कु मंगलम, यशवंत सिंह शामिल हैं.

## हाईकोर्ट की खबरें

### धरना-प्रदर्शन के समय जाम से निपटने और सुरक्षा के लिए डीजीपी दें एसओपी

विधि संवाददाता।रांची

हाई कोर्ट ने शुक्रवार को डीजीपी को आदेश दिया है कि राजधानी में सड़कों पर जाम ना लगे इसके लिए स्टैंडर्ड ओपरेटिंग प्रोसिड्योर (एसओपी) तैयार करके पेश करें. कोर्ट ने डीजीपी से यह भी कहा है कि धरना, प्रदर्शन या सभा के दौरान आम लोगों को सुरक्षित रखने के लिए पुलिस क्या-क्या करेगी, यह भी कोर्ट को जानकारी दें. उल्लेखनीय है कि गत 23 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा की आक्रोश रैली के दौरान हाईकोर्ट के जज कांके रोड में जाम में फंस गए थे. इस मामले में अलगी सुनवाई 20 सितंबर को होगी.शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि भीड़ कब किस तरह रिएक्ट करेगी, इसका कोई अंदाजा नहीं लगा सकता. इसलिए किसी खास व्यक्ति की सुरक्षा पर बहुत ज्यादा ध्यान देने के बजाय आम लोगों की चिंता ज्यादा करने की जरुरत है. सभी के जान की कीमत बराबर है. जिला प्रशासन को अपनी माइंडसेट बदलने की जरुरत है. धरना प्रदर्शन या बंद की जानकारी पहले से होती है, वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना चाहिए.

### सशरीर उपस्थित हुए जेएसएससी अध्यक्ष, रखा पक्ष

विधि संवाददाता ।रांची

शिक्षक नियुक्ति को लेकर मीना कुमारी और अन्य लोगों की ओर से दाखिल याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट के सुनवाई हुई. पिछली सुनवाई में अदालत द्वारा दिये गये आदेश का अनुपालन करते हुए जेएसएससी के अध्यक्ष कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए. उन्होंने अदालत को बताया कि व्यापक पैमाने पर रिजल्ट जारी किया गया था. जिसकी वजह से मेरिट लिस्ट जारी करने में ज्यादा समय लग गया. इसके पीछे कोई गलत मंशा नहीं थी. अदालत उनके जवाब से संतुष्ट नजर



आया. अब इस मामले में अदालत 26 सितंबर को सुनवाई करेगा. राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने बहस की.

जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और प्रिंस कुमार ने अदालत में बहस की. वहीं मीना कुमारी और अन्य की ओर से हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने पक्ष रखा.

**अदालत ने जतायी थी नाराजगी :** जानकारी के मुताबिक मीना कुमारी और अन्य की याचिका पर गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने जेएसएससी की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जतायी थी. अदालत ने जेएसएससी अध्यक्ष पर अवमानना का नोटिस जारी करते हुए कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया था.

### पूर्व आईपीएस की पीआईएल पर सरकार देगी जवाब

- मनी लांड्रिंग के आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की है

विधि संवाददाता ।रांची

भाजपा के राष्ट्रीय नेता और पूर्व आईपीएस अधिकारी अरुण उरांव की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. राज्य सरकार की ओर से देश के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बहस की. उन्होंने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह करते हुए जनहित याचिका की मेंटब्लिटी पर सवाल उठाया. वहीं प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने कहा कि याचिका दायर करने वाला व्यक्ति एक रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी है, इसलिए मेंटब्लिटी का सवाल नहीं उठता. अरुण उरांव ने अपनी जनहित याचिका में कहा है कि झारखंड में पिछले कुछ समय से केंद्रीय एजेंसी ईडी ने कई बड़ी कार्रवाई की है. इस कार्रवाई में मनी लांड्रिंग के कई मामले सामने आए हैं. ईडी ने अपनी जांच के दौरान राज्य सरकार के कई अफसरों पर कार्रवाई की भी अनुसंशा की, लेकिन सरकार की ओर से कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गई, इसलिए मनी लांड्रिंग के आरोपियों के खिलाफ राज्य सरकार को भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाना चाहिए. एक्टिंग चीफ जस्टिस और जस्टिस अरूण कुमार राय की बेंच में सुनवाई हुई.

## सीएम ने पत्नी संग फोटो शेयर कर तीज की बधाई दी



हेमंत ने पत्नी कल्पना संग फोटो शेयर कर हरतालिका तीज की बधाई दी.

**रांची।** हरतालिका तीज के खास अवसर पर सीएम हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन के साथ फोटो शेयर की है. हेमंत ने 'एक्स' पर पोस्ट कर हरतालिका तीज पर प्रदेश की सभी माताओं/बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है. उन्होंने कहा, यह त्योहार दांपत्य प्रेम का प्रतीक है. यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि आपकी जीवनसंगिनी का त्याग और समर्पण एक सुखी परिवार की नींव है. महिलाओं के सम्मान और सशक्तीकरण से ही समाज मजबूत होगा. उन्होंने आगे कहा कि आप सभी की प्रार्थना भगवान सफल करें और आपके पारिवारिक जीवन में सदैव खुशियां बनी रहें.

### श्रमिक संघ के अध्यक्ष ने कर्मचारियों के एरियर घोटाले का भी मामला उठाया

# जेवीयूएनएल में आउटसोर्स खत्म करने पर जल्द निर्णय : डॉ इरफान

संवाददाता।रांची

राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड में आउटसोर्स खत्म करने पर जल्द निर्णय लिया जाएगा. ये आश्वासन उन्होंने झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय के साथ मिलने गए प्रतिनिधिमंडल को दी. शुक्रवार को कैबिनेट मीटिंग से पूर्व संघ के सदस्यों ने प्रोजेक्ट भवन स्थित कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा. मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला और पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव भी मौजूद थे. मंत्री डॉ इरफान ने कहा कि वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मामले से अवगत कराते हुए उचित कार्रवाई की मांग करेंगे. मौके पर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने मंत्री को बताया कि 2017 से निगम में आउटसोर्स सिस्टम लागू है, जो अब तक जारी है. अब तक आउटसोर्स कंपनियां लगभग 80 करोड़ रुपये से ज्यादा कमीशन के रूप में ले चुकी हैं. कर्मचारियों के एरियर का भी घोटाला कंपनियों द्वारा किया जा रहा है, जिसकी उच्चस्तरीय जांच जरूरी है.

**झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने की मांग**

- होमगार्ड जवानों को प्रतिदिन 1100 रु मानदेय दिया जा रहा है, जबकि ऊर्जा विभाग में तकनीकी रूप से दक्ष कर्मचारियों को कम मानदेय दिया जा रहा है. इस असमानतो को दूर किया जाए.
- जिस तरह पारा शिक्षकों को 60 वर्षों के लिए अनुबंध पर रखा गया है और सहायक शिक्षक की बहाली में उन्हें 50% सीटों के लिए प्राथमिकता दी जा रही है, यह नियम लागू कर दिया जाए.
- श्रम नियोजन कौशल विकास विभाग का नियम है कि महीने में चार दिन विश्राम के अलावा 30-31 दिन का भुगतान सभी विभाग करें. यह लागू किया जाये.
- वर्ष 2017 से झारखंड सरकार द्वारा हर वर्ष मानदेय बढ़ोतरी की गयी और बढ़े मानदेय का भुगतान निगम के आदेश के बावजूद संवेदकों ने आज तक श्रमिकों को नहीं किया, न एरियर ही दिया. इसकी जांच हो.
- बहाली में वर्ष 2016 व वर्ष 2018 की तरह ही उम्र सीमा में पांच वर्षों की छूट देते हुए पहले से कार्यरत कर्मियों को बहाल किया जाए,
- वर्ष 2014 में कराए गए सर्वे के आधार पर 10 वर्षों से लगातार कार्यरत मानव दिवस कर्मियों को भी उमा देवी बनाम कर्नाटक सरकार और नरेंद्र तिवारी बनाम झारखंड सरकार के जजमेंट को आधार मानते हुए अनुबंध कर्मियों (1/685) की तर्ज पर सीधी नियुक्ति यथावत उसी पद पर की जाए.

**क्लासिफाइड**




















# शुभम संदेश

गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं

एक राज्य - एक अखबार

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित | रांची, शनिवार 07 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 04 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 150 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र







## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,000 |
| चांदी (किलो) | 85,000 |

## ब्रीफ खबरें

### विनेश व बजरंग पुनिया कांग्रेस में हुए शामिल



**नयी दिल्ली।** पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने शुक्रवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया. दिल्ली में पार्टी की सदस्यता लेते हुए दोनों ने भाजपा पर तीखा हमला बोला और कांग्रेस को बुरे वक्त का साथी बताया. विनेश फोगाट ने कहा कि बुरे समय में पता लगता है कि आपके साथ कौन है. हम जब सड़कों पर घसीटे जा रहे थे, तो भाजपा को छोड़ कर सभी दल हमारे साथ थे.

-पेज 12 भी देखें

### राहुल गांधी अमेरिकी दौरे पर रवाना हुए

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी गुरुवार देर रात अमेरिका के लिए रवाना हुए. राहुल 10 सितंबर तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे. उनके वाशिंगटन डीसी और डलास में कई कार्यक्रम हैं. वे टेक्सास विवि के कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे. 8 को डलास में, 9 व 10 सितंबर को वाशिंगटन में रहेंगे. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी की ये पहली विदेश यात्रा है.

### हरियाणा में चुनाव नहीं लड़ेगी सपा

**नयी दिल्ली।** हरियाणा चुनाव से सपा ने किनारा कर लिया है. इसकी घोषणा सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स के जरिए की. कहा कि हरियाणा के विकास और सौहार्द की विरोधी भाजपा को हराने में इंडिया अलायंस की जो भी पार्टी सक्षम होगी, हम उसके साथ अपनी शक्ति को जोड़ देंगे. अखिलेश का बयान ऐसे वक्त में आया है, जब हरियाणा में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी से सीट शेयरिंग पर बात चल रही है.

### गिरे शेयर, 5 लाख करोड़ स्वाहा

**मुंबई।** शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट दर्ज की गई. कारोबारी सत्र के दौरान बीएसई सेंसेक्स 81,200 से नीचे फिसल कर 1,100 अंक से अधिक नीचे पहुंच गया. इस बीच, निफ्टी 50 भी 24,900 अंक से नीचे फिसल गया. बाजार को पांच लाख करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान है.

-पेज 11 भी देखें

## झारखंड कैबिनेट के फैसले: वकीलों की हो गयी बल्ले-बल्ले

# अब मिलेगी 14 हजार पेंशन और हेल्थ बीमा का लाभ भी

- वकीलों ने प्रोजेक्ट भवन में सीएम का किया अभिनंदन, मनाया जश्न
- सहायक पुलिस कर्मी को मिलेगा अब 13 हजार मानदेय और चार लाख का बीमा, वर्दी के लिए मिलेगा 4 हजार
- सावित्री फूले बाई किशोरी स्मृद्धि योजना का लाभ अब निजी विद्यालयों के आरक्षित कोटि के छात्रों को मिलेगा
- 18 से 20 साल की बालिकाओं को अब मिलेगा मुख्यमंत्री मंईयां योजना का लाभ

विशेष संवाददाता। रांची

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार में वकीलों की बल्ले-बल्ले हो गयी है. अब 65 साल की अवधि पूरी होने या लाइसेंस सरेंडर करने पर वकीलों को 14 हजार रुपए पेंशन मिलेगी. जिसका वहन राज्य सरकार करेगी. इसके अतिरिक्त सभी निबंधित अधिवक्ताओं को प्रथम तीन वर्ष की अवधि के दौरान स्टाइपेंड भत्ता को एक हजार रुपए से बढ़ाकर पांच हजार कर दिया गया है. इसकी 50 प्रतिशत के समतुल्य राशि राज्य सरकार की ओर से दी जाएगी. राज्य सरकार मेडिकल इंश्योरेंस और मेडिक्लेम भी देगी. यह राशि वार्षिक अब छह हजार रुपए प्रति अधिवक्ता बतौर अनुदान झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि को राज्य सरकार उपलब्ध कराई जाएगी. इस पर सरकार नौ करोड़ रुपए खर्च करेगी. इसका लाभ राज्य के 15 हजार अधिवक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा. यह निर्णय शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेंमत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया. मुख्यमंत्री के इस निर्णय के बाद अधिवक्ता प्रोजेक्ट भवन में पहुंचे और सीएम हेमंत सोरेन का अभिनंदन किया और उनके साथ जश्न मनाया. इसके अतिरिक्त जेएसएलपीएस के कंप्यूटर ऑपरेटर्स और परियोजना कर्मी मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि तथा समायोजन करने के लिए गए निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दी.



**सहायक पुलिसकर्मियों पर भी सरकार मेहरबान :** कैबिनेट की बैठक में सरकार ने सहायक पुलिस कर्मियों की सभी मांगो पर सहमति प्रदान कर दी. अब सहायक पुलिस कर्मियों का मानदेय दस हजार से बढ़ाकर 13 हजार रुपए कर दिया गया है. इसके अलावा 4000 में वर्दी खरीदने के लिए दी जाएगी. इतना ही नहीं मेडिकल दुर्घटना बीमा का दायरा बढ़ाकर एक लाख से चार लाख रुपए कर दिया गया है. महिलाओं सहायक पुलिस को मातृत्व अवकाश भी दिया जाएगा.

**मंईयां योजना का लाभ अब 18 वर्ष लड़कियों को भी मिलेगा :** मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना से 18 वर्ष पर से अधिक उम्र की महिलाओं को भी लाभ मिलेगा. इससे करीब 8 लाख महिलाओं को लाभ मिलेगा जिन्हें प्रतिमाह एक हजार रुपए दिया जाएगा. अभी 21 से 50 वर्ष की 48 लाख महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है राज्य में इस योजना से कुल 67 अरब 20 करोड रुपए खर्च होंगे. इससे जुड़े प्रस्ताव पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी.

**सीएम ने कहा : सभी के मान-सम्मान और कल्याण के लिए हम प्रतिबद्ध :** मुख्यमंत्री ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य की जनता के प्रति समर्पित है. सभी का मान- सम्मान और कल्याण तथा उनके हितों का संरक्षण हमारी प्रतिबद्धता है. इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ऐसी नीतियां और निर्णय लेने पर विशेष जोर देती है, जिससे समाज का हर वर्ग और तबका लाभान्वित हो एवं सरकार की योजनाओं से कोई वंचित न रहे. हमारा प्रयास सभी की भागीदारी से झारखंड को एक खुशहाल प्रदेश बनाना है.

## सीबीआई को है आरोपियों की तलाश

# आरोपी की सूचना देने वाले को मिलेगा ₹5 लाख इनाम

**विनय हत्याकांड**

सौरभ सिंह। रांची



रांची के सफायर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र विनय महतो की हत्या मामले में सीबीआई को अब तक आरोपी के बारे में ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है. अब सीबीआई ने इस घटना में शामिल व्यक्ति की जानकारी देने वाले को इनाम देने की घोषणा की है. सीबीआई ने कहा है कि जो भी व्यक्ति इस हत्याकांड में शामिल आरोपी के बारे में जानकारी देगा, उसे पांच लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा. सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा. इसके लिए सीबीआई ने मोबाइल नंबर-9958756905 जारी किया है.

**सातवीं का छात्र था विनय महतो :** विनय महतो सफायर इंटरनेशनल स्कूल में सातवीं कक्षा का छात्र था. पांच फरवरी 2016 को स्कूल परिसर स्थित टीचर्स क्वार्टर के बाहर उसकी हत्या कर दी गई थी. पुलिस ने इस मामले में स्कूल की शिक्षिका नाजिया हुसैन, उनके पति आरिफ अंसारी, पुत्र व पुत्री सहित अन्य को आरोपी बनाया था. पुलिस ने अपनी जांच में कहा था कि विनय महतो की हत्या नाजिया की पुत्री से संबंध होने की वजह से हुई थी. इस संबंध की वजह से नाजिया का पुत्र गुस्से में रहता था. घटना के दिन भी नाजिया के पुत्र ने विनय को घर में सोया-चिल्ली खाने के बुलाया था. नाजिया के पुत्र ने पहले विनय से कहा कि तुम मेरी बहन के रास्ते से हट जाओ. उसका पीछा छोड़ दो. विनय जब वहां से निकलने लगा, इसी बीच नाजिया के पुत्र ने विनय का सिर दीवार में पटक दिया, जिस कारण वह घायल हो गया. बाद में बेहोशी की हालत में विनय को स्टॉफ क्वार्टर के कॉरिडोर से नीचे फेंक दिया गया. इस कारण छात्र विनय की मौत हो गयी थी.

### हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई जांच

छात्र विनय महतो के पिता मनबहाल महतो ने अक्टूबर 2017 में अपने बेटे को न्याय दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी. वहां सुनवाई के बाद हाईकोर्ट में अपील करने का आदेश दिया गया था. जिसके बाद उन्होंने 8 मार्च 2018 को हाइकोर्ट में पुलिस की जांच पर संदेह व्यक्त करते हुए सीबीआई जांच के लिए क्रिमिनल रिट दाखिल की थी. अदालत ने 7 जुलाई 2022 को सीबीआई जांच का आदेश दिया था. रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने 20 जुलाई 2022 को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी.

# ऊंची कूद में प्रवीण ने देश को दिलाया गोल्ड




**पेरिस।** भारत के प्रवीण कुमार ने पेरिस पैरालंपिक के पुरुष ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड तोड़ कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया. छोटे पैर के साथ पैदा हुए प्रवीण ने छह खिलाड़ियों में 2.08 मीटर से सत्र की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाई और शीर्ष स्थान हासिल किया. भारत का यह कुल 26वां पदक है, जबकि यह छठा स्वर्ण है. भारत के खाते में अब तक नौ रजत और 11 कांस्य भी आ चुके हैं. प्रवीण का यह पैरालंपिक में लगातार दूसरा पदक है. इससे पहले उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक में 2.07 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास से रजत पदक जीता था.

- खेल पेज भी देखें

# अब कभी इधर-उधर नहीं होंगे: नीतीश

लगातार न्यूज नेटवर्क। पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने शुक्रवार को एक बार फिर साफ किया कि वे अब किसी अन्य गठबंधन के साथ नहीं जाएंगे, एनडीए में ही रहेंगे. दो बार गलती हुई है, अब कभी इधर-उधर नहीं होंगे. नीतीश ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में क्षेत्रीय चक्षु संस्थान के उद्घाटन के मौके पर कहा कि 2005 में जब हम लोग आए थे तो क्या हालत थी. अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी थी.

नीतीश ने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले वाले क्या करते थे? हमसे गलती हुई. दो बार उन लोगों का साथ लिया. हमारा रिश्ता 1995 से है. बीच में दो बार इधर-उधर हुए, दो बार गलती हुई. अब कभी इधर-उधर नहीं होंगे. बता दें कि भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा दो दिवसीय बिहार दौरे पर पटना पहुंचे. वे सीएम आवास जाकर नीतीश कुमार से मिले. इस दौरान ही नीतीश ने कहा, हम दो बार राजद के साथ चले गये. हमसे गलती हुई थी. अब कभी नहीं होगी. अब फिर कभी नहीं जाएंगे.

## जेपी नड्डा पटना पहुंचे, सीएम से मिले



पटना में सीएम आवास पर नीतीश से मिलते भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा.

**भागलपुर में दो सौ बेड के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का उद्घाटन :** जेपी नड्डा इसके बाद भागलपुर पहुंचे. जहां दो सौ बेड के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का उद्घाटन किया. वहां से वे गया भी जाएंगे, जहां मगध मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन करेंगे. दूसरे दिन शनिवार को जेपी नड्डा पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल जाएंगे. वह पीएमसीएच में बन रहे नए ब्लॉक को देखेंगे. पिछले दिनों सूचना आयुक्त की नियुक्ति को लेकर सीएम नीतीश कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के बीच मुलाकात हुई थी. उसको लेकर कई तरह के कयास लगाये जा रहे थे. इसी लिए नीतीश ने बार-बार नड्डा के स्थिति स्पष्ट कर दी.

## आरएसएस चीफ ने फिर छेड़ी बहस, कहा

# हम भगवान होंगे कि नहीं जनता तय करेगी

एजेंसी। पुणे



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने फिर ''इंसान के भगवान होने के भ्रम'' वाली बात कही. उन्होंने नसीहत दी कि किसी को खुद के ही भगवान होने का ऐलान नहीं करना चाहिए. भागवत ने कहा कि कोई भगवान होगा या नहीं, यह तो लोग तय करते हैं.

उन्होंने पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि हम भगवान बनेंगे या नहीं, ये तो जनता तय करेगी. हमें खुद को भगवान घोषित नहीं करना चाहिए. कहा, कुछ लोग सोचते हैं कि शांत रहने के बजाय हमें बिजली की तरह चमकना चाहिए. लेकिन बिजली चमकने के बाद तो और भी अंधेरा छा जाता है.इसलिए को दीए की तरह जलो. मणिपुर पर भागवत ने कहा कि वहां के हालात चुनौतीपूर्ण हैं. इतनी चुनौतीपूर्ण स्थिति में भी हमारे स्वयंसेवक वहां डटे हुए हैं, मणिपुर की स्थिति बहुत कठिन है. सरक्षा की गारंटी नहीं है. स्थानीय लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं.

**गुमला में भागवत के बयान की खूब हुई थी चर्चा:** भागवत ने गुमला में कहा था कि इंसान भगवान बनना चाहता है. सुपरमैन बनना चाहता है, लेकिन वहां रुकता नहीं. उसको लगता है कि देव बनना चाहिए तो देवता बनना चाहता है, लेकिन देवता कहते हैं हमसे तो भगवान बड़ा है, वो भगवान बनना चाहता है. तब भागवत के इस बयान के संदर्भ ढूंढे जाने लगे थे.

## सूरते हाल | आईटी सेक्टर में डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों की गई नौकरी

# ले-ऑफ ले आया भूचाल, संकट अभी और बढ़ेगा

लगातार न्यूज नेटवर्क। मुंबई

एक तरफ पीएम नरेंद्र मोदी देश को विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बताते नहीं थकते. लेकिन घरेलू मोर्चे पर रोजगार के हालात भयावह हैं. बीत रहे साल 2024 की शुरुआत ही जॉब करने वालों के लिए अच्छी नहीं रही. खासकर आईटी सेक्टर में इस वर्ष ले-ऑफ की मानों बाढ़ आ गई हो. रिपोर्ट्स की मानें तो अब तक कई कंपनियों में 1 लाख 50 हजार से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की जा चुकी है.

एक रिपोर्ट की मानें तो वर्ष 2022 और 2023 के बाद इस साल भी बड़े पैमाने पर नौकरी कटौती देखी जा रही है. टेस्ला, अमेज़न, गूगल, टिकटॉक, स्नैप और माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियों ने साल के पहले कुछ महीनों में ही बड़े पैमाने पर ले-ऑफ किए. इनकी छंटनी ने तकनीकी दुनिया में एक नई हलचल मचा दी है. छोटे स्टार्टअप्स भी इससे प्रभावित हो गए और कई ने तो पूरी तरह से ऑपरेशन ही बंद कर दिए हैं.

ले-ऑफ.एफवाईआई के आंकड़ों की मानें तो इस साल की शुरुआत में ही बड़ी संख्या में टेक सेक्टर में काम करने वाले कर्मचारियों को नौकरी से हाथ गंवाना पड़ गया था. जो अगस्त माह के अंत तक जारी रही. अगस्त 2024 की बात की जाए तो रिपोर्ट बताती है कि इस महीने में 26 हजार से ज्यादा लोगों को अपनी नौकरी गंवानी पड़ी है. अगस्त में 40 से ज्यादा लेआफ्स हुए. इनमें बड़ी-बड़ी कंपनियां जैसे इंटेल, सिस्को, आईबीएम शामिल हैं.

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स



आईटी क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि ये तो अभी आगाज है, अंजाम और भी घातक होनेवाला है. एआई के आने के बाद से आईटी से जुड़ी कंपनियों में मैन पॉवर घटाने की होड़ लग गई है. अगर समय रहते सरकार की तरफ से तैयारियां न की गईं, तो आने वाले समय में पढ़े-लिखे बेरोजगारों की संख्या काफी अधिक हो सकती है.

### क्या कहते हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| जनवरी 2024 | 44,107 कर्मचारियों की छंटनी |
| फरवरी 2024 | 25,639 कर्मचारियों की छंटनी |
| मार्च 2024 | 17,403 कर्मचारियों की छंटनी |
| अप्रैल 2024 | 32,423 कर्मचारियों की छंटनी |
| मई 2024 | 21,011 कर्मचारियों की छंटनी |
| जून 2024 | 10,083 कर्मचारियों की छंटनी |
| जुलाई 2024 | 19,051 कर्मचारियों की छंटनी |
| अगस्त 2024 | 26,024 कर्मचारियों की छंटनी |

**बड़ी कंपनियों में छटनी :** इंटेल 15,000 नौकरियों में कटौती कर रही, जो उसके कुल कर्मियों की संख्या का 15% है. सिस्को भी अपने कर्मियों की संख्या में 7% की कटौती कर रही, जिससे 6,000 पर असर पड़ेगा. आईबीएम चीन में अपना केंद्र बंद कर रहा है और 1,000 की छंटनी करेगा. एप्पल ने भी हाल ही में अपने 1000 कर्मियों की छंटनी की. गोप्रो भी कर्मियों की संख्या में 15% की कटौती कर रहा है.डेल ने भी अपने वैश्विक कर्मियों की संख्या में 10% की कटौती की है, जिससे 12,500 कर्मचारियों की छंटनी हुई है. 2023 में आईटी कंपनियों में छंटनी में 15% की वृद्धि हुई, जो 2024 में भी जारी है.

## जम्मू-कश्मीर में भाजपा का संकल्प पत्र जारी, कहा 370 की वापसी नहीं

# घर की एक महिला को 18000 सालाना

एजेंसी। श्रीनगर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया. इसमें कई लोकलुभावन वादे किए गए हैं. हर घर की सबसे वरिष्ठ महिला को 18000 रुपए सालाना और छात्रों को टैबलेट और लैपटॉप देने की घोषणा की गई.शाह ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र का भी जिक्र किया. एनसी के आर्टिकल 370 पर एजेंडे को कांग्रेस का मौन समर्थन है. लेकिन धारा 370 इतिहास बन चुकी, वह कभी लौट कर नहीं आ सकती और हम नहीं आने देंगे.

शाह ने कहा, मैं उमर अब्दुल्ला को कहना चाहता हूं कि हम आपको गुज्जर बकरवाल के आरक्षण को छूने नहीं देंगे. बम की परछाइयां, मशीन गन की आवाज कश्मीर में सुनी जाती थी, जो अब इतिहास है.

-शेष पेज 11 पर



श्रीनगर में शुक्रवार को भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते गृह मंत्री अमित शाह.

1 आतंकवाद का पूरा सफाया, कश्मीर को विकास में देश में सबसे अग्रणी बनाएंगे.
2 **हर घर की सबसे वरिष्ठ महिला को हर साल 18000 रुपये देंगे.**
3 महिला स्वयं सहायता समूहों के बैंक ऋण पर ब्याज के विषय पर सहायता
4 उज्ज्वला लाभार्थियों को हर साल 2 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर
5 **पीपीएनडीआरवाई में 5 लाख रोजगार**
6 प्रगति शिक्षा योजना के तहत कॉलेज के छात्रों को यातायात भत्ते के तौर पर 3 हजार सालाना.
7 **जेकेपीएससी-यूपीएससी के जैसी परीक्षाओं के लिए 2 सालों के लिए 10 हजार की कोचिंग फीस**
8 परीक्षा केंद्रों तक यातायात लागत और एकमुश्त आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति करेंगे.
9 **उच्चतर कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को टैबलेट-लैपटॉप**
10 जम्मू कश्मीर के विकास के लिए जम्मू में क्षेत्रीय विकास बोर्ड का गठन
11 **जम्मू, डल झील, और कश्मीर में टूरिज्म को बढ़ावा**
12 नए उद्योग लगाए जाएंगे, जिनसे रोजगार पैदा होगा.

### तस्करी : कोयला लोड सैकड़ों बाइक व पूर्व विधायक का वाहन आमने-सामने

# राजा कोलियरी के पास पुलिस-सीआईएसएफ की छापेमारी

**खास बातें**

- बाइक के काफिला के कारण सड़क जाम, आधे घंटे तक फंसे रहे विधायक
- बाइक हटाने को लेकर विधायक के बॉडीगार्ड व कोयला चोरों में कहासुनी

**500 बोरी कोयला जब्त**



संवाददाता | निरसा

निरसा थाना अंतर्गत राजा कोलियरी के समीप पुलिस व सीआईएसएफ ने गुरुवार रात करीब 10 बजे संयुक्त रूप से अभियान चलाकर भारी मात्रा में कोयला जब्त करने में सफलता हासिल की. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बड़े पैमाने पर अवैध कोयला ट्रैक्टर, पिकअप वैन, मोटरसाइकिल और स्कूटर पर लोड कर विभिन्न भट्टे में खपाया जाता है. पुलिस के पहुंचने की भनक कोयला तस्करों को पहले ही लग चुकी थी इसके कारण सभी कोयला चोर भाग निकले थे. पुलिस को वहां पर 500 बोरी में भरा कोयला मिला. पुलिस ने उक्त कोयला को खुदिया स्थित इसीएल के रेलवे साइडिंग में जमा करवा दिया. छापेमारी का नेतृत्व निरसा थानेदार मंजीत कुमार व सीआईएफ बैजना कैंप इंचार्ज राजेश कर रहे थे.

सूत्र बताते हैं कि बुधवार रात्रि लगभग 12:00 बजे पूर्व विधायक अरुप चटर्जी राजा कोलियरी स्थित अपने आवास लौट रहे थे. इसी दौरान सिनेमा हॉल के समीप चटर्जी के वाहन व सैकडों की संख्या में कोयला लोड बाइक आमने-सामने हो गया. काफी संख्या में कोयला लोड बाइक देख बॉडीगार्ड वाहन से उतरे और बाइक हटाने की बात कही. बताया जाता है कि इसी सवाल को लेकर कोयला चोर बॉडी गार्ड से उलझ पड़े. कोयला लोड बाइक की संख्या काफी अधिक थी, इसलिए रास्ता जाम हो गया. इसके कारण पूर्व विधायक को वाहन लगभग आधे घंटे वाहन में रहना पड़ा. रात्रि में ही चटर्जी ने इसकी सूचना पुलिस को दी. सूचना मिलते ही पुलिस दल वहां पहुंचे तब तक कोयला लोड बाइक वहां से जा चुके थे. इस छापेमारी को इसी कड़ी का एक हिस्सा माना जा रहा है.



खड़ेश्वरी मंदिर में तीज पर्व पर पूजा-पाठ करती महिलाएं

**ब्रीफ खबरें**

### केएफएस फैक्ट्री के समीप अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**मैथनः** रेलवे अप लाइन पोल संख्या 232/29 एवं 233/1 के बीच अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है. सूचना मिलते ही कुमारधुबी जीआरपी एवं कुमारधुबी पुलिस मौके पर पहुंच शव को जब्त कर जांच में जुटी गई है.शव को देख कर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मृतक दिहाड़ी मजदूर है.कहीं से काम कर लौट रहा था. रेलवे लाईन पार करने के क्रम में ट्रेन से धक्का लगने से उसकी मौत हो गई है. पुलिस उसके परिजनों की तलाश में जुट गई है. मृतक का चेहरा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है तथा उसके दाहिना पैर कटकर अलग है.

### चोरी करते युवक पकड़ाया

**निरसा।** निरसा चौक स्थित एक सब्जी दुकान के गल्ले से शुक्रवार को चोरी करते एक युवक को लोगों ने रंगेहाथ पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया. इस संबंध में सब्जी दुकानदार कृष्णा कुमार खटीक ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है. पकड़े गए युवक ने अपना नाम मोहम्मद सफीक और पूर्वी टुंडी का रहने वाला बताया है. पुलिस उसके बारे में पता कर रही है.

### मारवाड़ी सम्मेलन की पूर्व उपाध्यक्ष पदमा का निधन

**गोविंदपुर :** मारवाड़ी महिला सम्मेलन की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं गोविंदपुर शाखा की पूर्व अध्यक्ष पदमा बबना का निधन शुक्रवार को उनके गोविंदपुर बाजार स्थित आवास में हो गया. वह करीब 72 वर्ष की थी. वह पेट्रोलियम व्यवसायी आनंद कुमार बूबना की धर्मपत्नी थी. वह दो पुत्रों नीरज बूबना एवं नितेश बूबना समेत भरपूरा परिवार छोड़ गई है.उनके निधन की खबर सुनकर मारवाड़ी महिला सम्मेलन, मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी युवा मंच एवं पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के सदस्य उनके आवास पहुंचे और संवेदना जताई.

### दहीबाड़ी परियोजना में ट्रांसपोर्टिंग ठप

**पंचेत ।** विस्थापित ग्रामीण मोर्चा सह असंगठित मजदूर यूनियन के बैनर तले ग्रामीणों ने पांच सूत्री मांगों को लेकर शुक्रवार को बीसीसीएल एरिया-12 दहीबाड़ी परियोजना का ट्रांसपोर्टिंग अनिश्चितकालीन ठप कर दिया. विस्थापित नेताओं ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या को लेकर प्रबंधन को 20 अगस्त को पत्र लिखा गया था लेकिन अब तक प्रबंधन कोई जवाब नहीं दिया और ना ही कोई सकारात्मक पहल की.

# विदेश में नौकरी के नाम पर एक करोड़ की ठगी

**खास बातें**

- 25 से अधिक युवकों ने कुमारधुबी ओपी में की शिकायत
- झारखंड, बिहार व बंगाल के युवकों से हुई है ठगी

संवाददाता | मैथन

कुमारधुबी क्षेत्र के मैथन मोड़ में ऑफिस खोलकर विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर एक करोड़ की ठगी का मामला शुक्रवार को सामने आया है. रॉयल ट्रेवल एजेंसी के नाम से ऑफिस खोलकर गोरखपुर (यूपी) के रसूलपुर का रहने वाला ठग अबुलेस अंसारी एवं उसका एक साथी ने अंजाम दिया है, अब ऑफिस में ताला जड़कर फरार हो गया है. दोनों का मोबाइल भी स्वीच ऑफ है. झारखण्ड, बिहार एवं पश्चिम बंगाल के पचास से अधिक युवक ठगी का शिकार हुए हैं. दिल्ली से मुंबई जाने के लिये पासपोर्ट के साथ दिल्ली एयरपोर्ट गये कुछ युवकों को ठगी की जानकारी हुई. शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत मुखिया पति मो. मुस्तकीम के साथ गये ठगी के शिकार 25 से अधिक युवकों ने शुक्रवार को कुमारधुबी ओपी जाकर इसकी शिकायत की. पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है.



### मकान मालिक, उसकी पत्नी व बेटे के साथ मारपीट

मकान मालिक फ़ैज़ अहमद उसकी पत्नी व बेटे के साथ भुक्तभोगी युवकों ने शुक्रवार के सुबह मारपीट की. युवकों का आरोप है कि फैज़ का छोटा बेटा भी ठगी में शामिल है. आरोप है कि ठगों ने फैज के बेटे का बैंक एकाउंट का इस्तेमाल किया है हालांकि फैज खुद को निर्दोष बता रहे हैं. कहा कि इम्तियाज के कहने पर ठगों को किराये पर मकान दिया. ठगी में वो और उसका बेटा शामिल नहीं है.

### ऐसे बने ठगी के शिकार

गोरखपुर (यूपी) रसूलपुर निवासी ठग अबुलेस अंसारी एक व्यक्ति के साथ दो माह पूर्व कुमारधुबी आया था. उसने शिवलीबाड़ी निवासी इम्तियाज नामक युवक से संपर्क किया. इम्तियाज के जरिये उसने शिवलीबाड़ी अंसार मुहल्ला में फ़ैज़ अहमद का घर किराये पर लिया. दो लेपटॉप के जरिये ठगी का जाल बिछाया. मैथन मोड़ में किराये पर रॉयल ट्रेवल एजेंसी के नाम से ऑफिस खोल ली. पासपोर्ट बनाने और विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवकों से पद के अनुसार पचास हजार, एक लाख, डेढ़ लाख, दो लाख रूपये लिये. विश्वास जमाने के लिए युवकों को मनी रसीद भी दी. नौकरी की लालच में झारखण्ड, बंगाल व बिहार के पचास से अधिक युवक झांसे में आ गये. दिल्ली से मुंबई जाने के लिये दिल्ली पहुंचे युवकों ने यह खुलासा किया कि उनके साथ ठगी हुई है.

### तीज पर्व के दिन भी पेयजलापूर्ति नहीं

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय में स्थित शहरी जलापूर्ति के पानी टंकी का वाल्व लगातार दूसरी बार स्लिप कर जाने के कारण चार वार्डों के करीब दस हजार नागरिकों को शुक्रवार को तीज पर्व के दिन भी पानी नहीं मिला. इस कारण तीज पर्व कर रही महिलाओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ी.नागरिकों ने कहा कि इसके पूर्व भी वाल्व स्लिप कर जाने के कारण लोग चार दिन परेशान रहे थे. बुधवार को नगर परिषद में हंगामा किए जाने के बाद विभाग के पदाधिकारी द्वारा वाल्व को बनवाया गया तो गुरूवार को लोगों को किसी तरह पानी मिल सका. फिर शुक्रवार की सुबह अचानक फिर वाल्व स्लिप कर जाने के कारन पर्व के दिन लोग परेशान रहे. लोगों ने बताया कि वार्ड संख्या 18,19,20 व 21 के करीब 10 हजार नागरिकों को शहरी जलापूर्ति का पानी आज नहीं मिला. नागरिकों ने कहा कि स्लिप हुए वाल्व को विभाग के पदाधिकारी द्वारा सही रूप से ठीक नहीं कराया जा रहा है. इस कारण क्षेत्र के नागरिकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है. नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार हांसदा व सहायक अभियंता अंकित परासर ने कहा कि नगर परिषद कार्यालय में जो जल मीनार है. उसका वाल्व दोबारा स्लिप हो गया है.

# 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक दबोचा गया

संवाददाता | मैथन



कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के शिवलीबाड़ी रहमत नगर निवासी मो. दानिश को नशीला पदार्थ के अवैध कारोबार के आरोप में कुमारधुबी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. गुरूवार देर शाम मैथन मोड़ स्थित एक कैफे से उसकी गिरफ्तारी हुई है. उसके पास से दस दस ग्राम का तीन पुड़िया ब्राउन शुगर भी बरामद किया गया है हालांकि पुलिस ने ब्राउन शुगर की पुड़िया जब्ती से इंकार किया है. बता दें कि रांची की विशेष शाखा ने पत्र भेजकर धनबाद एसएसपी एवं डीसी से कार्रवाई की बात कही थी. पत्र में मो. दानिश एवं उसका साथी शाहरूख उर्फ धन्नू का नाम इस अवैध कारोबार में संलिप्तता बताया गया था. तब से कुमारधुबी पुलिस दानिश व धन्नू को पकड़ने में जुटी थी. पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दानिश मैथन मोड़ के एक कैफे में है. ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने दानिश को दबोच लिया.

#### कहां से आता था ब्राउन शुगर

बताया जाता है कि दानिश और धन्नू नूर मोहम्मद नामक युवक से ब्राउन शुगर मंगाता था। पुलिस नूर मोहम्मद की भी तलाश कर रही है, ताकि इस अवैध कारोबार के पूरे रैकेट का पर्दाफाश किया जा सके। नूर मोहम्मद पाकुड़ से ब्राउन सुगर मंगाता था। मो. दानिश और धन्नू पहले शंकर टाकिज के पास नशेड़ियों को ब्राउन शुगर बेचता था। एक काठी ब्राउन शुगर की कीमत सात सौ रूपये लेता था। इसके बाद चिरकुण्डा थाना के सामने जीटी रोड किनारे चाय गुमटी के पास ब्राउन शुगर बेचता था। जिसकी भनक चिरकुण्डा पुलिस को लगी। पुलिस ने दानिश को पकड़ने की कोशिश भी की थी। लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इसके बाद शिवलीबाड़ी रहमत नगर के पीछे पहाड़ियों में बुलाकर युवकों को ब्राउन शुगर बेचा करता था। यहां भी पुलिस ने कई बार दबिश दी। लेकिन सफलता नहीं मिली। ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि मो. दानिश से पूछताछ की जा रही है। बहुत जल्द पूरे रैकेट का पर्दाफाश कर दिया जायेगा। इस रैकेट में शामिल अन्य युवकों की तलाश की जा रही है।

## शहरी क्षेत्रों में खुलेंगे दस और अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर




संवाददाता | धनबाद

धनबाद के शहरी क्षेत्रों में 10 अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने की तैयारी शुरू कर दी गई है. धनबाद शहर में अब तक पहले से 30 आयुष्मान आरोग्य सेंटर चल रही हैं. इसके साथ ही 14 प्रकार की पैथोलॉजी जांच निशुल्क दी जाएगी. इसके अलावा यहां आने वाले मरीजों को 102 प्रकार की दवा निशुल्क दी जाएगी. आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 14 प्रकार के फ्री टेस्ट किए जाने हैं. इसमें गर्भावस्था जांच, मूत्र की जांच, मधुमेह, मलेरिया, एचआईवी, डेंगू, विजुअल इंस्पेक्शन, नमक में आयोडीन जांच, पानी में मल प्रदूषण एवं क्लोरिनेशन की जांच, हेपेटाइटिस बी की जांच, फाइलेरिया, बलगम आदि जांच के साथ ही 102 प्रकार की दवाएं भी निशुल्क उपलब्ध करायी जानी है. इसके अलावा यहां निशुल्क नियमित योग क्लास शुरू किए गए हैं. आयुष्मान आरोग्य मंदिर में एक एमबीबीएस डॉक्टर और एक नर्स की तैनाती की जाएगी. सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक ओपीडी सेवा दी जाएगी. बता दें कि धनबाद जिले में 170 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू की गई. इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में 140, जबकि शहरी क्षेत्रों में 30 केंद्र संचालित हैं.

### नियोजनालय परिसर में रोजगार मेला 11 को

**धनबाद ।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत राज्य के बेरोजगार युवक- युवतियों के लिए रोजगार का एक नया अवसर प्रदान करने के उदेश्य से धनबाद जिला में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2024 का आयोजन 1669 पदों के लिए किया जा रहा है. वैसे इच्छुक सभी अभ्यर्थी जो इस भर्ती में शामिल होना चाहते हैं, वे इस रोजगार मेला में महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों के साथ शामिल हो सकते हैं. दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 11 सितंबर को अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर बरटांड़ धनबाद में सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक रहेगी.अभ्यर्थियों को बायोडाटा की दो प्रति में लेकर आनी है. रोजगार मेला में 09 हजार महीना से लेकर 52 हजार तक की नौकरी मिलेगी. जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में भाग लेने के लिए इच्छुक आवेदक का झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंधन होना आवश्यक है. आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक,आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज का फोटो, नियोजनालय का निबंध कार्ड, अपना बायोडाटा एवं स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ रोजगार मेला में भाग ले सकते है.

## ओम बेसको रेल कारखाना प्रबंधन के खिलाफ निकाला मशाल जुलूस




संवाददाता | निरसा

गोपीनाथपुर स्थित ओम बेसको रेल कारखाना में विस्थापितों को मुआवजा, ग्रामीणों को नियोजन तथा रेल कारखाना प्रबंधन द्वारा तालाब भराई के विरोध में भारतीय जनता पार्टी एवं यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के बैनर तले मनु तिवारी के नेतृत्व में गोपीनाथपुर एवं वृंदावनपूर के ग्रामीणों ने शिव डांगल, शिव मंदिर से एक मशाल जुलूस निकला गया. जो ओम बेसको रेल कारखाना के मुख्य द्वार पर जाकर समाप्त हुआ. उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मन्नु तिवारी ने कहा कि ओम बेसको रेल कारखाना प्रबंधन मनमानी कर रहा है, दलाल नेता के ईशारे पर काम कर रहा है. कारखाना के विस्थापितों को अभी तक उनका मुआवजा नहीं दिया गया, स्थानीय ग्रामीणों को नियोजन नहीं मिला. उल्टे प्रबंधन ने ग्रामीणों के तालाब की भराई कर दी. उन्होंने धनबाद सांसद ढूल्लू महतो के नेतृत्व में कारखाना प्रबंधन के विरोध में जोरदार आंदोलन करने की बात कही. उन्होंने कहा कि विस्थापितों व ग्रामीणों की हक और अधिकार लेकर ही दम लेंगे1 मौके पर बंपी चक्रवर्ती, मधुरेंद्र गोस्वामी, मुखिया रामदेव पासवान, मनोजीत बाउरी, प्रदीप बाउरी, विनोद यादव, दीनू पांडे, चंदन नदी,उत्पल बाउरी, मुकेश सिंह,योगेंद्र यादव,राजेश बाउरी,वीरेंद्र कुमार, उज्जवल गोराई, शफीउल काजी, बसंत बाउरी, फोटीक दास, सुरेंद्र मुंडा, समीर बाउरी, बबन बाउरी, कन्हैया यादव, रॉबिन बाउरी, रवि बाउरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

### स्टोन चिप्स लदे 2 हाइवा जब्त

धनबाद । उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने शुक्रवार को खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक, बसंत उरांव, विजय करमाली एवं पुलिस सशस्त्र बल के साथ खनिजों के अवैध खनन व परिवहन के विरूद्ध जांच अभियान चलाया. खान निरीक्षक ने बताया कि जांच के क्रम में गोविन्दपुर थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे-19 के पास हाइवा संख्या जेएच 10 सीएच-0115 द्वारा परिवहन चालान में अंकित मात्रा से अधिक मात्रा का पत्थर परिवहन करते पाया गया. उपरोक्त वाहन के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए गोविन्दपुर थाना को सुपुर्द किया गया. वहीं अभियान के दूसरे चरण में सोनारडीह ओपी अंतर्गत हाइवा संख्या जेएच 10 सीएच 2921 को बिना पत्थर चालान के पत्थर चिप्स का परिवहन करते पकड़ा गया. उक्त वाहन मालिक, वाहन चालक, वाहन पर लदे पत्थर चिप्स एवं इस काम में संलिप्त अन्य सभी लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत सोनारडीह ओपी में प्राथमिकी दर्ज की गई है.

### सड़क सुरक्षा : डीटीओ ने स्कूल प्रबंधन को वाहन चालकों के ड्रेस कोड का पालन करने का दिया निर्देश

# धनबाद पब्लिक स्कूल में वाहनों की जांच, 8250 रुपए जुर्माना

संवाददाता | धनबाद

उपायुक्त सह अध्यक्ष सड़क सुरक्षा समिति धनबाद माधवी मिश्रा द्वारा धनबाद के सभी स्कूलों में चल रहे वाहनों के पेपर तथा वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस जांच करने के संबंध में दिए गए निर्देश पर डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी तथा मोटरयान निरीक्षक अभय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से शुक्रवार को धनबाद पब्लिक स्कूल में सभी वाहनों की जांच की गई. जांच के दौरान कुछ वाहनों में त्रुटी पाई गई. जिनसे लगभग 8250 की जुर्माना राशि वसूली गई.

डीटीओ द्वारा स्कूल प्रबंधन को वाहन चालकों एवं उपचालकों के ड्रेस कोड का पालन और वाहनों में सुरक्षा संबंधी सभी मानकों को पूरा करने के लिए निर्देश दिया गया. साथ ही उन्होंने कहा कि आगे भी स्कूलों में वाहनों के विरुद्ध यह जांच अभियान चलता रहेगा. सुरक्षा मानकों पर खरा न उतरने पर तथा बच्चों की सेफ्टी को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही बरतने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी.

इस अवसर पर मोटरयान निरीक्षक अभय कुमार द्वारा भी चालकों को यातायात के नियमों का पालन करने और सभी दिशानिर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया गया. उन्होंने धनबाद पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल को सड़क सुरक्षा संबंधित बुकलेट शिक्षकों एवं बच्चों के बीच बांटने के लिए दिए. मौके पर शुभम कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, आईटी असिस्टेंट देवेंद्र कुमार, मुकुल कुमार मौजूद रहे.



### ऑटो-टॉटो ड्राइवरों के बीच चला जागरुकता अभियान

- ट्राफिक नियमों का उल्लंघन करने पर काटा 65 हजार रुपए का चालान

धनबाद। डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी व मोटरयान निरीक्षक अभय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से पूजा टॉकिज के पास ऑटो तथा टोटो ड्राइवर्स के बीच सड़क सुरक्षा के तहत जांच व जागरूकता अभियान चलाया गया. इस अवसर पर ऑटो तथा टोटो ड्राइवर्स को ड्रेस कोड का पालन करने को भी कहा गया. टोटो चालकों का ड्रेस कोड नीला एवं ऑटो चालकों का ड्रेस कोड खाकी है. साथ ही बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के चालकों व यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले चालकों से 65000 रुपए का चालान काटा गया. मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, एमवीआइ शुभम कुमार, हरीश कुमार तथा परिवहन कार्यालय के कर्मी मौजूद रहे.








राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | धनबाद, शनिवार 07 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 04 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 150 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### नीरज सिंह हत्याकांड में अभियोजन को बहस का आदेश

**धनबाद:** चर्चित नीरज सिंह हत्याकांड की सुनवाई शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में हुई. इस दौरान आरोपी पिंटू सिंह हाजिर थे जबकि अन्य आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश किया गया था. सुनवाई के दौरान पंकज सिंह की याचिका पर बहस हुई. अदालत ने सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित को बहस करने का आदेश दिया है.

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार

**धनबाद :** नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी चिरकुंडा निवासी कंचन बाऊरी को दोषी करार दिया है. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 7 सितंबर की तारीख निर्धारित की है. प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर चिरकुंडा थाने में 12 नवंबर 23 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 7 नवंबर 23 को पीड़िता अपने घर से कॉलेज जाने की बात कह कर निकली परंतु वापस नहीं आई, खोजबीन पर पता चला कि कंचन बाऊरी उसे बहला फुसला कर ले गया है.

### गांडेय में शामिल होंगे जिले के 10 हजार लाभुक

**धनबाद।** उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा के जिला स्तरीय प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर बैठक की गई. उप विकास आयुक्त ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम 9 सितंबर को गिरिडीह जिला के गांडेय में प्रस्तावित है. जिसमें धनबाद जिला के लगभग 10000 लाभुक भी शामिल होंगे. जिसको लेकर उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र के लाभुकों को बस के माध्यम से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने एवं वापस उनके क्षेत्र में छोड़ने समेत विभिन्न बिंदुओं से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

### सड़क दुघर्टना में मतारी के युवक की मौत

**कतरास।** शुक्रवार की शाम कतरास थाना क्षेत्र के श्यामडीह रिलायबल शोरूम के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई. मृतक तोपचांची मतारी का विपिन ठाकुर बताया जाता है. बताया जाता है कि बाइक सवार युवक कतरास से मतारी अपना घर जा रहा था जैसे ही वह श्यामडीह रिलायबल शोरूम के पास पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आ रही वाहन से उसे चपेट में ले लिया. जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा. राहगीरों की मदद से युवक को आनन फानन में निचितपुर अस्पताल ले गए. जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

**कौशल : मोरहाबादी मैदान में तीन दिवसीय सशक्त सेना समृद्ध भारत महोत्सव का शुभारंभ**

# भारतीय सेना का शौर्य, पराक्रम व अनुशासन अद्वितीय : राज्यपाल

संवाददाता। रांची

सेना के पूर्वी कमान ने रांची के मोरहाबादी मैदान में तीन दिवसीय सशक्त सेना समृद्ध भारत महोत्सव का आयोजन किया है. यहां अत्याधुनिक सैन्य हथियारों व उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगी है. झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ की उपस्थिति में महोत्सव का उद्घाटन किया. महोत्सव को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने राष्ट्र की निःस्वार्थ सेवा और समर्पण के लिए सशस्त्र बलों की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का शौर्य, पराक्रम और अनुशासन अद्वितीय है. यह प्रदर्शनी न केवल हमारी सेना के अद्वितीय कौशल का प्रदर्शन है, बल्कि युवाओं के लिए अनुशासन और प्रेरणा का भी महत्वपूर्ण स्रोत है.

**अत्याधुनिक सैन्य हथियारों व उपकरणों की लगी है प्रदर्शनी**





### युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत

राज्यपाल ने सेना के जवानों, अधिकारियों और उनके परिजनों के त्याग और समर्पण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका अनुकरणीय योगदान देश को सशक्त और सुरक्षित बनाए रखता है. उन्होंने प्रदर्शनी को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी सेना में सेवा करने की भावना जागृत करेगी और देशभक्ति व अनुशासन की भावना को और मजबूत करेगी. कार्यक्रम के दौरान सेना द्वारा प्रदर्शित साहसिक गतिविधियों और मोटरसाइकिल डेयर डेविल्स शो ने दर्शकों का मन मोह लिया.

### हथियार के मामले में आत्मनिर्भर है देश

राज्यपाल ने कहा कि प्रदर्शनी में भारतीय सेना के तीनों विंग- थल सेना, वायु सेना और नौसेना की सहभागिता सराहनीय है. कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को नवीनतम सैन्य उपकरण, हथियार और भारतीय सेना की बढ़ती ताकत को करीब से जानने का अवसर मिलेगा. यह 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत रक्षा क्षेत्र में हो रही देश की प्रगति का भी प्रतीक है. कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आज हथियार के मामले में आत्मनिर्भर है.

### सैनिकों, उनके परिजनों का आभार जताया

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने सैनिकों और उनके परिवार द्वारा दिये गये बलिदान के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति आभार व्यक्त किया. मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी (जीओसी इन सी, ईस्टर्न कमांड), लेफ्टिनेंट जनरल राजीव पुरी (जीओसी, ब्रह्मास्त्र कोर), मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर समेत सेना के कई वरीय पदाधिकारी व सैन्य कर्मी व उनके परिवार के सदस्य, गणमान्य अतिथि एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे.

# बरोरा में डंके की चोट पर शंकर चला रहा अवैध कोयला साम्राज्य

संवाददाता। कतरास

बरोरा थाना इलाके के मांद्रा में शासन प्रशासन को चुनौती देकर चर्चित कोयला तस्कर शंकर ने अवैध कोयला कारोबार का काला साम्राज्य स्थापित कर रखा है. शंकर ने बकाया मांद्रा के पंचायत सचिवालय के ठीक पीछे अवैध कोयला डीपो भी खोल रखा है. आसपास के कोलियरी परियोजनाओं से शंकर अपने मजदूरों के माध्यम से उक्त स्थान पर कोयले को यहां एकत्रित करवाता है और प्रतिदिन रात के अंधेरे में आधा दर्जन से अधिक ट्रकों में कोयला लोड करवा कर ठिकाना लगवा रहा है. इस इलाके में कानून नहीं बल्कि शंकर जैसे कोयला चोर की हुकूमत चलती है. इसलिए कि शंकर के अवैध कारोबार की डीपू संचालित होने की खबरें अखबारों व सोशल मीडिया के माध्यम से सुर्खियों में रहता है आई वास के लिए पुलिस प्रशासन सीआईएफ छापामारी करती है लेकिन छापामारी के चंद घंटे के बाद ही शंकर का कोयल का अवैध डीपो पुनः शुरू हो जाता है. ऐसा नहीं है कि स्थानीय प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं रहती है. शंकर की कमाई और पहुंच के कारण पुलिस उसके डिपो पर आंख उठाकर नजर उठाने की हिम्मत नहीं उठा पाती है. शंकर वर्दीधारियों की कुर्सी हिलने की क्षमता रखता है. इतना ही नहीं बल्कि उसकी गोरख धंधे का विरोध करने वाले लोगों के साथ भी वह मारपीट, धमकी-चमकी देने से भी पीछे नहीं हटता है. मारपीट व धमकी चमकी से जब बात नहीं बनती है तो कुख्यात कोयला चोर अपने असली रूप में आकर दहशत फैलाने की नीयत से गोलीबारी तक करवा देता है. स्थानीय लोग शंकर के दबंगता से उसके विरोध करना तो दूर की बात है शंकर के बारे में बोलने की साहस भी नहीं जुटा पाते हैं.



**खास बातें**

- पुलिस-प्रशासन ने मूंद रखी हैं आंखें
- प्रतिदिन आधा दर्जन ट्रकों से टपाया जा रहा है कोयला



### तोपचांची के भट्ठे में गिरता है कोयला

शंकर और उसका साथी दिलीप जो भूली का रहने वाला है. इस कारोबार को पूरे सिस्टम के साथ कर रहा है. मांद्रा बस्ती के सचिवालय के पीछे यहां बाजाब्ता इलेक्ट्रानिक कांटा मशीन लगाया गया है. इस मशीन के उपर कोयला लदा साइकिल व बाइक समेत वजन किया जाता है. कोयला पहुंचाने का खेल को दिनके उजाले में भी होता है, जबकि रात होते ही जेसीबी लगाकर उक्त कोयले को ट्रकों में लोड किया जाता है. यह जेसीबी महुदा के राजू महतो का है. ट्रकों को लोड करने के बाद एक लग्जरी कार ट्रकों के आगे-आगे दौड़ती है, इसके पीछे ट्रक चलते हैं और तोपचांची के एक भट्ठे में कोयला गिरा देते हैं. बाइक व साइकिल वालों को एक पर्चा दिया जाता है. इस पर्चा को देखने के बाद शंकर का सबसे खास चेला पर्चा के मुताबिक नगद भुगतान करता है.

### कोयला के साथ लोहा भी चुराता है गिरोह

इस गिरोह के शातिर न सिर्फ कोयला बल्कि लोहे चुराने का भी काम कर रहे हैं. बीसीसीएल की कोलियरियों से भारी मात्रा में लौह सामग्री चुराकर इसी इलाके में जमा करते हैं, फिर से विभिन्न ठिकानों में भेज देते हैं. लोहा चोरी करने और जमा करने के लिए भी मांद्रा बस्ती पहाड़ी के पीछे गोदाम बनाकर रखा गया है. कोयला के साथ-साथ लोहा तस्करी कर यह गिरोह मोटी कमाई कर रहा है. इस कमाई का कुछ हिस्सा कार्रवाई करने वालों की भी जेब गर्म कर रहा है, इसी कारण इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है.

### शंकर के खिलाफ दर्ज है कोयला चोरी व गोलीबारी का मुकदमा

पूर्व में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर के निर्देश पर कुख्यात अवैध कोयला कारोबारी शंकर पर बरोरा पुलिस ने कोयला चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज की है. पुलिस ने बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय सुरक्षा निरीक्षक के रूप में पदास्थापित लालमोहन रजवार की शिकायत पर शंकर के अलावे अपर मांद्रा के अज्ञात लोगों पर कोयले की अवैध तस्करी की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा किया था. मांद्रा में संचालित अवैध कोयला डीपो का संचालन शंकर के इशारे पर कोयला तस्करों ने बीते वर्ष 18 फरवरी डेको आउटसोर्सिंग से जबरन कोयला लदा वाहन को अवैध कोयला डिपो में लाने का प्रयास किया था. कर्मियों के विरोध करने पर तस्करों ने मारपीट की थी. इसके साथ शंकर के डीपो के काली कमाई की हिस्सेदारी को लेकर दो पक्षों में गोली बम चले थे. इस घटना में कई लोग घायल हुए थे. शंकर के खिलाफ पुलिस से शिकायत की गई थी. बावजूद शंकर के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो रही. शंकर द्वारा अवैध कोयला डिपो की शिकायत एडीएम लॉ आर्डर से की गई थी, इसके बाद 22 फरवरी 2023 को एडीएम लॉ ऑर्डर मुमताज अली अहमद के निर्देश पर एसडीएम प्रेम कुमार तिवारी एवं सीओ कमल किशोर सिंह ने उक्त स्थान पर छापामारी कर 55 टन अवैध कोयला जब्त किया था .शंकर पर मुकदमा दर्ज हुआ था.

### नहीं होती है गिरोह के खिलाफ कार्रवाई

इस गिरोह के खिलाफ सीआईएसएफ को पूरी सूचनाएं देने के दावे किए जा रहे है. बताया जा रहा है कि गिरोह की हर करतूत को मोबाइल से रिकार्ड कर सुरक्षा एजेंसी को भेजा गया था. यहां तक कि कोयला लोड होने के समय ही सूचना दी गई थी, बावजूद इसके इस तस्करी और यहां के शातिरों के खिलाफ कोई संज्ञान नहीं लिया गया.

# वकीलों के पांच लाख तक के इलाज का खर्च उठाएगी सरकार

**खास बातें**

- नए वकीलों को हर महीने मिलेंगे पांच हजार रुपये
- सीएम ने महाधिवक्ता के साथ विमर्श कर निर्णय लिया

संवाददाता। रांची

झारखंड के वकीलों को राज्य सरकार बड़ी आर्थिक सहायता देगी. वकीलों के कल्याण के लिए राज्य सरकार ने यह तय किया है कि राज्य के सभी वकीलों और उनके पारिवारिक सदस्यों का पांच लाख रुपये तक का इलाज का खर्च सरकार उठाएगी. साथ ही नए वकीलों को मिलने वाली सहयोग राशि को बढ़ा कर पांच हजार रुपये प्रति महीने किया जाएगा.

मुख्यमंत्री ने राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन से विचार-विमर्श करने के बाद यह निर्णय लिया है. इस निर्णय का फायदा राज्य के 30 हजार से ज्यादा वकीलों को मिलेगा. उल्लेखनीय है कि गत 12 जुलाई को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर सारंगी और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने कहा था कि कई वकील अपना भरण-पोषण ठीक ढ़ंग से नहीं कर पाते. चिकित्सा बीमा के संबंध में निर्णय लेना सरकार का काम है. खंडपीठ ने कहा था कि ऐसा प्रतीत होता है कि वकील समुदाय न्याय प्रदान करने में अपने कर्तव्य का निर्वहन करके लोगों की मदद कर रहा है, लेकिन उन्हें न तो राज्य और न ही संघ द्वारा न्याय दिया जा रहा है.



वकीलों ने हेमंत सरकार के निर्णय का स्वागत किया. राज्य के वकीलों एवं उनके परिवार के इलाज पांच लाख तक की राशि स्वीकृत किए जाने और नये वकीलों को पांच हजार रुपये प्रति माह वजीफा देने के सरकार के निर्णय का वकीलों ने स्वागत किया है. वकील धीरज कुमार ने कहा कि यह निर्णय हेमंत सरकार का सराहनीय कदम है. उन्होंने राज्य के समस्त वकीलों की तरफ से मुख्यमंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त किया.

# दो वर्ष बाद कतरास कॉलेज में इंटर का नामांकन शुरू

संवाददाता। कतरास

शुक्रवार की देर शाम कतरास कॉलेज में इंटर की पढाई के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी. ज्ञात हो कि दो वर्षों पूर्व कतरास कॉलेज में इंटर की पढाई पूर्ण रूप से बंद कर दी गयी थी. यह निर्णय निवर्तमान कुलपति डॉ सुखदेव भोई के कार्यकाल में लिया गया था जिस वजह से कतरास कॉलेज सहित धनबाद व बोकारो के सभी महाविद्यालयों में इंटर की पढाई बंद हो गयी. एबीवीपी ने कुलपति के इस निर्णय का कॉलेज से लेकर राजभवन तक विरोध किया था.अखिल भारतीय विधार्थी परिषद ने इसके विरोध में कतरास कॉलेज में धरना प्रदर्शन व तालाबंदी भी की था जिसकी गूंज पूरे कोयलांचल में हुई थी. अभाविप अध्यक्ष स्वयं स्वर्ण ने इस संबंध में बताया कि उन्होंने इस निर्णय का विरोध करते हुए अनेकों बार कॉलेज व विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था परंतु उस समय निवर्तमान कुलपति डॉ सुखदेव भोई को भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित कर दिया गया था1 अभी कुछ दिनों पहले नये कुलपति की नियुक्ति हुई तो एबीवीपी के प्रतिनिधिमंडल ने नवीन कुलपति डॉ राम कुमार सिंह से इंटर की पढाई शुरू करवाने के संबंध में वार्ता की. जिसपर त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्होंने सिंडिकेट के अगले ही बैठक में सभी कॉलेजों में इंटर की पढाई करवाने की अनुमति दे दी.कतरास कॉलेज प्राचार्य डॉ बिरेन्द्र कुमार ने बताया कि 09 सितंबर 2024 से इंटर में नामांकन शुरू होगा जिसकी पूरी तैयारी कर ली गयी है.

**आस्था** | **गजराज की मौत के बाद शुरु हुई थी प्रभु गणेश की पूजा**

# डिगवाडीह सर्कस मैदान गणेश पूजा आज से शुरू

रनजीत कुमार सिंह । धनबाद

कभी यहां सर्कस लगा करता था, इसलिए इसका नाम ही सर्कस मैदान आज भी है, वर्ष 1987 में अजंता सर्कस का प्रदर्शन चल रहा था, इस दौरान एक हाथी की मौत हो गई. मौत के बाद गजराज को हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक अंतिम संस्कार कराया गया. इसी मैदान में गजराज को दफन किया गया था. इसके बाद मुकेश अग्रवाल नामक व्यक्ति को स्वप्न आया कि वह उक्त स्थल पर भगवान गणेश के मंदिर की स्थापना कराए. मुकेश अग्रवाल ने उक्त स्वप्न को लेकर स्थानीय प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक की, फिर डिगवाडीह मैदान में भगवान गणेश का मंदिर और पूजा करने पर चर्चा हुई. तब से आज तक इस मैदान में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना शुरू हुई और फिर यहां भव्य पूजा होने लगी. अब यह 15 दिवसीय आयोजन झारखंड के बड़े गणेश पूजा समारोह में शुमार होने लगा है.

1988 में भगवान गणेश की पूजा शुरू हुई शुरुआती दौर में पंडाल छोटा होता था.जैसे-जैसे भक्तों की संख्या में बढ़ोतरी हुई पूजा भव्य रूप लेता गया.

आज डिगवाडीह का गणेश पूजा झारखंड में बड़े आयोजनों में शुमार होता है. प्रत्येक वर्ष पंडाल का थीम अलग होता है. इस बार शिव लोक के थीम पर पंडाल है. इसके कारीगर जामताड़ा से आएं है. उन्होंने कहा कि उक्त स्थल पर भगवान गणेश का मंदिर भी जल्द बनकर तैयार हो जाएगा. क्योंकि उक्त स्थल पर साक्षात भगवान गणेश विराजमान हैं.



1. 1987 में अजंता सर्कस के गजराज की हुई थी मौत
2. इसी मैदान में किया गया था अंतिम संस्कार
3. 1988 में गणेश पूजा का पहला आयोजन
4. अब राज्य के बड़े आयोजनों में शुमार है 15 दिवसीय पूजा

### नाव रहेगी आकर्षण का केंद्र

पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष एमके ठाकुर और सह सचिव दिनेश यादव ने कहा कि डिगवाडीह सर्कस मैदान में गणेश पूजा 15 दिनों का होता है. सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस के साथ-साथ 100 से अधिक वोलेंटियर मौजूद रहते हैं .उन्होंने कहा इस बार के मेला में सबसे खास 100 लोगों से अधिक बैठाने वाला नौका और रेंजर होगा. समिति के सदस्यों ने धनबाद वासियों से शांति पूर्वक डिगवाडीह सर्कस मैदान में भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करने व मेला घूमने की अपील की है. श्री श्री गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष जगजीवन राम ,सचिव मोहन यादव,कोषाध्यक्ष उज्ज्वल मंडल ,अमृत मोदी ,अर्जुन राम ,गोगा पांडेय ,मंटू पांडेय ,मुन्ना दास ,वीर सिंह आदि सदस्य हैं.

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 10 को

## जिले के पांच स्थानों में पुलिस लगाएगी कैंप

संवाददाता। धनबाद

**व्हाट्सएप नंबर 9470589467, ईमेल jansikayat-dhanbad@jhpolice.gov.in पर भी कर सकते हैं शिकायत**

झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर 10 सितंबर को झारखंड के सभी 24 जिलों में पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. धनबाद में होने वाले कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए सिटी एसपी अजीत कुमार ने बताया कि जनता की समस्या का तत्परता से समाधान करने के लिए 10 सितंबर को धनबाद के पांच स्थान पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. उन्होंने बताया कि बाघमारा अनुमंडल के लिए राजस्थानी धर्मशाला कतरास, सिंदरी अनुमंडल के लिए टाटा ऑडिटोरियम जोड़ापोखर, निरसा अनुमंडल के लिए निरसा पॉलिटेक्निक, डीएसपी हेडक्वार्टर 1 एवं 2 के क्षेत्र की जनता के लिए अल इकरा कॉलेज टुंडी रोड गोविंदपुर तथा डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर से संबंधित धनबाद क्षेत्र के लिए अभय सुंदरी बालिका विद्यालय हीरापुर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. उन्होंने कहा कि शिकायतों के निवारण के लिए जिला स्तरीय विशेष सेल का गठन किया गया है. जिसके माध्यम से शिकायतों का निवारण विभिन्न चरणों में किया जाएगा. लोग अपनी शिकायत व्हाट्सएप नंबर 9470589467 तथा ईमेल आईडी jansikayat-dhanbad@jhpolice.gov.in पर भी सीधे कर सकते हैं.

वहीं कार्यक्रम में शिकायतकर्ता की शिकायतों का त्वरित निष्पादन करने के लिए पुलिस पदाधिकारी के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), पारा लिगल वॉलेंटियर ही उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम में नागरिकों की समस्या को समझते हुए पुलिस व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार करने का प्रयास किया जाएगा. उन्होंने कहा कि पुलिस पदाधिकारी या पुलिसकर्मी के विरुद्ध शिकायत मिलने पर शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा वरीय पदाधिकारी के माध्यम से उसका निवारण किया जाएगा. कार्यक्रम के दौरान लोगों को विक्टिम कंपनसेशन स्कीम, जीरो एफआईआर, ऑनलाइन एफआईआर, डायल 112, डायल 1930 इत्यादि की जानकारी दी जाएगी.

### ब्रीफ खबरें

## साइबर अपराध को लेकर जागरुकता कार्यक्रम

**धनबाद :** वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद के निर्देश पर कोयला नगर, सरायढेला, धनबाद स्थित सीआईएसएफ कैंपस में साइबर अपराध रोकथाम जागरूकता से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमें सीआईएसएफ के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित हुए. इस कार्यशाला में वर्तमान में घटित हो रहे विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध की विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही इस तरह के अपराध से बचने के लिए आवश्यक सावधानी बरतने का सुझाव दिया गया.

## 50 मीटर चोरी का तार बरामद, एक गया जेल

**गोमो ।** हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात चोरों द्वारा गोमो रेलवे परियोजना में हाई स्पीड ट्रेन संचालन के लिए बिछाई जा रहे इलेक्ट्रिक तार को अज्ञात चोरों द्वारा काटने की बात प्रकाश में आई थी. जिसमें तीन इलेक्ट्रिक टावर के बीच का करीब 1.85 किमी तार चोरी हुई थी. मामले को लेकर हरिहरपुर थाने में दर्ज किया गया था. इस मामले को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाघमारा के नेतृत्व में में एक टीम गठित हुई थी. इस टीम ने अनुसंधान करते हुए अंतर जिला गिरोह जिसमें करीब 05- 08 की संख्या में अपराधकर्मियों की संलिप्तता उजागर की.

## धनबाद फुटबॉल अकादमी 6-1 से जीती

**धनबाद ।** धनबाद के भितिया स्टेडियम में खेले गए मैच में धनबाद फुटबॉल अकादमी ने 6-1 रियल एफसी को पराजित किया. धनबाद फुटबॉल अकादमी के फिरोज अंसारी ने चार गोल, समीर कुमार कोरा व मनजीत बाउरी एक-एक गोल किया. रियल एफसी की ओर के सरजाम टुडू ने एकमात्र गोल किया.निर्णायक की भूमिका धणपति पांडे, जेवियर टुडू, दिलीप महतो, प्रकाश महतो ने निभाई. एक अन्य मुकाबले में सिजुआ स्टेडियम में टाटा फीडर सेंटर ने 13-1 नेहरू क्लब को पराजित किया. टाटा फीडर के इरफान अंसारी तीन गोल, रोहित कुमार महतो तीन गोल सतुल अंसारी, दीपक कुमार ने एक-एक गोल किया.

# शासन में कॉरपोरेट तौर तरीका, कैसे मिले इंसाफ

## नागदा खान दुर्घटना की 18 वीं बरसी पर बोले नेता

**खास बातें**

- शहीद श्रमिकों को दी गई श्रद्धांजलि, परिजनों की आंखों में पानी





संवाददाता। महुदा

महुदा । नागदा खान दुर्घटना की 18वीं बरसी पर शुक्रवार को नागदा कोलियरी कार्यालय परिसर स्थित शहीद स्मारक स्थल पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर हादसे में बलिदान हुए 50 श्रमिकों को श्रद्धांजलि दी गई. श्रद्धांजलि देने वालों में बीसीसीएल के महाप्रबंधक अरिंदम मुस्ताफी और महाप्रबंधक दीपक कुमार, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक आशीष कुमार मिश्रा, प्रबंधक विभूति कुमार मिश्रा, सहायक प्रबंधक सिद्धार्थ कुमार झा एवं यूनियन की ओर से बीसीकेयू के केंद्रीय उपाध्यक्ष हलधर महतो, केन्द्रिय सचिव मानस चटर्जी, पी एन तिवारी, सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो, भाजपा जिला महामंत्री धनेश्वर महतो, जमसं के सुधीर कुमार सिंह, अरूण कुमार सिंह, ए के झा, विद्या प्रकाश पाण्डेय एवं श्रमिकों के परिजन शामिल थे.नागदा खान दुर्घटना के संबंध में पूछे जाने पर महाप्रबंधक अरिंदम मुस्तफा ने कहा कि खदान में जो सुरक्षा तंत्र अभी मजबूत हुआ है. अगर 18 साल पहले यह सुरक्षा तंत्र मजबूत होता तो ऐसी दुखद घटना नहीं घटती. आज 18 साल में सुरक्षा के क्षेत्र में काफी काम हुआ है. माइनिंग स्तर पर सारे जगह पर अब सुरक्षा बढ़ाई गई है. इस संबंध में मासस के केंद्रीय महामंत्री हलधर महतो ने कहा कि जो खान दुर्घटना हुई थी, उस पर आज तक पर्दा डाला हुआ है. उस समय के तत्कालीन अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए, परंतु ऊपर के अधिकारियों पर कोई कार्यवाही नहीं होती है. वहां शासन तंत्र में कॉरपोरेट घराने के लोग बैठे हुए हैं. इस कारण फैसला नहीं होता है. हम लोग मजदूरों के आवाज को उठाते हैं और उसे न्याय दिलाने के प्रयास करते हैं. उन्होंने बीसीसीएल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि प्रबंधन की ढुलमुल नीति के कारण हमेशा से गुलजार रहने वाला ये क्षेत्र आज वीरान हो गया है. स्मरण रहे कि 6 सितम्बर 2006 को संध्या समय नागदा खदान की 17 नम्बर इंक्लाइन में हुए एक गैसीय विस्फोट में 50 श्रमिक काल के गाल में समा गये थे. जबकि चार श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गये थे जो ईलाज के बाद ठीक हो गये थे. घटना के बाद बीसीसीएल प्रबंधन ने शहीद श्रमिकों की याद में कोलियरी कार्यालय परिसर में शहीद स्मारक का निर्माण करवाया था.इस शहीद स्मारक पर प्रत्येक वर्ष शहीद श्रमिकों को श्रद्धांजलि देने बीसीसीएल के उच्च अधिकारी, शहीद श्रमिको के स्वजन एवं श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि पहुंचते हैं. मौके पर पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, भक्तु प्रसाद महतो, मनोहर तिवारी, अदालत देशवाली, अशोक दशौन्धी, बदरूदीन अन्सारी मुखिया, आदर कुमार मिश्रा, दुर्गा ठाकुर, मुन्ना खान, देवेन ग्याली, मथुर राय, राजिव रंजन सिंह, शिवाकर महतो, रियाज अन्सारी, नागेन्द्र राय,सी डी सिंह, जी पी सिंह, भाजपा महुदा मण्डल अध्यक्ष कार्तिक महतो, पूर्व पंसस हराधन ग्याली, मुकुन्द महतो, आदि मौजूद थे.

## भैंस को लेकर दो परिवार भिड़े, चार जख्मी

**धनसारः** अनुग्रह नगर धनसार में शुक्रवार को दो परिवार के बीच आपसी विवाद को लेकर मारपीट हो गई. इस मारपीट में दोनों ओर से चार लोग घायल हो गए. सभी घायलों का ईलाज धनबाद एसएनएमएमसीएच में कराया जा रहा है. दोनों पक्षों ने धनसार थाना में शिकायत की है. एक पक्ष के यादव का कहना है कि वह अपने घर के पास भैंस बांधकर रखता है. शुक्रवार को उसकी भैंस पड़ोस के तनु अग्रवाल के घर के सामने से गुजर रहा था. तभी तनु और उसकी पत्नी सीमा देवी व नवीन पोद्दार भैंस को लाठी डंडे से पीटने लगे. जब उनकी पत्नी बबिता देवी ने मारने से रोका तो उसकी भी पिटाई कर दी. पुत्र करन छुड़ाने गया तो उसे भी पीटने लगे. दोनों घायल हो गए.दूसरे पक्ष के तनु अग्रवाल का कहना है कि यादव अक्सर गोबर उनके घर के सामने फेंक देता है. उनकी भैंस को भगाया तो यादव, उसकी पत्नी बबीता व उसका पुत्र ने घर के पास आकर मारपीट की. पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है.

## गोफ की भराई के लिए रागिनी सिंह ने जीएम को लिखा पत्र



संवाददाता। धनबाद

धनबाद । भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह द्वारा भेजे गए भाजपा के एक विशेष प्रतिनिधिमंडल ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड बस्ताकोला क्षेत्र सं 9 के महाप्रबंधक से मिल कर उन्हें भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह द्वारा प्रेषित मांग पत्र सौंपा. जिसमे कहा गया कि राष्ट्रीय उच्च पथ 218 पर बनियाहीर के समीप सड़क में गोफ, दरार एवं लगातार गैस रिसाव से लोग परेशान हैं. सड़क में बनियाहीर हनुमान गढ़ी के समीप पिछले 15 दिनो में दो गोफ बन गए एवं लगभग 100 मीटर के लम्बाई में मुख्य पथ पर दरार पड़ गए है. साथ ही सड़क एक तरफ 6 इंच तक नीचे धंस गई है. सड़क पर बने गोफ एवं दरार से लगातार गैस रिसाव भी जारी है. प्रबंधन द्वारा गोफ में मिट्टी भराई कर खानापूर्ति की जा रही है. प्रबंधन के इस लापरवाह रवैये से स्थानीय नागरिक और समस्त झरियावासी आक्रोशित हैं. इस मुख्य सड़क को वैज्ञानीक तकनीकी और पूरे बेहतर तरीके से बचाने का प्रयास करने की जरूरत है. नाइट्रोजन फिलिंग कर आग को रोकने का कार्य किया जाना चाहिए. साथ ही बोरिंग कर के बालू-पानी कि भराई आदि कार्य किए जाने चाहिए ताकि इस मुख्य सड़क को बचाया जा सके. सड़क बचाने के समुचित प्रयास नहीं किये जाने पर झरियावासी आंदोलन को मजबूर हो जायेंगें. जिसकी सारी जिम्मेवारी प्रबंधन की होगी. जिसपर महाप्रबंधक द्वारा आश्वस्त किया गया कि विषय की गंभीरता एवं लोगों की जानमाल को देखते हुए जल्द से जल्द भराई का सुचारू रूप से व्यवस्था करने की बात कही गई. जहां इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदीप कुमार सिन्हा, अखिलेश सिंह, संतोष शर्मा, छोटू सिंह, पप्पू पासवान समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे.

## खरखरी में संयुक्त मोर्चा का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी



**खास बातें**

- बीसीसीएल खरखरी कोलियरी के निजीकरण के खिलाफ मजदूरों का आंदोलन

संवाददाता। मधुबन

मधुबन। बीसीसीएल खरखरी कोलियरी को एमडीओ के तहत निजी कंपनी को देने तथा 109 मजदूरों का महेशपुर व अन्य कोलियरी में स्थानांतरण व हाजरी पर रोक को लेकर शुक्रवार के तीसरे दिन भी संयुक्त मोर्चा का धरना जारी रहा. संयुक्त मोर्चा ने प्रबंधन के खिलाफ विरोध सभा की गई. विरोध सभा में मुख्य रूप से उपस्थित बिहार कालियरी कामगार यूनियन के केन्द्रीय उपाध्यक्ष शेख रहीम विरोध सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि खरखरी कोलियरी के मजदूरों की हाजरी रोक के बाद भी अपनी चट्टानी एकता का परिचय देते हुए आर-पार की लड़ाई के लिये तैयार हैं, आगे और भी आन्दोलन तेज होगा. प्रवंधन की मनमानी किसी भी कीमत पर चलने नहीं दिया जाएगा. मजदूरों के प्रबंधन द्वारा हो शोषण के खिलाफ अब केन्द्रीय नेतृत्व अब गम्भीर है और प्रबंधन की मजदूर विरोधी नीति के खिलाफ लड़ाई बड़े पैमाने पर लड़ी जाएगी. अब संसद और विधायक भी मजदूरों के इस आन्दोलन के समर्थन में आने के लिये तैयार हैं. इस लिये मजदूरों को डरने की जरूरत नहीं है. धरना की अध्यक्षता धनश्याम यादव और संचालन अजय कुमार महतो ने किया. धरना में मो ताजुल, कैलाश हाड़ी, भागीरथ मंडल, वावु लाल, बड़ा वावु तिवारी, विभाष कुमार, शेख कलाम,सुरेश रविदाश, याकुत अन्सारी,वैजनाथ धोबी,अर्जुन महतो, मनोज चोहान, धमेन्द्रर पासवान, शंकर बेलदार,मंजय सोरेन,सुनील गोप,प्रकाश रजवार मौजूद थे.

## 9 सितंबर को भाकपा माले मासस की विलय एकता रैली



संवाददाता। धनबाद

धनबाद। आगामी 9 सितंबर को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में भाकपा माले और मासस की विलय रैली होने जा रही है. उक्त जानकारी शुक्रवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में निरसा के पूर्व विधायक अरुप चटर्जी ने दी .उन्होंने बताया कि रैली में राज्य भर से 50 हजार की संख्या में कार्यकर्ताओं का जुटान होने की संभावना है. रैली के बाद 10 और 11 सितंबर को मैथन में सेन्ट्रल लीडरों की जॉइंट मीटिंग होगी. आगामी विधानसभा चुनाव में सीट शेयररिंग के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि गैर भाजपा जो भी दल है. उन्हें समन्वय बनाकर लड़ने की जरूरत है. निरसा और सिंदरी सीट को लेकर कहा कि जहां जो पार्टी मजबूत स्थिति में है उसे लड़नी चाहिए. उन्होंने कहा कि निरसा में हम हमेशा मजबूत स्थिति में रहे हैं. भाजपा को अगर यहां कोई हरा सकता है तो वह लेफ्ट पार्टी ही है. भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने कहा कि भाकपा माले और मासस के विलय की यह रैली,भाजपा हटाओ लूट मिटाओ के नारे के साथ एकता की रैली है. मजदूरों, किसानो, आदिवासियों की एकता की यह रैली है और इसका दूरगामी और तत्कालिक असर भी पड़ेगा. यह विलय इण्डिया गठबंधन को धार देगा . यह एकता ग्रास रूट से हो रही है. इस रैली से पूरे झारखण्ड में परिवर्तन दिखेगा.

# आसनसोल

## मारवाड़ी युवा मंच का आठवां स्थापना दिवस समारोह



संवाददाता। रानीगंज

रानीगंज मारवाड़ी युवा मंच की तरफ से आज आठवां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए रानीगंज मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष प्रतीक मोर ने बताया कि आज रानीगंज मारवाड़ी युवा मंच का आठवां स्थापना दिवस है। उन्होंने कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है कि रानी राज मारवाड़ी युवा मंच पिछले आठ वर्षो से लोगों की सेवा कर रहा है। आज यहां पर केक काटकर और एक दूसरे को बधाई देकर आज का स्थापना दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा कि रानी राज मारवाड़ी युवा मंच हमेशा लोगों की सेवा करते रहना चाहता है और भविष्य में भी उनका यह कार्यक्रम जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि ब्लड डोनेशन कैंप, ठंडा पानी का वितरण, ग्रामीण समाज की तरफ से समय-समय पर सामाजिक कार्य किए जाते रहते हैं।

# पुरुलिया में आरजी कर अस्पताल मामले में भाजपा ने की सड़क जाम



संवाददाता। पुरुलिया

**पुरुलिया ।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल मामले में बलात्कारियों को कड़ी सजा देने और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा ने सड़क जाम किया। प्रदेश भाजपा के निर्देश पर शुक्रवार को पुरुलिया जिले के पाड़ा विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ राज्य भर में भाजपा विधायक नदियारचंद बाउरी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम किया। पाड़ा विधानसभा क्षेत्र के रघुनाथपुर द्वितीय ब्लॉक के चेलियामा में आयोजित सड़क जाम कार्यक्रम में पाड़ा विधानसभा के भाजपा विधायक नदियारचंद बाउरी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। इस दिन, भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे के साथ-साथ आरजी कर घटना में दोषियों को अनुकरणीय सजा की मांग करते हुए चेलियामा में पोकोडी मोड़ को अवरुद्ध कर दिया।

## बराकर में भाजपा का पथ अवरोध ममता सरकार के विरोध में नारेबाजी



**बराकर।** महिला चिकित्सक की जघन्य हत्या के विरोध में कोलकाता प्रदेश भाजपा के आह्वान पर शुक्रवार को चक्का जाम आंदोलन किया गया। भाजपा कुल्टी मंडल एक के अध्यक्ष संजू घोष के नेतृत्व में पुरुलिया आसनसोल मुख्य मार्ग सितलपुर में पथ अवरोध कर पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने सड़क अवरुद्ध कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। घटना की खबर पाकर कुल्टी थाना के सक्तोडिया प्रभारी दिबेंदु दा और नियामतपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करते हुए अवरोध को समाप्त करवाया, जिसके बाद सड़क पर आवागमन प्रारंभ हुआ। मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस विरोध में शामिल होकर ममता सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के पद त्याग की मांग की।

## नितुरिया में गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन



संवाददाता। नितुरिया

**नितुरियाः** पारबेलिया सरस्वती क्लब और शशिभूषण प्रसाद यादव वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में शुक्रवार की संध्या पारबेलिया कोलियरी फुटबॉल मैदान में गणेश पूजा पांडाल का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि बांकुड़ा के सांसद अरूप चक्रवर्ती ने उद्घाटन किया। मौके पर उपस्थित लोगों में हजारी बाउरी, कर्माध्यक्ष याकुद अंसारी, रघुनाथपुर नगरपालिका के अध्यक्ष तारणी बाउरी, पारबेलिया कोलियरी अभिकर्ता, नितुरिया पंचायत समिति के अध्यक्ष सुभाष बाउरी, डॉ सुबल चक्रवर्ती, शेख बनी अमीन, गुनाराम गोप, नवनी चक्रवर्ती, शांतो चटर्जी और पूजा संयोजक शांतिभूषण प्रसाद यादव शामिल थे। यह पूजा का 26वां वर्ष है। वर्ष 1999 में तत्कालीन तृणमूल के ब्लॉक अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद यादव ने इस उत्सव की शुरुआत की थी। उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया और एक मिनट का मौन रखा गया। तत्पश्चात मंगलदीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया और 10 दिवसीय मेले की शुरुआत हुई।

## कुंती स्तुति, परीक्षित जन्म, सुखदेव जी आवागमन पर कथा का आयोजन



संवाददाता। रानीगंज

**रानीगंज ।** रानीगंज में श्री श्री सीताराम जी भवन में सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत रसामृत सत्र का आयोजन हुआ। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक वृंदावन से पधारे पूजनीय वेदव्यास जी महाराज मुख्य रूप से उपस्थित हुए। पूरे शहर का वातावरण भक्तिमय बन गया। मुख्य आयोजक बाजोरिया परिवार की तरफ से सुप्रसिद्ध समाजसेवी ओमप्रकाश बाजोरिया, राजीव बाजोरिया, ज्योति बाजोरिया सहित रानीगंज राजस्थानी समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। भागवत कार्यक्रम में दुरदराज क्षेत्र से भक्तगण उपस्थित होकर प्रवचन सुना और अपना जीवन धन्य किया। स्वामी वेदव्यास जी महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग पाश्चात्य संस्कृति के कुप्रभाव में आकर अपने संस्कृति को भूल रहा है। भागवत कथा में सत्संग में एक साथ बैठकर अपना जीवन को धन्य बनाएं और समाज में सकारात्मक दिशा दें। इस अवसर पर विमल बाजोरिया, राम गोपाल बाजोरिया, सजन बाजोरिया सहित बाजोरिया परिवार के कई सदस्य गण उपस्थित थे। 11 सितंबर को कार्यक्रम का समापन होगा, जिसमें श्री सुदामा चरित्र, शुक्रदेव जी की विदाई, व्यास पूजन और हवन की पूर्णाहुति होगी। भंडारा का आयोजन भी होगा।

## मेहनत-ईमानदारी के बल पर सफलता मिलती है : आशा देवी

**रानीगंज ।** रानीगंज में प्रतिष्ठित बांकुरा स्टोर मॉल का उद्घाटन समाज सेविका आशा देवी सतनालिका ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि करीब 70 वर्षों का पुराना प्रतिष्ठान लोगों के विश्वास पर खरा निरंतर रहा है। बांकुरा स्टोर कपड़े का शोरूम यही वजह है कि आज चौथा शाखा का उद्घाटन किया जा रहा है। बेहतर क्वालिटी, बेहतर डिजाइन एवं उचित मूल्य पर ग्राहकों के लिए हर तरह के कपड़े यहां उपलब्ध हैं। उन्होंने बतलाया कि मेहनत एवं ईमानदारी से काम करने वाले लोगों को ईश्वर एक दिन अच्छा फल जरूर देता है। माल के मैनेजिंग डायरेक्टर नवीन सतनालिका एवं विकास सतनालिका ने बताया कि रानीगंज स्टेशन के समीप बस स्टैंड के पास एक विशाल मॉल का उद्घाटन किया गया है, जहां उखड़ा, काजरा, दुर्गापुर, जेके नगर एवं अन्य स्थानों से ग्राहक इस प्रतिष्ठान में खरीदारी के लिए आएंगे।

## शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को सम्मानित किया



संवाददाता। बराकर

**बराकर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर बीसीसीएल सीबी क्षेत्र बारह की दृष्टि महिला समिति द्वारा चुनगाड़ी फ्री प्राइमरी स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वहां के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं को रामकृष्ण कथामृत पुस्तक, मिठाई और वस्त्र (साड़ी और कुर्ता-पजामा) देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नृत्य संगीत प्रस्तुत किया, जिसका लुफ्त उपस्थित लोगों ने उठाया और बच्चों की सराहना की। इसके बाद बच्चों के बीच चॉकलेट का वितरण किया गया। दृष्टि महिला समिति की अध्यक्ष शशि प्रसाद ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और इन बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए शिक्षकों की भूमिका सराहनीय रहती है। इसलिए शिक्षकों को सम्मानित किया जाना चाहिए, क्योंकि इन्हीं दी गई शिक्षा के कारण बच्चे अलग-अलग क्षेत्र में सफलता हासिल करते हैं। इस अवसर पर दृष्टि महिला समिति की अध्यक्ष शशि प्रसाद, श्रीमती समिता चक्रवर्ती (सचिव), श्रीमती ममता कुंडू, श्रीमती सुस्मिता गांगुली, श्रीमती बनश्री बनर्जी और श्रीमती सुमिता सरकार मुख्य रूप से उपस्थित थीं।

## बराकर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**बराकर।** बराकर आदर्श विद्यालय एचएस स्कूल में लायंस क्लब ऑफ नियामतपुर की ओर से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लायंस क्लब नियामतपुर की ओर से स्कूल के कक्षा पांचवीं से लेकर बारहवीं तक के छात्रों का पांच कुशल चिकित्सकों की टीम ने नेत्र परीक्षण किया। बराकर आदर्श विद्यालय एचएस स्कूल के टीआईसी आर के साहनी ने बताया कि लायंस क्लब नियामतपुर के सहयोग से स्कूल के छात्रों का कुशल चिकित्सकों की देखरेख में नेत्र जांच किया गया। जिन बच्चों के आंखों में कुछ दिक्कतें मिलेगी, उन्हें लायंस क्लब की ओर से निशुल्क चश्मा भी प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# दो थाने के सीमा विवाद में 18 घंटे तक पड़ा रहा शव

**खास बातें**
- शव उठाने से इंकार
- जांच कर रहे हैं एसडीपीओ रैंक के अधिकारी
- जांच के बाद होगा एक्शन

संवाददाता। गिरिडीह




देश और राज्यों के बीच सीमा विवाद तो कई बार सुने गए हैं लेकिन झारखंड के धनबाद और गिरिडीह जिले की सीमा पर थाने के सीमा को लेकर ऐसा विवाद छिड़ा कि एक शव 18 घंटे पड़ा रहा. जिससे मानवीय मूल्य और संवेदना तार-तार हो गई. दरअसल धनबाद और गिरिडीह के बीच बराकर नदी में बुधवार की शाम एक युवती का शव दिखा. धनबाद के टुंडी और गिरिडीह के ताराटांड थाना की पुलिस ने यह कहते हुए शव को उठाने से इनकार कर दिया था कि इलाका उनके क्षेत्राधिकार में नहीं है. ऐसे में जहां शव पड़ा था, उस स्थान को दोनों थाने की पुलिस एक-दूसरे का क्षेत्र बताती रही. लिहाजा शव 18 घंटे पड़ा रह गया और किसी ने उसको निकाला नहीं. काफी माथापच्ची और क्षेत्र का निर्धारण के बाद गुरुवार को शव उठाया गया. जिसके बाद यह तय हुआ कि शव जहां मिला है वह ताराटांड़ थाना का क्षेत्र है. इसके बाद ताराटांड़ थाना की पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की और शव को नदी से बाहर निकालकर आगे की कार्रवाई पूरी की. फिलहाल युवती के शव की पहचान नहीं हो पाई है. विवाद पर दोनों जिलों के पुलिस पदाधिकारी बचाव में जुट गए हैं. ताराटांड़ थाना प्रभारी आनंद प्रकाश सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम को जानकारी मिली थी. बराकर नदी में पानी का बहाव काफी तेज था. शव कहीं इधर उधर बह न जाए इसकी चौकसी की जा रही थी. बाद में शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. शव का सुराग नहीं हो पाया है. सीमा विवाद को लेकर मापी कराने के सवाल पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया. मामले में गिरिडीह एसपी डॉक्टर विमल ने बताया कि मामला उनके प्रकाश में आया है कि थाना क्षेत्र को लेकर विवाद हुआ है. इसकी जांच एसडीपीओ रैंक के अधिकारी से करवाई जा रही है. जिसके बाद कोई एक्शन लिया जाएगा. इधर धनबाद के पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दनन ने बताया कि टुंडी और गिरिडीह जिला सीमा को लेकर एक महिला का शव मिला है. लेकिन क्षेत्रअधिकार में नही है फिर विभागीय कार्रवाई के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमोडम के लिए भेज दिया है.

## कांटाघर पर छापेमारी, दो टन अवैध कोयला जब्त

**कथारा (बोकारो)।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के जारंगडीह कांटाघर पर क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में क्षेत्रीय गश्ती दल और जारंगडीह गश्ती दल ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर करीब दो टन अवैध कोयला समेत चार साइकिल जब्त किया. गश्ती दल को आते देख कोयला चोर भाग निकले. जब्ती के बाद चारों साइकिलों को तोड़ दिया गया.

जब्त कोयला क्रशर में गिरा दिया गया. बता दें कि जारंगडीह कांटाघर में इससे पूर्व भी कई बार छापेमारी अभियान चलाया जा चुका है. बावजूद इसके कोयले की चोरी थम नहीं रही है. कोयला चोर कथारा क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग और बोकारो थर्मल थाना के लिए सिरदर्द बने हुए हैं. कोयले की चोरी रोकने में विफल साबित हो रही है. और बोकारो थर्मल पुलिस प्रशासन के लिए सर दर्द बना हुआ है चोरी की घटनाएं.

# चिल्ड्रेन पार्क निर्माण को लेकर किया भूमिपूजन

### जिले में आकर्षण का केंद्र का होगा यह पार्क

संवाददाता। बिरनी (गिरिडीह)



बिरनी प्रखण्ड के बृंदा टोला जमुनियातरी गांव में बच्चों के मनोरंजन के लिए चिल्ड्रेन पार्क निर्माण कार्य को लेकर भूमिपूजन किया गया. मुख्य अतिथि शिव शक्तिधाम बृंदा जमुनियातरी के संस्थापक सह समाजसेवी महेश कुमार सिंह ने भूमिपूजन किया. पूरी तरह तैयार होने के बाद चिल्ड्रेन पार्क जिले में आकर्षण का केंद्र होगा. बच्चे इसमें खेलने आएंगे. इस गांव में भव्य शिव मन्दिर का भी निर्माण ओडिसा के जगन्नाथपुरी मंदिर के तर्ज पर किया जा रहा है. कारीगरों को भी पुरी से ही बुलाया गया है. मंदिर के सामने ही चिल्ड्रेन पार्क बनाया जाएगा. पार्क में ओपन जिम की भी व्यवस्था रहेगी. यह जानकारी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के गिरिडीह जिलाध्यक्ष प्रवीण सिंह ने दी. कहा कि मंदिर के साथ-साथ पार्क का भी निर्माण समाजसेवी महेश कुमार सिंह करा रहे हैं.

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर जवान की मौत

**साहिबगंज।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर साहिबगंज के कुलीपाड़ा निवासी सीआरपीएफ जवान मो. शाहनवाज़ आलम की मौत हो गई. सीआरपीएफ 111 बटालियन के कमांडेंट नीरज यादव ने यह सूचना मृतक जवान के परिजनों को दी. कमांडेट के अनुसार आकाशीय बिजली गिरने से मो. शाहनवाज समेत एक अन्य जवान झुलस गए. आनन फानन में दोनों को दंतेवाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मो. शाहनवाज़ की मौत हो गई. मो. शाहनवाज अप्रैल 2013 में सीआरपीएफ में बहाल हुए थे. ट्रेनिंग के बाद वे जम्मू कश्मीर में पदस्थापित थे. हाल ही में ही उनकी पोस्टिंग छत्तीसगढ़ में हुई थी. मृतक के भाई मो. हशमत ने बताया कि जुलाई में वे ईद उल अज़्हा की छुट्टी में घर आये थे. मो. शाहनवाज अपने पीछे पिता, पत्नी रुखसाना खातून, 5 वर्षीय पुत्र मो. शहजेब तबरेज समेत दो भाइयों को छोड़ गए हैं.

## ब्रीफ खबरें

### सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का भूमि पूजन संपन्न

**बोकारो।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति सेक्टर 9 वैशाली मोड़ में शुक्रवार को पूजा कमेटी के अध्यक्ष शशि भूषण कुमार उर्फ गिन्नी बाबा के नेतृत्व में दुर्गा पूजा का भूमि पूजन किया गया. इस अवसर पर गिन्नी बाबा ने कहा कि पिछले साल की तरह इस साल भी पूजा को काफी धूमधाम से मनाया जाएगा और विभिन्न मंदिरों का आकार के रूप में पंडाल का निर्माण किया जाएगा. दुर्गा पूजा के दौरान भीड़ को देखते हुए सीसीटीवी कैमरे और जगह-जगह पर वॉलंटियर तैनात किए जाएंगे ताकि शांतिपूर्ण ढंग से दुर्गा पूजा का आनंद लोग ले सकें. हर साल की तरह इस साल भी प्रशासन का हमें पूर्ण सहयोग मिलेगा.

### कांडरा में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम

**बोकारो।** गोबिंद सिंह टेक्निकल कैम्पस कांडरा में शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्रों ने केक काटकर और रंगारंग कार्यक्रम आयोजित करके जश्न मनाया. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बीबीए की छात्रा सनेहा रत्न, साहिबा अकरम, बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा हरित सिंह, एमबीए प्रथम वर्ष के छात्र अशफाक, शिवानी, मनजीत, द्वितीय वर्ष के छात्र शहनाज, निकिता, अभिषेक, राहुल, पवन और अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा. इस अवसर पर संस्थान द्वारा कालेज निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार को उनकी उत्कृष्ट सेवा और निष्ठा के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया.

### गरिमा केंद्र का किया गया उद्घाटन

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के पुराना संकुल में जेएसएलपीएस के माध्यम से प्रदान संस्था की ओर से एक जेंडर रिसोर्स सेंटर, गरिमा केंद्र का उद्घाटन किया गया है. इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य समाज में दबे कुचले और निचले पायदान में रह रहे लोगों के बीच कुछ न कुछ समस्याएं आने के कारण महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न को रोकना है. इस केंद्र के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया जाएगा और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी जाएगी. साथ ही, इस केंद्र में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न के मामलों में मदद की जाएगी. बेंगाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी निशा कुमारी ने कहा कि इस केंद्र के उद्घाटन से महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न को रोकने में मदद मिलेगी.

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 10 सितंबर को

**साहिबगंज।** 10 सितंबर को राजमहल अनुमंडल के राजमहल, राधानागर, तीनपहाड़ व तालझारी थाना क्षेत्र के लिए टाउन हॉल, बरहरवा के कोटालपोखर, बरहरवा, रांगा व बरहेट थाना क्षेत्र एवं साहिबगंज अनुमंडल के मिर्जाचौकी, मुफ़स्सिल, नगर, जिरवाबाड़ी व बोरियो थाना क्षेत्र के लोगों की शिकायतों का समाधान सुबह 11 बजे से किया जाएगा. पुलिस कप्तान अमित कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस महानिदेशक व महानिरीक्षक के निर्देश के अनुसार जन शिकायत समाधान के लिए एक सेल का गठन किया गया है. इसका प्रभारी डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा को बनाया गया है. लोग व्हाटसअप नंबर 9470591082, 9955576056 व ईमेल आईडी जेएएनएसआईकेएवाईएटी, एसएएचईबीजीएएनजी@जेएचपीओ एलआई सीई.जीओवी.आईएन पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं.

# शिक्षक पर लगा अश्लील वीडियो दिखाने का आरोप



संवाददाता। गोड्डा

एक बार फिर से शिक्षक ने अपने हरकतों की वजह से विद्या के पवित्र संस्थान को कलंकित करने का कार्य किया है. मामला महगामा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय ग्राम संग्रामपुर का है. उच्च कक्षा की छात्राओं ने विद्यालय में कार्यरत शिक्षक अनवारूल होदा के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत किया है. छात्राओं का आरोप है कि शिक्षक क्लास में आकर मोबाइल पर अश्लील वीडियो दिखाकर अश्लील हरकतें करते हैं. पढ़ाने के बहाने मोबाइल पर गंदी चीजों को दिखाकर सवाल पूछते है. मामले की जानकारी घरवालों को दिए जाने के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और विद्यालय आकर हंगामा करने लगे. प्रभारी प्रधानाध्यापक रामनारायण महतो ने ग्रामीणों की ओर से पूरे मामले की लिखित शिकायत किए जाने के बाद इसे विभाग में भेजने का आश्वाशन दिया है. इस बीच अभिभावकों ने यह निर्णय लिया कि जब तक आरोपी शिक्षक को विद्यालय से हटाया नही जायेगा तब तक वे लोग अपनी बच्चियों को स्कूल नही भेजेंगे चाहे बच्चियों की पढ़ाई बंद ही क्यों ना करना पड़े.

## जेपीएससी कोचिंग संस्थान का पुतला फूंका

**गोड्डा।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के पैसे से संचालित हो रहे शुभ्रा रंजन कोचिंग संस्थान पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए छात्रों ने विरोध प्रदर्शन कर संस्थान का पुतला फूंका. गोड्डा कॉलेज चौक पर जमा हुए छात्रों ने डीएमएफटी गोड्डा और शुभ्रा रंजन संस्था का पुतला जलाया.



जेपीएससी का मुफ्त कोचिंग करवाने के लिए बढ़ते कदम नाम से छात्रों के लिए जिला मुख्यालय स्थित पुराने समाहरणालय भवन में कोचिंग सेंटर पिछले एक वर्षो से चलाया जा रहा है. इसके लिए शुभ्रा रंजन संस्थान के द्वारा पीटी, मेंस और इंटरव्यू तक का पढ़ाई करने का करार डीएमएफटी के साथ किया गया था. जिसके तहत छात्रों को स्टडी मैटेरियल भी उपलब्ध कराना था परंतु एक वर्ष में केवल पीटी की पढ़ाई किसी तरह हो पाई तथा मेंस और इंटरव्यू का पढ़ाई अभी तक नहीं हो पाया है. पिछले दिनों उपायुक्त गोड्डा के द्वारा निरीक्षण के क्रम में छात्रों द्वारा बताए जाने पर उपायुक्त के द्वारा शुभ्रा रंजन संस्थान को फटकार भी लगाया गया था और निर्देश दिया था कि वे रीजनिंग और मेंस की पढ़ाई बचे हुए एक महीने में करवाए ताकि जेपीएससी के अलावा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में छात्रों को आसानी हो, लेकिन शुभ्रा रंजन संस्थान के द्वारा डीसी द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया गया. प्रोजेक्ट हेड साकेत सौरभ ने उपायुक्त की बातों का उल्लंघन किया और सभी छात्रों को ग्रुप से ही बाहर कर दिया. संस्थान द्वारा जारी अपने प्रेस विज्ञप्ति में पुराने बच्चों को एडमिशन नहीं लेने का निर्देश भी दे दिया. अब संस्थान के द्वारा डीएमएफटी के साथ टेंडर मैनेज कर दोबारा अगले एक वर्षों के लिए अवधि विस्तार कराने का प्रयास किया जा रहा है.

# चापाकल बोरिंग कराने के नाम पर लाखों की ठगी

### थाना में आवेदन देकर ठग के खिलाफ कार्रवाई की मांग

संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)



डुमरी थाना क्षेत्र में सरकारी चापाकल बोरिंग कराने के नाम पर लाखों रुपये ठगी का मामला सामने आया है. नागाबाद, पिपराडीह और मुरकुंडो गांव की 21 महिलाओं ने शुक्रवार को डुमरी थाना में आवेदन देकर ठग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. आवेदन में कहा गया है कि चापाकल बोरिंग कराने के नाम पर भंडारो गांव निवासी मनोहरलाल रजक ने हम लोगों से 3 लाख 12 हजार रुपये की वसूली की. रुपया लेने के बाद वह सपरिवार फरार हो गया. आवेदन की प्रतिलिपि डुमरी एसडीएम और एसडीपीओ को भी भेजी गई है. भुक्तभोगी महिलाओं का कहना है कि हम सभी गरीब हैं. कर्ज लेकर मनोहरलाल रजक को रुपये दिए. इधर झारखंड एकता किसान मजदूर यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो, केंद्रीय महासचिव मो. शाहिद अंसारी, कोषाध्यक्ष नुनूचंद महतो और महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रजिया खातून ने भुक्तभोगी महिलाओं से मुलाकात की है. ये सभी डीसी और एसपी को आवेदन देकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे. ठगी की शिकार महिलाओं के नाम और राशि- प्रीति देवी 15 हजार रुपये, शबनम खातून 10 हजार, सुनीता देवी 15 हजार, चंचला देवी 15 हजार, माधुरी देवी 16 हजार, उमिया देवी 16 हजार, आरती देवी 5 हजार, ममता कुमारी 10 हजार, कौशल्या देवी 17 हजार, कसीरन खातून 20 हजार, शबाना खातून 20 हजार, जबीदा खातून 20 हजार, रबिया खातून 20 हजार, सबीरन खातून 8 हजार, आसमां खातून 20 हजार, मेमूना खातून 20 हजार, तमन्ना खातून 20 हजार, फरीदा खातून 20 हजार, सदीक अंसारी 20 हजार, गीता देवी 20 हजार, धारो बेसरा 20 हजार.

### उप विकास आयुक्त ने एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन का शुभारंभ किया

**साहेबगंज.** जिले में शुक्रवार को उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने साहेबगंज के सदर अस्पताल परिसर में एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन का शुभारंभ किया. इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया, डॉ हसीब हक, एसएमओ, डब्लूएचओ, डीएस, डॉ रंजन कुमार, डीटीओ, डॉ मिश्रा, डीआरसीएचओ, सदर प्रखंड सीएचसी प्रभारी डॉ महमूद आलम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे. टीबीडब्लूआईएन पोर्टल पर ऑन साइट रजिस्ट्रेशन के बाद टीबी कर्मी सोमनाथ साह ने जिले के पहले लाभार्थी के रूप में एडल्ट बीसीजी का टीकाकरण किया.

# नाली निर्माण कार्य को लेकर डीपीआर की तैयारी शुरू



संवाददाता। डुमरी

ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के निर्देश पर विभाग के कनीय अभियंता इसरी चौक से पारसनाथ स्टेशन होकर पंजाबी टोला होते हुए पम्पू तालाब तक सड़क तथा स्टेशन रोड में दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य का डीपीआर तैयार करने में जुट गए हैं. जिप सदस्य सुनीता कुमारी लगातार दो वर्षों से पथ निर्माण के लिए प्रयासरत थी. कुछ दिनों पूर्व वह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी से अनुशंसा पत्र लेकर रांची स्थित ग्रामीण विकास के सचिव के श्रीनिवासन से मुलाकात की थी. इसके अलावा वह उपायुक्त से भी मुलाकात की थी. डीपीआर 1668 मीटर रोड एवं 616 मीटर स्टेशन रोड के दोनों तरफ नाली एवं 250 मीटर पंजाबी टोला में एक तरफ नाली निर्माण कार्य कराने की तैयार हो रही है.

### डुमरी में प्रखण्ड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

# पीएनडी जैन हाई स्कूल बना विजेता

- पीएनडी जैन हाई स्कूल ने यूएचएस रोशनाटुण्डा को 2-1 से हराया

संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)



डुमरी प्रखण्ड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता के अंतिम दिन शुक्रवार को बालक-बालिका वर्ग फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन पीएनडी जैन उच्च विद्यालय के मैदान में किया गया. प्रतियोगिता में पीएनडी जैन हाई स्कूल की बालक वर्ग की टीम ने यूएचएस रोशनाटुण्डा को पेनाल्टी शूट आउट कर 2-1 से शिकस्त दी. बालिका वर्ग में कस्तुरबा बालिका उच्च विद्यालय डुमरी की टीम चैम्पियन बनी. अधिवक्ता अशोक जैन एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार जैन समेत खेल शिक्षक दयानंद कुमार, वरिष्ठ शिक्षिका संगीता जैन, प्रमोद कुमार यादव, श्याम कुमार सिंह, देवेश कुमार देव, रजत जैन, रुपलाल प्रसाद मंडल, सुब्रत कुमार सामंत, दयानंद कुमार, विवेक जैन, संजीव कुमार जैन, अनीश कुमार, हीरामन महतो समेत अन्य ने विजेता और उप विजेता टीम को बधाई दी है.

## भाकपा माले ने किया ग्रामसभा का आयोजन

**गावां (गिरिडीह)।** भाकपा माले द्वारा गावां प्रखंड के महुअरी, सिरी, महेशपुर और पत्थरडीहा में ग्रामसभा का आयोजन किया गया. इस मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे. ग्रामसभा में आगामी 9 सितंबर को धनबाद में होने वाली रैली की सफलता पर चर्चा की गई. राजकुमार यादव ने कहा कि गावां प्रखंड से हजारों लोग उक्त रैली में भाग लेने जाएंगे. उन्होंने कहा कि प्रखंड के कई गांव काफी पिछड़े हैं और सुधि लेने वाला कोई नहीं है. सुदूर गांव में उच्च शिक्षा की व्यवस्था नहीं होने से बच्चियां उच्च शिक्षा से वंचित हो जा रही हैं. उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो क्षेत्र की तमाम समस्याओं का हल किया जाएगा. राज्य की हेमंत सरकार उल्लेखनीय कार्य कर रही है. क्षेत्र के विधायक और सांसद को क्षेत्र की समस्या से कोई लेना-देना नहीं है.



## गावां के सेरुआ में हजारों की चोरी

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना क्षेत्र के सेरुआ गांव में अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर हजारों की संपत्ति चोरी कर ली. परिवार के सदस्य दूसरे घर में सो रहे थे. सविता देवी ने गावां थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की. उन्होंने बताया कि चोरों ने हाथ के दो चांदी के बाले, चांदी का पायल, सोने का एक बेसर सहित कपड़े और बर्तन चोरी कर लिए. चोरों ने कपड़ों को नदी में फेंक दिया. सविता देवी ने कहा कि आवाज सुनकर जब वे लोग जागे, तो तलवार दिखाते हुए सभी भाग गए. चार लोग भागते हुए देखे गए. थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि महिला के द्वारा आवेदन मिला है. मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## रोटरी क्लब चास की ओर से सम्मान समारोह

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास की ओर से चीरा चास स्थित रोटरी भवन में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि जीजीपीएस चास के प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार थे. समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने शिष्यों का भविष्य गढ़ते हैं तथा सफलता की राह दिखाते हैं. शिक्षकों का सम्मान किया जाना चाहिए. क्लब के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने कहा कि गुरु शिष्य को ज्ञान रुपी प्रकाश की राह पर ले जाते हैं. गुरु के बिना ज्ञान संभव नहीं है. सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षकों के मार्गदर्शन का लाभ उठाना चाहिए. इससे वे भटकाव की स्थिति से बच सकेंगे. संस्थापक संजय बैद ने कहा कि मानव जीवन शिक्षा के बिना अधूरा है. शिक्षक अपने शिष्यों को ज्ञान देते हैं.

## चौकीदार संवर्ग चयन परीक्षा 8 सितंबर को

**बोकारो।** जिलान्तर्गत चौकीदार संवर्ग के कुल 161 पदों पर चयन को लेकर लिखित परीक्षा 8 सितंबर को होगी. प्रवेश पत्र जिला के आधिकारिक वेबसाईट www.bokaro.nic.in पर 3 सितंबर को अपलोड किया गया था, जिसमें कुछ त्रुटियां प्रकाश में आई थी. जांच के बाद त्रुटियों का निराकरण कर दिया गया है. 3 सितंबर को निर्गत प्रवेश पत्र एवं लिखित परीक्षा के लिए स्वीकृत आवेदनों की प्रकाशित सूची को निर्देशानुसार निरस्त किया गया है. यह जानकारी जिला सामान्य शाखा बोकारो के प्रभारी पदाधिकारी कुमार कनिष्क ने दी. उन्होंने कहा कि उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में 5 सितंबर को संशोधित प्रवेश पत्र आधिकारिक वेबसाईट www.bokaro.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है. लिखित परीक्षा में केवल संशोधित प्रवेश पत्र ही मान्य होंगे. अभ्यर्थियों को पूर्व में निर्गत प्रवेश पत्र के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी. चयन को लेकर परीक्षा 8 सितंबर निर्धारित है, जिसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है. जिले में कुल पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनके नाम ये हैं- बीएस सिटी कॉलेज बोकारो, चास कॉलेज चास, गुरू गोबिन्द सिंह एजुकेशनल सोसाईटी टेक्निकल कैम्पस काण्ड्रा चास, चिन्मय विद्यालय सेक्टर छह बोकारो, एमजीएम हायर सेकेण्ड्री स्कूल सेक्टर-4 एफ बोकारो.

### बरमसिया, फूलची पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# मंईयां सम्मान योजना समेत अन्य योजनाओं के आवेदन जमा

संवाददाता। गांडेय (गिरिडीह)



गांडेय प्रखंड के दो पंचायतों बरमसिया टू और फूलची पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. ग्रामीणों की सुविधा के लिए कार्यक्रम स्थल पर सभी विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे. सरकारी कर्मचारी स्टॉलों में ग्रामीणों से आवेदन ले रहे थे. ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना, मंईयां सम्मान योजना समेत अन्य योजनाओं के लिए आवेदन दिए. बरमसिया टू पंचायत के उप मुखिया मुकेश मंडल कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों का सहयोग करते नजर आए. वे ग्रामीणों से आवेदन लेकर सरकारी कर्मियों को दे रहे थे. फुलची पंचायत भवन परिसर में पंचायत की उप मुखिया काजल देवी भी आवेदन भरने में ग्रामीणों की मदद करती नजर आई. मौके पर समाजसेवी हीरालाल मुर्मू , झामुमो प्रखंड अध्यक्ष चांदमल मरांडी, सुकदेव मंडल, नवीन वर्मा, विपुल चौधरी,पशु चिकित्सा प्रभारी सुनील तिवारी, मो. आबिद, प्रखंड नाजिर अनिल कुमार मुर्मू समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

## बेंगाबाद की दो पंचायतों में कार्यक्रम

शुक्रवार को ही बेंगाबाद प्रखंड के दो अलग-अलग पंचयत सचिवालय में भी आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ निशा कुमारी, प्रखण्ड प्रमुख और बीस सूत्री अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां ग्रामीणों ने अलग-अलग योजनाओं के लिए आवेदन दिए. बीडीओ निशा कुमारी ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार का यह तीसरा चरण चल रहा है. तीसरे चरण में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना नई है, जिसमें 15 लाख रुपये की बीमा हो रही है. साथ ही अबुआ आवास योजना, सावित्री बाई फुले योजना, मंईयां सम्मान योजना, पेशन, ऑनलाइन जमीन की दाखिल-



खारिज के लिए आवेदन लिए गए. मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक के हड़ताल का कार्यक्रम पर किसी तरह का असर नहीं देखा गया. बीडीओ , सीओ औ र सरकारी कर्मचारी कार्यक्रम को सफल बनाने में डटे हुए थे. मौके पर बीपीओ केडी सिंह, रूबी कुमारी, अशोक दास, रजनीश, अनीता मरांडी समेत प्रखंड एवं अंचल कर्मी उपस्थित थे.

# सेबी का संकट

यह खबर असाधारण है. सेबी के चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच के कारनामों के नित नए खुलासों के बीच सेबी के 500 से अधिक स्टाफ को भी अपने बॉस माधबी पुरी बुच और टॉप मैनेजमेंट से काफी शिकायतें हैं. मिडिल मैनेजमेंट संभालने वाले सैकड़ों सेबी स्टाफ ने यह शिकायत किसी और को नहीं, सीधे वित्त मंत्रालय को लिखित में भेजी है. अपने पत्र में कहा गया है कि सेबी के शीर्ष नेतृत्व के कारण विषाक्त माहौल बन गया है. कर्मचारियों को असाधारण लक्ष्य दिए जाते हैं और उन्होंने निगरानी की व्यवस्था की आलोचना की है. इतनी बड़ी संख्या में किसी संस्थान के कर्मचारियों द्वारा लिखित शिकायत को किसी भी संवेदनशील सरकार को बेहद गंभीरता से लेना चाहिए. विशेषकर यह ध्यान में रखते हुए कि मौजूदा सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार, पद के दुरुपयोग और एक खास कॉर्पोरेट समूह के हित में सेबी में नीतिगत फैसले लेने के गंभीर आरोप लगाये गये हैं. सिक्यूरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ़ इंडिया (सेबी) कोई प्राइवेट संस्था नहीं है, बल्कि यह भारत सरकार के तहत वित्त मंत्रालय का एक बेहद अहम संस्थान है, जिसका काम भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के प्रशासनिक क्षेत्र के अंतर्गत भारत में प्रतिभूति एवं कमोडिटी बाजार के लिए नियामक निकाय के बतौर काम करने का है. इसकी स्थापना 12 अप्रैल 1988 को एक कार्यकारी निकाय के तौर पर की गई थी और इसे 30 जनवरी 1992 को सेबी अधिनियम, 1992 के माध्यम से वैधानिक शक्तियां हासिल हुई थीं. बिजनेस इंडिया नामक पत्रिका ने अपने ताजा अंक में बाजार में रिटेल निवेशकों की भारी आमद पर कवर स्टोरी की है. अपने लेख में बिजनेस इंडिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उद्धृत करते हुए बताया है कि पिछले 10 वर्षों में 2.3 करोड़ डीमेट अकाउंट की संख्या बढ़कर 15 करोड़ हो चुकी है. माधबी पुरी बुच की नियुक्ति ही सवालों के घेरे में है. माधबी के साथ आठ लोग और हैं, जो सेबी बोर्ड के सदस्य हैं, जो चार ट्रिलियन डॉलर से भी अधिक भारतीय पूंजी बाजार का संचालन देखते हैं. सेबी में करीब 3000 कर्मचारी हैं, जिन्हें वित्त मंत्रालय के तहत अपने कर्तव्य का निर्वहन करने की जिम्मेदारी है. इसमें बड़ी संख्या में लोअर एंड मिडिल मैनेजमेंट में काम करने वाले लोग युवा हैं, जिनमें से अधिकांश फाइनेंस और एमबीए डिग्रीधारी हैं. कर्मचारियों के पत्र में शिकायत की गयी है कि सेबी में कार्यदक्षता बढ़ाने के नाम पर प्रबंधन ने हाल के वर्षों में सिस्टम में कई बदलाव कर दिए हैं और प्रतिगामी नीतियां लागू की गई हैं. इसके साथ ही पत्र में कहा गया है कि पिछले दो-तीन वर्षों में सेबी में डर मुख्य प्रेरक शक्ति बन गया है.

> बिजनेस इंडिया नामक पत्रिका ने अपने ताजा अंक में बाजार में रिटेल निवेशकों की भारी आमद पर कवर स्टोरी की है. अपने लेख में बिजनेस इंडिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उद्धृत करते हुए बताया है कि पिछले 10 वर्षों में 2.3 करोड़ डीमेट अकाउंट की संख्या बढ़कर 15 करोड़ हो चुकी है.

## सुभाषित

**सुखार्थी त्यजते विद्यां विद्यार्थी त्यजते सुखम्।**
**सुखार्थिनः कुतो विद्या कुतो विद्यार्थिनः सुखम्॥**

जो व्यक्ति सुख के पीछे भागता है, उसे ज्ञान नहीं मिलेगा. जिसे ज्ञान प्राप्त करना है वह व्यक्ति सुख का त्याग करता है. सुख के पीछे भागने वाले को विद्या कैसे प्राप्त होगी? तथा जिसको विद्या प्राप्त करनी है, उसे सुख कैसे मिलेगा? जो विद्या की प्राप्ति चाहता है, उसे सुखों का त्याग कर देना चाहिए.

# द ग्रेट पॉलिटिकल ड्रामा @ झारखंड

**राजनीति का सीधा मकसद है सत्ता. सत्ता के लिए कुछ भी किया जा सकता है, किसी को भी गले लगाया जा सकता है. जब बहिरागत नेता चेहरा बन जाएं तो उनकी चाल पुराने स्थापित चरित्र को कोने-आंतरे में रख देती है. विगत 30 अगस्त को जब झामुमो के पुराने नेता चंपाई सोरेन भाजपा में शामिल कराये गये थे तो पार्टी दफ्तर में उनके साथ मंच पर बैठे महानुभावों की तस्वीर खूब वायरल हुई, जिसमें हिमंता बिस्वा सरमा सहित कई बहिरागत नेता थे.**



• देश-काल



श्याम किशोर चौबे

...तो लगभग बीस वर्षों बाद मधु कोड़ा भी भाजपा में शामिल कर ही लिए गये. यूं, विगत लोकसभा चुनाव के चंद महीनों पहले जब उनकी धर्मपत्नी तत्कालीन कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा भाजपा में शामिल हुई थीं, तभी से वे उनके संग-संग डोल रहे थे और भाजपा की बैठकों/सभाओं में भाग लिया करते थे, लेकिन पहली सितंबर को रांची में उनको भाजपा का पट्टा बाकायदा धारण करा दिया गया. यह काल भाजपा से बिछड़े/बिदके बड़े नेताओं की वापसी का है, हर किसी के लिए यह भले ही सच न हो, लेकिन इतना तो सच है ही कि 14 वर्षों बाद 2020 में इसी प्रकार बाबूलाल मरांडी अपनी पार्टी जेवीएम का विलय कराकर भाजपा में वापस हुए थे. मरांडी अभी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं. वे भाजपा में रहते हुए राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बनाये गये थे, जबकि कोड़ा महोदय भाजपा से अलग होने के बाद और तत्कालीन अर्जुन मुंडा सरकार से विद्रोह करने के बाद यूपीए के सक्रिय सहयोग-समर्थन से 2006 के उतरार्द्ध में मुख्यमंत्री बनाये गये थे. उन दिनों वे अकेले थे, निर्दलीय विधायक थे. फिर उन पर कई तरह के आरोप लगे, आईटी और सीबीआई लगे और कोयला मामले में दिल्ली के ट्रायल कोर्ट ने 2019 के अंतिम दिनों में उनको तीन साल की सजा सुना दी थी. इस कारण वे फिलहाल चुनाव लड़ने से वंचित हैं. उनकी छवि चाहे जितने भलमानस की हो, लेकिन हैं तो सजायाफ्ता ही. नये जमाने की भाजपा को उनसे कोई परहेज नहीं. सचमुच शुद्धतावादी राजनीति के पैरोकारों के लिए भी अब कोई अछूत नहीं होता. राजनीति का सीधा मकसद है सत्ता. सत्ता के लिए कुछ भी किया जा सकता है, किसी को भी गले लगाया जा सकता है. जब बहिरागत नेता चेहरा बन जाएं तो उनकी चाल पुराने स्थापित चरित्र को कोने-आंतरे में रख देती है. विगत 30 अगस्त को जब झामुमो के पुराने नेता चंपाई सोरेन भाजपा में शामिल कराये गये थे तो पार्टी दफ्तर में उनके साथ मंच पर बैठे महानुभावों की तस्वीर खूब वायरल हुई, जिसमें हिमंता बिस्वा सरमा सहित कई बहिरागत नेता थे. दो दिन के अंदर चम्पाई से लेकर कोड़ा तक को भाजपा में शामिल कराने में भाजपा ने जो दरियादिली दिखायी और जिस प्रकार का आयोजन किया, वह काबिलेगौर है. चम्पाई को खुली बड़ी सभा कर इंट्री दिलाई गई. उनके चोला बदल का फुल पेज विज्ञापन देकर इस्तकबाल किया गया. सभा स्थल से पूरे लाव लश्कर के संग पार्टी कार्यालय लाकर उनको सम्मानित किया गया. दो दिनों बाद झामुमो के ही लोबिन हेम्ब्रम को पार्टी कार्यालय में बुलाकर पट्टा ओढ़ा दिया गया. लगे हाथ कोड़ा को भी भगवा धारण कराया गया. इससे तीनों की हैसियत पता चलती है. चुनाव में तीनों को वैल्यू एडिशन करना है. देखिए आगे-आगे होता है क्या, और कितने महानुभाव खुद अपना, राज्य का और देश का भविष्य गढ़ने के लिए सियासी जामा बदलते हैं! इधर एनडीए का प्रतिद्वंद्वी इंडिया ब्लॉक भी दरियादिली दिखाने में कोई कसर बाकी नहीं रख रहा. चूंकि वह सत्तासीन है, इसलिए उन्नति-तरक्की के लिए सरकारी खजाने का मुंह खोल देने में कोई गुरेज नहीं कर रहा. यूं, झारखंड ही नहीं, हर राज्य में चुनाव के वक्त अवाम को किसी न किसी बहाने मुफ्त का चंदन बांटने का रिवाज चल निकला है. ऐसे गाढ़े समय में बहालियों का भी इंतजाम किया जाने लगता है. सामनेवाले अलग तरकीबें अपनाते हैं. मसलन, हाल ही शुरू की गई मईंयां सम्मान योजना पर भाजपा के झारखंड चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, देखिए असम में किस प्रकार हम बहालियां कर चुके हैं और झारखंड में हमारी सरकार बनी तो मईंयां सम्मान योजना से बेहतर स्कीम लाएंगे.

सरकार ने 03 सितंबर को दिल्ली में नये झारखंड भवन का उद्घाटन किया तो भाजपा की प्रतिक्रिया आयी, यह योजना पूर्ववर्ती एनडीए सरकार की थी. एक्साइज कांस्टेबल की बहाली के लिए दौड़ में दर्जन भर अभ्यर्थियों की मौत हो गई तो प्रतिपक्ष ने अपना धर्म निभाते हुए बहाली नीति की आलोचना की, सरकार की लानत-मलामत की लेकिन तब न कहा कि यह नीति पूर्ववर्ती एनडीए सरकार ने ही बनायी थी. राजनीति क्या, जो अपनी गलती स्वीकार ले! सामनेवाले की गलतियां उभारकर, उसकी अच्छाइयों में भी खामियां ढूंढकर और अपनी गलतियां सामनेवाले पर मढ़कर आगे बढ़ने का नाम राजनीति है. राजनीति की शास्त्रीय परिभाषा पर अमल करने का जमाना न जाने कब इतिहास की बात हो गया. यह अलग बात है कि झारखंड के समान चुनावी राज्य महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज की पांच करोड़ की 35 फुट ऊंची प्रतिमा आठ महीने में ही 26 अगस्त को ढह जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक तौर पर माफी मांग ली. ऐसे ही, दिल्ली में कांग्रेस संग पहली बार 14 फरवरी 2014 तक महज 49 दिनों तक सरकार चलाने के बाद उसे गिरा देने के लिए वहां के 'आप' नेता अरविंद केजरीवाल ने अगले चुनाव में सार्वजनिक माफी मांग कर अपना कद बढ़ा लिया था. राजनीति में कभी-कभी झुकना भी अव्वल दर्जे की कूटनीति हुआ करती है.

झारखंड विधानसभा चुनाव ज्यों-ज्यों नजदीक आता जा रहा है, त्यों-त्यों राजनीतिक ड्रामों का वोल्टेज बढ़ता जा रहा है. चुनावी सर्वे आने लगे हैं. राजनीतिक घरौंदों में उछलकूद मचने लगी है. टिकटार्थियों की बेचैनी बढ़ने लगी है. कौन, कब, किधर चला जाएगा, कौन कह सकता है?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | डॉ. एसके पाण्डेय



## भगवान की तलाश

सदग्रंथ, सुसंत और भक्त कहते हैं कि भगवान सर्वव्यापी हैं. घट-घट वासी हैं. कण-कण में भगवान हैं. फिर भी भगवान नहीं मिलते. क्यों? जैसे ग्रंथों में अपार ज्ञान का भंडार भरा है. और ग्रन्थ सब जगह उपलब्ध भी हैं. फिर भी वह ज्ञान सहज प्राप्त नहीं है. न ही ज्ञान ग्रन्थ (जिसमें ज्ञान भरा है) के अवलोकन से और न ही स्पर्श से प्राप्त होता है. और तो और, ज्ञान ग्रंथों को पढ़ डालने से भी प्राप्त नहीं होता. ठीक ऐसे ही कण-कण में भगवान हैं और न ही दिखते हैं और न ही प्राप्त होते हैं. जैसे ग्रंथों से ज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना, ध्यान, चिंतन-मनन, प्रेम और विश्वास चाहिए. ठीक ऐसे ही कण-कण रुपी ग्रन्थ में बसे ज्ञान रूपी भगवान को प्राप्त करने के लिए साधना, ध्यान, चिंतन-मनन, प्रेम और विश्वास चाहिए. मालूम हो सबको ज्ञान प्राप्त नहीं होता. ठीक ऐसे ही सबको भगवान प्राप्त नहीं होते. यह भी ध्यान देने योग्य है कि ग्रंथों से ज्ञान प्राप्त कर लेना तो आसान है लेकिन कण-कण में बसे भगवान को प्राप्त करना आसान नहीं है. लोग भगवान को खोजते हैं. भगवान को जानना, पाना अथवा देखना चाहते हैं और भगवान स्वयं भक्त खोजते रहते हैं. लोग भगवान को तलाशते हैं और भगवान लोगों को. सच्चे भक्त की तलाश उन्हें हमेशा रहती है. सच्चे भक्त को भगवान को तलाशने की आवश्यकता ही नहीं रहती. भगवान स्वयं आकर मिलते हैं. कोई कितना ही बड़ा, संत, ज्ञानी अथवा विद्वान क्यों न हो, यदि उसमें भक्ति नहीं है तो उसे भगवान कदापि नहीं मिलेंगे. वहीं दूसरी ओर कोई कितना भी छोटा अथवा मूर्ख ही क्यों न हो, यदि उसमें भक्ति है तो उसे भगवान मिल जायेंगे. सारा संसार भगवान को प्रिय है. लेकिन भक्त सबसे प्रिय हैं. भगवान केवल सच्चे भक्त को मिलते हैं. और किसी को नहीं. भगवान को यहां-वहां, चाहे जहां तलाशो, पूजा-पाठ करो, प्रवचन करो अथवा सुनो, अर्थात चाहे जो साधन अथवा साधना करो भगवान मिलने वाले नहीं. भगवान प्रेम और भक्ति से ही द्रवित होते हैं. भगवान को ढकोसला और बनावट बिल्कुल रास नहीं आती, रास आती है तो सरलता, मन की निर्मलता. भगवन तो मिलना चाहते हैं, प्रकट होना चाहते हैं. इसके लिए वे बेताब रहते हैं, लेकिन मिलें तो किससे? किसके सामने प्रकट हों? उन्हें योग्य अधिकारी चाहिए? अनाधिकारी को कुछ भी देना पाप-अधर्म होता है.

# महापुरुष को न बनायें नफा-नुकसान का जरिया

• सियासत

विश्वनाथ सचदेव

जैन समुदाय का पर्युषण पर्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा एक-दूसरे से क्षमा मांगने का भी है –मिच्छामि दुक्कड़म. इन दो शब्दों में जीवन का एक बहुत बड़ा पाठ—जाने-अनजाने में हुई किसी भी भूल या अपराध के लिए एक-दूसरे से क्षमा मांग कर नये सिरे से रिश्तों को संवारना, उन्हें बनाये रखना—छिपा है. आसान नहीं होता क्षमा मांगना. भीतर के अहं का विसर्जन करना होता है पहले और क्षमा करना भी कम मुश्किल नहीं होता, लेकिन क्षमा मांग कर और क्षमा करके मानवीय रिश्तों को एक नया विस्तार मिलता है. कुछ क्षण के लिए ही सही, हमारे भीतर का मनुष्य जगता तो है. आवश्यकता इस 'मनुष्य' को जगाये रखने की है. क्षमा पर्व की यह बात हमारी राजनीति के तौर-तरीके के संदर्भ में भी याद रखी जानी चाहिए. हाल ही में महाराष्ट्र के मालवण क्षेत्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की एक विशाल मूर्ति के ढह जाने से राज्य की राजनीति में आये तूफान ने विपक्ष को जैसे एक जोरदार मुद्दा दे दिया है. पैंतीस फुट ऊंची इस विशालकाय मूर्ति का आठ-नौ महीने पहले ही स्वयं प्रधानमंत्री ने अनावरण किया था. महाराष्ट्र में शिवाजी महाराज एक इतिहास-पुरुष ही नहीं, देवत्व के स्तर का आराध्य माने जाते हैं. उनकी मूर्ति के अनावरण के लिए स्वयं प्रधानमंत्री के आने के भी राजनीतिक निहितार्थ हैं. इसलिए, इस बात पर भी आश्चर्य नहीं किया जाना चाहिए कि उस मूर्ति के इस तरह भरभराकर गिर जाने को विपक्ष ने राजनीतिक लाभ उठाने का एक अवसर बना लिया है. महाराष्ट्र की राजनीति को देखते हुए यह घटना कम महत्वपूर्ण नहीं है. सत्तारूढ़ पक्ष अच्छी तरह समझता है कि यह उसके लिए बचाव का क्षण है. इसलिए सत्तारूढ़ पक्ष के तीनों घटकों ने इस प्रकरण के लिए क्षमा मांगने में देरी नहीं लगायी. इस प्रकरण का एक महत्वपूर्ण पहलू स्वयं प्रधानमंत्री का इसके लिए क्षमा मांगना भी है. एक कार्यक्रम के लिए राज्य में आये प्रधानमंत्री ने 'मेरे और मेरे साथियों के आराध्य छत्रपति शिवाजी महाराज' से सार्वजनिक रूप से क्षमा मांगना ज़रूरी समझा. शिवाजी महाराज के लिए आदर-भाव होना ही चाहिए और जिस तरह वह मूर्ति ढही है, उसके लिए दोषियों को सज़ा भी मिलनी चाहिए, लेकिन जिस तरह से इस प्रकरण को राजनीति का एक हथियार बनाया जा रहा है, उससे कुछ सवाल तो उठते ही हैं. उठ भी रहे हैं. शायद इसीलिए प्रधानमंत्री का क्षमा मांगने का लहजा सवालों के घेरे में है. कहा जा रहा है कि क्षमा के साथ विनय का सीधा रिश्ता है. बिना विनयी हुए क्षमा मांगना एक दिखावे के रूप में ही देखा जाता है. जिस तरह विपक्ष ने इस प्रकरण को राजनीतिक लाभ उठाने का अवसर बनाया, उसी तरह महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ पक्ष भी राजनीतिक नुकसान कम करने का प्रयास कर रहा है. प्रधानमंत्री द्वारा क्षमा मांगना इस कोशिश का एक हिस्सा माना जा सकता है. सवाल उठता है, क्षमा मांगी किससे जा रही है? राजनीति करने वाले मूर्ति के इस तरह ढहने के लिए शिवाजी महाराज से क्षमा मांग रहे हैं. इस तरह क्षमा मांगने में कुछ ग़लत नहीं है, लेकिन यह अपमान छत्रपति शिवाजी महाराज का नहीं है, अपमान महाराष्ट्र की जनता का हुआ है, जिसके लिए शिवाजी देवता हैं. जनता एक विश्वास के साथ किसी पक्ष को सत्ता सौंपती है, निश्चित रूप से इस मूर्ति की स्थापना में कहीं कुछ खोट रहा है. इस खोट के अपराधियों को सज़ा मिलनी ही चाहिए. मूर्ति की स्थापना से जुड़ा वह हर पक्ष अपराधी है, जो इस प्रक्रिया से किसी भी रूप से जुड़ा था– फिर चाहे वह राजनीतिक पक्ष हो, राजनेता हो, अधिकारी हो, या शिल्पी. बहरहाल, शिवाजी महाराज जैसी विभूति राजनीतिक नफे-नुकसान का माध्यम नहीं बनायी जानी चाहिए. उनकी मूर्ति का लगाया जाना भी उनमें राज्य की जनता की आस्था का प्रतीक है और मूर्ति का ढहना भी जनता के संतप्त होने का कारण. इसलिए, क्षमा इस देश की जनता से मांगी जानी चाहिए. अपमान उस विश्वास का हुआ है, जो जनता अपने नेताओं, अधिकारियों, शिल्पियों आदि में रखती है. जनतंत्र में सत्ता जनता के हाथ में होती है. जनता ही इस तंत्र को चलाने के लिए कुछ लोगों को चुनती है. इन चुने हुए लोगों से अपेक्षा की जाती है कि वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ जनता के विश्वास की रक्षा करेंगे. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> हाल ही में महाराष्ट्र के मालवण क्षेत्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की एक विशाल मूर्ति के ढह जाने से राज्य की राजनीति में आये तूफान ने विपक्ष को जैसे एक जोरदार मुद्दा दे दिया है. पैंतीस फुट ऊंची इस विशालकाय मूर्ति का आठ-नौ महीने पहले ही स्वयं प्रधानमंत्री ने अनावरण किया था. महाराष्ट्र में शिवाजी महाराज एक इतिहास-पुरुष ही नहीं, देवत्व के स्तर का आराध्य माने जाते हैं.

# मजबूत इरादों के आगे नहीं टिकता अवसाद

• मनोविज्ञान

रेनू गहलोत रॉय

मजबूत इरादों वाला व्यक्ति बड़ी से बड़ी कठिनाइयों में भी रास्ता ढूंढ लेता है. उसके आगे अवसाद टिक नहीं पाता, किंतु नकारात्मक सोच वाले व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में टूट जाते हैं. वे अपने जीवन से इस तरह परेशान हो जाते हैं कि अपने जीवन को समाप्त करने की सोचने लगते हैं. अवसाद की चरम स्थिति व्यक्ति को आत्महत्या तक पहुंचा देती है. क्या किसी भी दिन का ऐसा कोई अखबार है, जिसमें आत्महत्या के बारे में एक भी समाचार न हो? और कभी-कभी तो हम आस-पड़ोस में ही ऐसी घटनाएं घटित होते हुए देखते हैं. कोई भी मनुष्य आत्महत्या करने के पहले बहुत बार सोचता है और वह कुछ न कुछ इशारे हमें बता देता है कि वह क्या करने वाला है. जैसे व्हाट्सएप पर मैसेज, कुछ दिन पहले से ही नकारात्मक बातें करना या जिंदगी को विदाई देने की बातें करना. कुछ ऐसी बातें होती हैं, जो उसके घर वाले, दोस्त, रिश्तेदार नहीं समझ पाते. यदि थोड़ी सी सतर्कता दिखाई जाए तो इतनी बड़ी घटना को हम बहुत सीमा तक रोक सकते हैं. विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की स्थापना 2003 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ मिलकर आत्महत्या रोकथाम के लिए अंतरराष्ट्रीय संघ द्वारा की गई थी. हर साल 10 सितंबर को इस पर ध्यान केंद्रित करने, कलंक को कम करने और संगठनों, सरकारों तथा जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने का लक्ष्य रखा जाता है, जिससे यह संदेश मिलता है कि आत्महत्याओं को रोका जा सकता है. इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों को यह भी बताना है कि आत्महत्या के अलावा जीवन में और भी बेहतर विकल्प हैं. इसके अलावा इस दिन का महत्व आत्महत्या से जुड़ी रूढ़िवादिता को कम करना और एक ऐसे समाज को बढ़ावा देना है, जहां लोग मदद लेने में हिचहिचाए नहीं. 2024 के लिए विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की थीम है ₹कार्रवाई के माध्यम से आशा पैदा करना।₹ यह थीम आत्महत्या की रोकथाम में निवारक उपायों और सहयोगात्मक प्रयासों के महत्वपूर्ण महत्व पर जोर देती है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया भर में सात लाख से अधिक लोग आत्महत्या एक वर्ष में करते हैं. हर बार आत्महत्या का कारण गंभीर डिप्रेशन (अवसाद) ही नहीं होता. कभी-कभी व्यक्ति उत्तेजना में आकर अपना आवेश खोकर आत्महत्या जैसे गंभीर परिणामों का शिकार हो जाता है. आज के समय में सभी के जीवन में तनाव बहुत अत्यधिक बढ़ गया है. मनुष्य की सहनशक्ति का क्षरण होता जा रहा है. जहां तक मैंने पाया है, अधिकतर मरीज अपने भीतर समस्या समाधान कौशल को विकसित ही नहीं करना चाहते. उनकी सोचने की शक्ति संकीर्ण होती जा रही है. कभी-कभी लोग बिना कारण ही चिंता से ग्रस्त रहते हैं. उनके जीवन में सर्वोपरि स्थान चिंता और तनाव का होता है. उससे वे बाहर निकलने की सोच ही नहीं रखते. आत्महत्या के विचारों से इस तरह दूर रहा जा सकता है. तनाव से दूर रहने की कोशिश करें. अगर हो सके तो मनोविशेषज्ञ से सलाह लें. अपने ट्रीटमेंट शेड्यूल को फॉलो करें. दोस्तों, परिवार, थेरेपिस्ट और डॉक्टर का नंबर अपने साथ रखें. जब भी बुरे ख्याल मन पर हावी होने लगें इन्हें कॉल करें और इनसे बात करें. अपनी रोज की रूटीन बनाएं. फिल्में देखें या गाने सुनें, ताकि मन बुरे खयाल से दूर हो सके. एल्कोहल जैसी चीजों से दूर रहें, जो आपकी उत्तेजना को बढ़ाती हैं या फिर नेगेटिव ख्यालों को ट्रिगर करती है. जो कुछ आपको अच्छा लगता है, जिन चीजों को आप फील करते हैं, उनके बारे में लिखें. स्वयं को हेल्दी रखें. अच्छा खाएं. वर्कआउट करें और आराम करें. सकारात्मक होने की कोशिश करें. उन लोगों के साथ रहें, जिनके साथ आपको सकारात्मक अनुभूति होती है. नई हॉबी बनाएं, जिदंगी को नया मकसद दें. अपनी खुशी को प्राथमिकता दें. तनाव कम करने के लिए एक्सरसाइज या मेडिटेशन आदि करें. स्वयं को मॉटिवेट करें. अगर आपको कोई जानवर पालने का मन करे तो उसे घर लेकर आएं. दोस्तों से मिलें. ध्यान रखें कि जिंदगी में कठिनाइयां कुछ समय के लिए होती हैं और आप इनसे पार पा सकते हैं. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की स्थापना 2003 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ मिलकर आत्महत्या रोकथाम के लिए अंतरराष्ट्रीय संघ द्वारा की गई थी. हर साल 10 सितंबर को इस पर ध्यान केंद्रित करने, कलंक को कम करने और संगठनों, सरकारों तथा जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने का लक्ष्य रखा जाता है.

## मीडिया में अन्यत्र

# विश्व बैंक ने कहा, बढ़ेगी भारत की विकास दर

**विश्व बैंक** ने भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए 2024-25 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि के अनुमान को इस साल की शुरुआत में अनुमानित 6.6 फीसदी से बढ़ाकर सात फीसदी कर दिया है. यह अनुमान अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और एशियाई विकास बैंक की भविष्यवाणियों के अनुरूप है, लेकिन आरबीआई और फिच रेटिंग्स द्वारा अनुमानित 7.2 फीसदी की वृद्धि से थोड़ा कम है. भारत के विकास के संबंध में पहले की गईं उम्मीदें थोड़ी मामूली थीं, जिसकी आंशिक वजह पिछले साल इसकी मजबूत 8.2 फीसदी की वृद्धि और मौद्रिक नीतियों एवं लगातार भू-राजनीतिक तनावों के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था के कमजोर रहने की संभावनाएं थीं. विश्व बैंक का अनुमान है कि वैश्विक वृद्धि पिछले साल के 2.6 फीसदी के रफ्तार के समान ही होगी, जो महामारी के पहले के स्तरों से काफी नीचे है. इस कमजोर बाहरी माहौल और कोविड-19 के बाद के उबरने के प्रभावों के खत्म होने के बावजूद, बैंक के अर्थशास्त्रियों को अब उम्मीद है कि इस साल भारत की वृद्धि दर सात फीसदी के मजबूत स्तर पर रहेगी. हालांकि, बाहरी जोखिम इस पर हावी हो सकते हैं. इन जोखिमों में आपूर्ति श्रृंखलाओं एवं जिन्सों की कीमतों पर दबाव और मुद्रास्फीति का उभार शामिल है, जो केंद्रीय बैंकों को ब्याज दरों को 'लंबे अरसे तक ऊंचा' बनाए रखने के लिए मजबूर कर सकता है. विश्व बैंक को उम्मीद है कि पिछले साल के कमजोर रुझानों के बजाय इस साल निजी उपभोग में 5.7 फीसदी और कृषि क्षेत्र में 4.1 फीसदी की वृद्धि होगी. खेती की स्थिति में सुधार औद्योगिक विकास में आई हल्की नरमी की भरपाई एवं कमजोर ग्रामीण मांग को पुनर्जीवित कर सकता है और मध्यम अवधि में निजी निवेश को बढ़ाने में मदद कर सकता है, जबकि आने वाले सालों में जीडीपी की वृद्धि दर 6.5 फीसदी - 6.7 फीसदी के बीच रहने की उम्मीद है. गैर-कृषि क्षेत्रों में रोजगार पैदा करने की भारत की अनिवार्यता के संबंध में, बैंक ने निजी मैन्यूफैक्चरिंग निवेशों का समर्थन करने के वास्ते उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं और नए रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन जैसे विचारों को स्वीकार किया. लेकिन ये सभी कदम शायद उस पैमाने की गतिविधि पैदा करने में सक्षम न हों, जिसकी भारत को अपने युवा श्रमशक्ति को संलग्न करने के लिए जरूरत है. बैंक ने विकास के एक महत्वपूर्ण इंजन-व्यापार के प्रति भारत के नजरिए पर पुनर्विचार की जरूरत पर बल दिया है. **(द हिंदू)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### कारगर/कारागार/कारीगर

**वह** बहुत अच्छा कारीगर है, लेकिन शराब की बुरी लत ने उसे बर्बाद कर दिया. उसे आदमी बनाने के लिए बहुत सारे उपाये किये गये, लेकिन कोई उपाय कारगर नहीं हो सका. इस बुरी लत ने उसे कारागार तक पहुंचा दिया. देवनागरी लिपि में प्रयोग में आने वाली स्वर वर्णों की मात्राओं की भूमिका चमत्कार पैदा कर देती है. मात्राओं में हेरफेर से कारगर कारागार भी बन जाता है और कारीगर भी. कारगर फारसी भाषा मूल का विशेषण शब्द है. हिंदी में इस शब्द का प्रयोग अनेक मतलब से किया जाता है. इसका मतलब है ठीक ढंग से काम करके अपना गुण, प्रभाव या परिणाम दिखानेवाला, प्रभावकारी, प्रभावी, गुणकारी, परिणामकारी, असरअंदाज, लाभदायक, उपयोगी, फलप्रद. जब किसी वकील की दलील अदालत में कारगर नहीं होती तो उसके मुवक्किल के लिए कारागार का द्वार खुल जाता है. यानी वह दंड का भागी हो जाता है. कारागर संस्कृत मूल का तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसको अंग्रेजी भाषा में जेल कहते हैं. आम बोलचाल में जेल शब्द का प्रयोग ही अधिक होता है. कारागार शब्द का प्रयोग कभी-कभी विशेष परिस्थितियों में व्यक्ति विशेष द्वारा ही होता है. कारागार शब्द के पर्यायवाची शब्द बंदीगृह, कारागृह तथा कैदखाना हैं. दरअसल कारागार शब्द कारा में आगार शब्द के मिलने से बनता है. कारा का मतलब है बंधन, कैद, कैदखाना और आगार का मतलब है घर, स्थान, शास्त्रागार, भंडार, खजाना. आगार का एक रूप आगर भी होता है, जिसका संज्ञा पुल्लिंग के रूप में अर्थ है खान, आकर, खजाना, ढेर, नमक जमाने का गड्ढा, छप्पर, घर तथा विशेषण के रूप में कुशल, श्रेष्ठ, उत्तम और क्रिया विशेषण के रूप में बहुत अधिक होता है. जो कलाओं का आगर है, उसे कारीगर कह सकते हैं. कारीगर फारसी भाषा मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब है लकड़ी पत्थर, धातु आिद से विभिन्न वस्तुओं का निर्माता या किसी मशीनरी की मरम्मत कार्य में निपुण व्यक्ति, शिल्पकार, दक्ष, कुशल, होशियार, हुनरमंद, गुणवान.

# आराम बड़ी चीज है, सिर ढंक के सोइए

• तीर-तुक्का

राजशेखर चौबे

कबीरदास जी ने कहा था- 'कल करे सो आज कर, आज करे सो अब, पल में परलय होएगी बहुरि करेगा कब.' सचमुच हमारे पूर्वज (बंदर नहीं) सीधे सादे थे. यदि कबीर आज के जमाने में फेसबुक या व्हाट्सएप में लिखते तो पता नहीं, इनकी कितनी खिंचाई होती. लोग कहते कि जब प्रलय ही होना है तो कोई काम क्यों करें. उन्होंने हिंदु एवं मुस्लिम दोनों धर्मों के पोंगापंथियों पर जमकर प्रहार किए. आज के जमाने में वैसा लिख पाना संभव नहीं है. उनसे बहुत कम लिखने पर भी कई लेखकों, साहित्यकारों और ब्लॉगरों को मौत के घाट उतार दिया गया है. मंहगाई बढ़ गई है. अच्छे दिन नहीं आए हैं. यह सब लिखना भी हिम्मत का काम हो गया है. लोग हाथ ही नहीं, अपना सब कुछ धोकर आपके पीछे पड़ जाएंगे. हमारे देश के लोग खासकर युवा अपने आइकन (वह नेता, अभिनेता, खिलाड़ी कोई भी हो सकता है) की नकल करता है. आज लोग विराट कोहली जैसी हेयर स्टाइल पसंद करते हैं. पुरानी अभिनेत्री 'साधना' के माथे पर फुंसी हो गई थी. फुंसी को छुपाने के लिए साधना कट का फैशन आया. हमारे युवा नेता किस तरह लोगों पर और सोने के भाव पर प्रभाव डाल सकते हैं, इस विचारणीय प्रश्न पर गौर करें. शेयर मार्केट में तेजी जीएसटी बिल के राज्यसभा में पारित होने पर आई है परन्तु सोने में तेजी इससे पहले ही आ गई थी. कई चिंतकों का मानना है कि सोने में तेजी हमारे युवा (पता नहीं कितने लोग उन्हें युवा मानते हैं) नेता के संसद में सोने के बाद ही आई है. उनके समर्थक इन चिंतकों से सहमत नहीं हैं. उनका मानना है कि युवा सांसद सो नहीं रहे थे, वे चिंतन कर रहे थे. अतः सोने में तेजी से उनका कोई संबंध नहीं है. हमारे मीडिया के महारथियों को इस पर वोटिंग अवश्य ही करवाना चाहिए. इस काल्पनिक वोटिंग का परिणाम इस तरह बताया जाएगा. (अ) 90 प्रतिशत लोग सोचते हैं कि युवा सांसद सो रहे थे. (ब) पांच प्रतिशत लोग सोचते हैं कि युवा सांसद चिंतन कर रहे थे. (स) पांच प्रतिशत लोग सोचते हैं कि वे सोकर चिंतन कर रहे थे. जनता पार्टी के सांसद मोहन भैय्या (मोहनलाल जैन) हमारे घर आते जाते थे. उनका कहना था कि संसद भवन में एसी इतनी ठंडक देता है कि वहां बैठे-बैठे ही नींद आने लगती है. वे पक्के जनसंघी नेता थे और उनमें सच को स्वीकार करने की हिम्मत थी. यदि आप बिस्तर में जाते हैं और पांच मिनट के अंदर सो जाते हैं तो आप सुखी व्यक्ति है. यदि आप बैठे-बैठे सो सकते हैं तो आप उससे भी सुखी व्यक्ति हैं. यदि आप खड़े-खड़े सो सकते हैं तो आप घोड़े नहीं, गधे हैं. उम्मीद है कि घोड़े और गधे बुरा नहीं मानेंगे.





गणेश चतुर्थी विशेष

*झारखंड में गणेश का सबसे पुराना मंदिर रांची के अपर बाजार क्षेत्र में महावीर चौक पर स्थित है, जो लगभग 100 वर्ष पुराना बताया जाता है. इस मंदिर के गर्भगृह में प्रस्तर की सुदर्शन गणपति मूर्ति स्थापित है. प्रतिमा शास्त्र के गणपति प्रतिमा के लक्षणों के अनुसार, इस प्रतिमा में गणेश कमलासन पर बैठे हुए हैं.*

# गणपति बप्पा मोरया





डॉ. हरेन्द्र सिन्हा
पुरातत्वविद्

गणेश चतुर्थी का पर्व इस वर्ष 7 सितंबर से आरंभ होकर अनंत चतुर्दशी के दिन 17 सितंबर तक मनाया जा रहा है. पूर्व में यह महत्वपूर्ण पर्व मुख्यतः महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों में मनाया जाता था जहां इस पर्व के दौरान हर तरफ से भक्तों द्वारा 'गणपति बप्पा मोरया, मंगळमूर्ती मोरया, पुढ़च्यावर्षी लवकरया' के नारे सुनाई देते थे. पर अब ये पर्व देश के हर हिस्से में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है. झारखंड में भी अब बहुत बड़े स्तर पर इसका आयोजन होने लगा है.

सौ वर्ष पुराना रांची का गणेश मंदिर

वैसे तो पूरे राज्य में गणेश के कई मंदिर हैं, लेकिन कहा जाता है कि झारखंड में गणेश का सबसे पुराना मंदिर रांची के अपर बाज़ार क्षेत्र में महावीर चौक पर स्थित है, जो लगभग 100 वर्ष पुराना बताया जाता है. इस मंदिर के गर्भगृह में प्रस्तर की सुदर्शन गणपति मूर्ति स्थापित है. प्रतिमा शास्त्र के गणपति प्रतिमा के लक्षणों के अनुसार, इस प्रतिमा में गणेश कमलासन पर बैठे हुए हैं. उनका दाहिना पैर आसन से लटक रहा है, जिसके पास वाहन मूषक भी बैठा दिखाया गया है. बायां पैर मोड़कर उन्होंने कमलासन पर ही रखा है. इनके ऊपर वाले दोनों हाथों में क्रमशः अंकुश और पाश है. नीचे दाहिना हाथ वरद मुद्रा में माला धारित किए हुए तथा बायां हाथ मोदक लिए हुए प्रदर्शित है. गणेश के सर के ऊपर स्वस्तिका का चित्र भी प्रदर्शित है. इसमें प्रदर्शित चार बिंदु, चारों पुरुषार्थ यानि क्रमशः धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष के प्रतीक हैं. स्वस्तिका की भुजाओं के समीप की दोनों रेखाएं, गणेश जी की दोनों पत्नियों अर्थात् ऋद्धि और सिद्धि की प्रतीक हैं और उनके आगे की दो रेखाएं उनके दोनों पुत्र योग और क्षेम अर्थात् लाभ और शुभ के प्रतीक हैं.

इस तरह ये स्वास्तिक चिह्न भगवान गणेश के पूरे परिवार के प्रतीक के रूप माना जाता है.

मंदिर के शिखर वाले हिस्से में भी आसन पर बैठी चतुर्भुजी स्थानक गणेश की मूर्ति बनाई गई है, जिसके पीछे शिव और पार्वती को खड़े दिखलाया गया है. गणेश के सामने भाई कार्तिकेय को भी, उनके वाहन मोर पक्षी के माध्यम से, सांकेतिक रूप में प्रदर्शित किया गया है.

इस प्राचीन मंदिर के बारे में बताया गया कि ये लगभग 100 साल पुराना मंदिर है और इसके वर्तमान पुजारी श्री मिश्रा जी हैं. चूंकि गणेश चतुर्थी पूजनोत्सव समीप आ रहा है, यहां भक्तों के भीड़ बढ़ रही है. पुराणों के अनुसार भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था, इसलिए इस दिन को गणेश चतुर्थी के रूप में मनाया जाता है.

## यह है कथा

पौराणिक कथाओं के अनुसार द्वारपाल के रूप में नंदी जी की आकस्मिक अनुपस्थिति के कारण, एक बार पार्वती जी जब स्नान के लिए जा रही थीं, उन्होंने अपने शरीर के उबटन से एक सुंदर बालक की मूर्ति का निर्माण किया और उसे गणेश नाम दिया. पार्वती ने इस बालक को आदेश दिया कि जब वो स्नान कर रही हों, तो कोई भी अंदर न आने पाए. इसके पश्चात् वो नहाने चली गईं. इसी बीच भगवान शिव जब वहां आए तो बालक गणेश ने उन्हें पहचाना नहीं और हठपूर्वक उन्हें अंदर जान से ये कह कर रोका कि 'अंदर मेरी मां नहा रही हैं.' इस पर शिव क्रोधित हो गए और चूंकि उन्होंने भी गणेश को नहीं पहचाना तो त्रिशूल से इस बालक का सिर काट दिया. जब पार्वती को ये बात मालूम हुई तो वह बहुत ही क्रुद्ध हुईं और उन्होंने सारी बात बता कर शिव को मजबूर कर दिया कि वो उस बालक को अविलंब पुनर्जीवित करें. अपनी भूल समझ कर शिव ने अपने गणों को, किसी माता द्वारा उपेक्षित, किसी बालक का सिर काट का लाने का आदेश दिया. गण बहुत ढूंढकर एक हाथी के उपेक्षित बच्चे का सर ला सके. हाथी के बच्चे का यही कटा सर बालक के शरीर में जोड़ दिया गया. यही बच्चा गणपति के नाम से मशहूर हुआ.

## एकता और राष्ट्रभक्ति

गणेश चतुर्थी का इतिहास मराठा साम्राज्य के सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़ा है, जिन्होंने मुग़लों से सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए, इस पर्व को मनाना शुरू किया था. लेकिन आगे चलकर सबसे महत्वपूर्ण घटना ये हुई कि लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने आज़ादी की लड़ाई के दौरान, सन् 1893 में लोगों में एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने के मक़सद से, गणेशोत्सव की शुरुआत की, जो आज तक भी महाराष्ट्र में अत्यधिक सफलतापूर्वक जारी है और धीरे-धीरे पूरे देश में भी ये लोकप्रिय हो चुका है.





## जल में प्रवाहित करने की परंपरा

गणेश चतुर्थी का पर्व 10 दिवसीय होता है और दसवें दिन गणपति को नदी में प्रवाहित कर दिया जाता है. इसका कारण ये है कि महर्षि वेदव्यास ने भगवान गणपति से 'महाभारत' की रचना को लेखापित करने की प्रार्थना की और गणेश चतुर्थी के दिन ही व्यास जी श्लोक बोलते गए और गणेश जी उसे लिखने लगे. 10 दिनों की लगातार परिश्रम के बाद यह लेखन कार्य पूर्ण हुआ, लेकिन इस दौरान गणेश जी के शरीर पर धूल-मिट्टी की परतें चढ़ गई थीं. गणेश जी ने इसको साफ करने के लिए ही दसवें दिन चतुर्थी पर सरस्वती नदी में स्नान किया था. तभी से इस पर्व के दसवें दिन गणेश जी की प्रतिमा को विधि विधान से जल में प्रवाहित कर देने की परंपरा शुरू की गई.

गणेश चतुर्थी का यह पावन पर्व अब झारखंड में भी हर्षोल्लास के साथ समाज के सभी वर्गों द्वारा एक साथ मिलजुल कर मनाया जाता है. बहुत ही ख़ूबसूरत पंडाल बना कर गणेश जी को स्थापित किया जाता है और नवरात्र की ही भांति, गणेश चतुर्थी के 10 दिनों की अवधि में भी लोग पंडालों में सपरिवार घूम घूम कर अपनी श्रद्धा अर्पित करते हैं.



## गणेश चतुर्थी के टोटके



आचार्य
अजय मिश्रा

- गणेश चतुर्थी के दिन श्री गणेश अभिषेक करें और फिर गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ करें.
- गणेश चतुर्थी के दिन गणेश यंत्र की स्थापना करें. घर में इस यंत्र की स्थापना और पूजन करने से बुरी शक्ति से बचाव होता है.
- कोई परेशानी लंबे समय से बनी हुई है तो गणेश चतुर्थी के दिन हाथी को हरा चारा खिलाएं व भगवान गणेश के मंदिर जाकर उनकी पूजा करें. परेशानियों से शीघ्र निजात मिलेगी.
- धन से जुड़ी समस्याएं हैं तो गणेश चतुर्थी के दिन स्नान के बाद भगवान श्री गणेश को गुड़ और शुद्ध घी का भोग अवश्य लगाएं. इसके बाद इस भोग के प्रसाद को गाय को खिला दें. यह उपाय धन संबंधी समस्या दूर करता है.
- कोई मनोवांछित काम अटका है तो चतुर्थी के दिन भगवान श्री गणेश के मंदिर जाकर गुड़ की 21 गोलियां बनाएं और दूर्वा के साथ इसे अर्पित करें. मनोकामना जल्द पूरी होगी.
- विवाह में परेशानी आ रही है तो गणेश चतुर्थी के दिन व्रत रखें और बप्पा को मालपुए का भोग लगाएं. इससे शीघ्र ही विवाह का योग बन जाता है.
- विवाह संबंधी परेशानी दूर करने के लिए गणेश चतुर्थी के दिन भगवान श्री गणेश को पीले रंग की मिठाई का भोग लगाएं.
- त्रयीमयायाखिलबुद्धिदात्रे बुद्धिप्रदीपाय सुराधिपाय.
- नित्याय सत्याय च नित्यबुद्धि नित्यं निरीहाय नमोस्तु नित्यम्.
- मेहनत के बाद भी काम बनते-बनते बिगड़ जाते हैं तो उपरोक्त मंत्र का जाप करें.

**भगवान गणेश सुख-समृद्धि, आनंद- मंगल, ज्ञान एवं शुभता के अधिष्ठाता हैं. विघ्नहर्ता हैं. इन्हें प्रथम पूज्य माना जाता है. किसी भी शुभ या मांगलिक काम से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है. रामचरित मानस के मंगलाचरण में तुलसीदास ने सर्वप्रथम सरस्वती के साथ गणेश की वंदना की है- 'वन्दे वाणी विनायकौ'. मान्यता है कि भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को मध्याह्न के समय गणेश जी का जन्म हुआ था. प्रभु का प्राकट्योत्सव भाद्रपद माह की चतुर्थी से चतुर्दशी तक दस दिनों तक मनाया जाता है. इस दौरान हर तरफ 'गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया' का जयकारा गुंजायमान रहता है.**

# वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ



हिमकर श्याम
साहित्यकार

गणेश शब्द का अर्थ है-समस्त जीव जाति के ईश अर्थात् स्वामी. गणेश, गणपति के रूप में गणों के अधिपति हैं. छन्दशास्त्र में आठ गण होते हैं- यगण, मगण, तगण, रगण, जगण, भगण, नगण और सगण. इनके अधिष्ठाता देवता होने के कारण भी इन्हें गणेश की संज्ञा दी गई है. इन्हें अक्षरों को भी गण माना गया है. अतएव गणेश विद्या, बुद्धि-विवेक के देवता हैं. गणपति चिन्मय हैं, आनंदमय हैं, ब्रह्ममय हैं और सच्चिदानंद स्वरूप हैं. आदर्श, प्रेरक, मार्गदर्शक हैं. गणेश का एक नाम विनायक भी है. विनायक का अर्थ विशिष्ट नायक, स्वामी. 'वि' उपसर्ग को विघ्न का लघुस्वरूप माना जाता है. इसलिए विनायक का एक अर्थ विघ्नों का नायक भी होता है. गणेश को मंगलकारी देवता के रूप मे मंगलमूर्ति के नाम से भी पूजा जाता है. इनका अंतर्मन से स्मरण, मन में उत्पन्न होने वाले समस्त नकारात्मक भावों को दूर करने में सहायक है.

**गणेश जी के प्रतीक और उनका महत्व**

गणपति का व्यक्तित्व अनूठा है. मनुष्य का शरीर, हाथी का सिर, बड़े-बड़े कान, छोटी आंखें, लंबी नाक, विशाल उदर, चार हाथ, एक दांत, चूहे की सवारी सभी कुछ निराला है. उनकी शारीरिक संरचना में विशिष्ट और गहरा अर्थ निहित है. गणपति का सिर विवेक और ज्ञान का प्रतीक है. गज (हाथी) जैसा सिर होने की वजह से उन्हें गजानन कहा जाता है शिवजी द्वारा गणेश के मानव-सिर को काटना उस अहंकार के नाश का प्रतीक है. बड़े कान अधिक ग्राह्य शक्ति और छोटी और पैनी आंखें सूक्ष्म-तीक्ष्ण दृष्टि की परिचायक है. लंबी नाक महाबुद्धित्व का प्रतीक है. उन्हें 'लम्बोदर 'और' महोदर' भी कहा जाता है, जो उनके उदर का विवरणात्मक है. उनका विशाल उदर जीवन में अच्छाई और बुराई को शांतिपूर्ण तरह से स्वीकृत कर लेने का प्रतीक है. वह एकदंत भी हैं. उनका टूटा हुआ दांत संयम का प्रतीक है. उनकी चार भुजाएं चारों दिशाओं में सर्वव्यापकता का प्रतीक है. मोदक



सदैव गणेश जी के हाथों में रहता है. इनको मोदक बहुत प्रिय है. मोदक का अर्थ- मोद' यानी आनंद व 'क' का अर्थ है छोटा-सा भाग. शंख, कमल और परशु भी गणेश जी हाथों में धारण करते हैं. शंख जल का प्रतीक है. कमल सौंदर्य का, वीणा संगीत का और परशु शक्ति का प्रतीक हैं. इनका वाहन चूहा जीवन की समस्याओं का प्रतीक है. इन समस्याओं को गणेश दूर करते हैं.

**गणपति का परिवार**

गणपति शिव-पार्वती के पुत्र हैं. इनके बड़े भाई का नाम 'कार्तिकेय' है जिन्हें युद्ध का देवता' माना जाता है और बहन का नाम 'अशोकसुंदरी' है. रिद्धि और सिद्धि इनकी पत्नियां हैं. इनके दो पुत्र हैं, शुभ और लाभ. साथ ही इनके दो पोते भी हैं, आमोद और प्रमोद. रिद्धि और सिद्धि प्राण और अपान की प्रतीक हैं जिनके बगैर कोई सृष्टि या जीवन संभव नहीं. भगवान गणेश 'बुद्धि के देवता' हैं, ऐसे में 'स्वास्तिक' बुद्धि का पवित्र प्रतीक है. ब्रह्मांड के समस्त चराचर जीवों की स्वस्ति-कामना स्वास्तिक में सन्निहित है. मान्यता है कि स्वास्तिक में गणपति अपने पूरे परिवार सहित विराजते हैं.

**सर्वपूज्य देवता**

श्री गणेश अग्रपूज्य ही नहीं सर्वपूज्य देवता हैं. भारत में ही नहीं वरन् दुनिया के अनेक देशों में पूजे जाते हैं. चीन, जापान, कम्बोडिया, तिब्बत, श्रीलंका, थाईलैंड, इंडोनेशिया आदि देशों में भी विभिन्न नामों से इनकी पूजा होती है. बौद्ध और जैन धर्मावलंबियों में भी इनका प्रभाव है. बौद्ध धर्म की वज्रयान शाखा का विश्वास है कि गणेश की स्तुति के बिना मंत्र सिद्धि नहीं हो सकती. जैनियों में विवाह के अवसर पर 'विनायक मंत्र' की पूजा की जाती है. तिब्बत में गणेश जी को दुष्टात्माओं के दुष्प्रभाव से रक्षा करने वाले देवता के रूप में पूजा जाता हैं. मिश्र में ईसा से 236 पूर्व के कई मंदिर थे और इन्हें कृषि रक्षक देवता के रूप में पूजा जाता था.

**लेखन कार्य का अधिपति**

भगवान गणेश को लेखन कार्य का भी अधिपति माना गया है. गणेश जी ने ही महाभारत का लेखन किया था. जब महर्षि वेदव्यास ने महाभारत की रचना करने का मन बनाया तो उन्हें उस महाकाव्य के लिए एक ऐसे लेखक की तलाश थी जो उनके कथन और विचारों को बिना बाधित किए लेखन कार्य करता रहे. क्योंकि बाधा आने पर विचारों की सतत प्रक्रिया प्रभावित हो सकती थी. तब प्रथम पूज्य भगवान गणेश का स्मरण आया. व्यास जी ने बगैर देर किए भगवान गणेश से संपर्क कर अनुरोध किया. गणेश ने उनके सामने एक शर्त रखी थी कि व्यास बोलते समय रुकेंगे नहीं. व्यास ऋषि बिना रुके बोलते रहे और गणेश ने बिना चूके लिखते रहे.

**स्वतंत्रता संग्राम में गणेशोत्सव**

गणेशोत्सव का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व के साथ-साथ ऐतिहासिक महत्व भी है. ब्रितानी हुकूमत की गुलामी की जंजीरों से देश को आजाद करने वाले क्रांतिकारियों ने लोगों में सांस्कृतिक चेतना जगाने के लिए गणेशोत्सव का सहारा लिया था. लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने 1893 में पुणे में पहली बार सार्वजनिक रूप से गणेशोत्सव मनाया. बाद में सावर्जनिक गणेशोत्सव स्वतंत्रता संग्राम में लोगों को एकजुट करने का ज़रिया बना.



गुड़िया झा

# चंद्रदेव की आराधना का पर्व चौठचन्द्र

**अपने देश में प्रकृति से जुड़ी हर एक चीज की पूजा की जाती है. बिहार के मिथिलांचल में मनाया जाने वाला चंद्रदेव की आराधना के पर्व चौठचन्द्र भी प्रकृति पूजा ही है. यह पर्व भाद्रपद माह के शुक्लपक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है. एक नजर इसके विधि-विधान और पौराणिक मान्यता पर**



## विधि-विधान

इस दिन स्नान कर पूरे घर आंगन की सफाई की जाती है और अगर स्थान मिट्टी वाला हो तो गाय के गोबर से लिपाई की जाती है. फिर अरवा चावल को पानी में भिंगोने के बाद उसे पीसकर पेस्ट तैयार कर उस पेस्ट से आंगन में चंद्रदेव की आकृति के साथ मां गौरी और भगवान श्री गणेश की आकृति (अरिपन) बनाने के बाद उसपर सिंदूर का टीका भी लगाया जाता है. महिलाएं निर्जला व्रत रख कर पूरे दिन पकवान तैयार करती हैं. फिर सभी पकवानों और विभिन्न प्रकार के फलों को बांस से बनी छोटी-छोटी डालियों पर सजाया जाता है. एक दिन पहले ही शुद्ध गाय के दूध से मिट्टी के बर्तनों में दही जमाया जाता है. जितने भी घर के सदस्य होते हैं उतनी ही पकवानों की डालियां और दही के बर्तनों को भी तैयार किया जाता है.

चंद्रदेव की आकृति के अल्पना (अरिपन) के ऊपर केले के पत्ते पर फूल, दीपक, चन्दन, अक्षत आदि अर्पित कर शाम को सूर्यास्त के बाद और चंद्रदेव के निकलने के बाद एक -एक कर सभी पकवानों की डालियों और दही के बर्तनों को हाथ में लेकर पूरे मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की जाती है.

## पौराणिक मान्यता का विशेष महत्व

एक दिन भगवान श्री गणेश अपने वाहन मूषक के साथ कैलाश के भ्रमण पर निकले थे. तभी उन्हें चंद्रदेव के हंसने की आवाज सुनाई दी. भगवान गणेश ने चंद्रदेव से उनके हंसने का कारण पूछा. इस पर चंद्रदेव ने कहा कि भगवान गणेश का विचित्र रूप देखकर उन्हें हंसी आ रही है. मजाक उड़ाने की इस प्रवृत्ति को देख कर गणेश जी को काफी गुस्सा आया. उन्होंने चंद्रदेव को श्राप दिया और कहा कि जिस रूप का उन्हें इतना अभिमान है वह रूप आज से कुरूप हो जाएगा. कोई भी व्यक्ति जो चंद्रदेव को इस दिन देखेगा, उसे झूठा कलंक लगेगा. यह बात सुनते ही चंद्रदेव भगवान गणेश के सामने क्षमा मांगने लगे. उन्होंने भगवान गणेश को खुश करने के लिए भाद्रपद की चतुर्थी को गणेश जी की पूजा की तथा उनके लिए व्रत रखा. तब भगवान गणेश ने चंद्रदेव को माफ कर दिया और कहा कि वे अपनी बात को वापस तो नहीं ले सकते परंतु वह उसका असर कम कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि यदि चंद्रदेव के झूठे आरोप से किसी व्यक्ति को बचना है तो उसे गणेश चतुर्थी की शाम को चंद्रमा की पूजा भी करनी होगी.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# 5 दिग्गज जो 350 से ज्यादा मैच खेलने के बाद भी कभी नहीं बने कप्तान

## भारत से युवराज सिंह भी इस क्लब में शामिल

लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली

किसी क्रिकेटर का इंटरनेशनल करियर तभी लंबा होता है जब वह अपने प्रदर्शन से प्रभावित करता है. जब कोई खिलाड़ी अच्छा खेलता है तो वह कप्तानी का दावेदार भी बन जाता है. हालांकि इसके बाद भी कई ऐसे खिलाड़ी रहे हैं जो कभी अपने देश की कप्तानी नहीं कर पाए. 350 से ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने के बाद भी अपने देश की कप्तान नहीं बनाए जाने वाले 5 दिग्गजों के नाम हम आपको बताते हैं.

### मुथैया मुरलीधरन




सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने के बाद भी कप्तानी नहीं करने का रिकॉर्ड मुथैया मुरलीधरन के नाम है. सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज मुरलीधरन ने 495 मैच खेले हैं. इसमें उनके नाम 1347 विकेट हैं. लेकिन ये कभी श्रीलंका टीम के कप्तान नहीं बनाए गए.

### युवराज सिंह




युवराज सिंह भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे बड़े मैच विनर माने जाते हैं. 2011 टी20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के हीरो रहे युवी कई मौकों पर टीम के उपकप्तान रहे, हालांकि उन्हें एक बार भी कप्तानी करने का मौका नहीं मिला. उनका दुर्भाग्य रहा कि उनके समय में टीम इंडिया की कप्तानी महेंद्र सिंह धौनी को मिल गई.

### जेम्स एंडरसन




इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन संन्यास का ऐलान कर चुके हैं. सचिन तेंदुलकर के बाद सबसे ज्यादा 188 टेस्ट खेलने वाले एंडरसन ने 194 वनडे भी खेले हैं. इसके बावजूद कभी इंग्लैंड टीम के कप्तान नहीं बन पाए.

### ग्लेन मैक्ग्रा




ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा भी इस लिस्ट में शामिल हैं. वह तीन वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे. वनडे और टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं लेकिन फिर भी कप्तान नहीं बन पाए.

### मार्क वॉ




मार्क वॉ महान कप्तान स्टीव वॉ के भाई हैं. स्टीव क्रिकेट इतिहास के सबसे सफल कप्तानों में गिने जाते हैं. हालांकि मार्क को सभी कप्तानी का मौका नहीं मिला. उन्होंने टेस्ट के लिए 128 टेस्ट और 244 वनडे खेले. उनके नाम इंटरनेशनल क्रिकेट में 16529 रन हैं.

### पुरानी दिल्ली 6 के सफर पर बोले इशांत

# टीम से बढ़कर, यह एक परिवार

एजेंसी। नयी दिल्ली

पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने दिल्ली प्रीमियर लीग में पुरानी दिल्ली 6 टीम के शानदार प्रदर्शन को लेकर खुशी व्यक्त की है. पुरानी दिल्ली 6 सेंट्रल दिल्ली लायंस को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी है.

हालांकि इशांत ने टूर्नामेंट में बॉलिंग नहीं की है, लेकिन टीम को एक परिवार की तरह संजोए हुए हैं और मार्गदर्शन करते चले आ रहे हैं. इशांत ने कहा, दुर्भाग्यवश मैं प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं हूं, लेकिन जिस तरह से टीम प्रदर्शन कर रही है, अदभुत है. मैं इतना ही कहूंगा ये टीम नहीं एक परिवार है. टीम के मालिक आकाश नांगिया जिस तरह से टीम के



हर सदस्य के लिए खड़े हैं. पुरानी दिल्ली 6 ने दो मैच जीतकर लीग में शानदार वापसी की है. टीम का मनोबल बढ़ाते हुए इशांत ने कहा कि, ऐसे ही फोकस बनाए रखें और उसी जुनून के साथ खेलना जारी रखें जो उन्हें यहां तक लाया है. मैं अपने इस परिवार को बस यही सलाह दूंगा कि बारीकी पर विशेष ध्यान दो, दिल से खेलो. अगर ऐसा कर पाए तो तुम्हे जीत से कोई नहीं रोक सकता.

## ब्रीफ खबरें

### मुशीर ने चूर-चूर किया सचिन का रिकार्ड

**नयी दिल्ली।** अंडर-19 विश्व कप में ऑलराउंडर प्रदर्शन का लोहा मनवा चुके मुशीर खान ने दलीप ट्रॉफी 2024 के डेब्यू मैच में ही कोहराम मचा दिया. सरफराज के छोटे भाई ने शुभमन गिल की कप्तानी वाली इंडिया-ए के खिलाफ विध्वंसक बैटिंग की और 373 गेंदों का सामना करते हुए 16 चौके और 5 छक्के उड़ाए. स्टार स्पिनर कुलदीप यादव की गेंद पर आउट होने से पहले मुशीर ने 181 रन बनाए. यह दलीप ट्रॉफी के डेब्यू मैच में किसी भी खिलाड़ी का चौथा सर्वश्रेष्ठ स्कोर है. मुशीर ने सचिन तेंदुलकर का रिकार्ड ध्वस्त कर दिया. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में विपक्षी टीम के इंटरनेशनल गेंदबाजों के आगे चट्टान की तरह टिके रहे.

### 'बाहुबली' नीरज चोपड़ा ने मारी फाइनल में एंट्री

**नयी दिल्ली।** भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने प्रतिष्ठित डायमंड लीग की 14 सीरीज के बाद समग्र तालिका में चौथे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया. डायमंड लीग का फाइनल 13 और 14 सितंबर को ब्रुसेल्स में होगा. इस प्रतियोगिता के साथ ही एथलेटिक्स में इस सत्र का समापन भी होगा. चोपड़ा डायमंड लीग के दोहा और लुसाने चरण में दूसरे स्थान पर रहे थे. उन्होंने कुल 14 अंक अर्जित किए. उन्होंने ज्यूरिख में आखिरी सीरीज में भाग नहीं लिया था. यह 26 वर्षीय खिलाड़ी चेक गणराज्य के तीसरे नंबर पर रहने वाले जैकब वाडलेच से दो अंक पीछे रहे.

### पेरिस पैरालंपिक में अब तक भारत का शानदार प्रदर्शन जारी, जीते 26 मेडल

# जूडो में कपिल परमार ने जीता ब्रॉन्ज

एजेंसी। पेरिस

पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन जारी हैं. इसी कड़ी में जेएल 60 किग्रा मेन्स पैरा जूडो में कपिल परमार ने ब्रॉन्ज मेडल जीता. कांस्य पदक के मैच में कपिल ने ब्राजील के एलिल्टोन डि ओलिवेरा को एकतरफा तरीके से 10-0 से हराया. पैरालंपिक के इतिहास में भारत का जूडो में यह पहला पदक रहा. पैरा जूडो में जेएल वर्ग में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जो दृष्टिबाधित होते हैं या फिर उनकी कम दृष्टि होती है. कपिल के कांस्य पदक के साथ ही पेरिस पैरालंपिक में भारत के पदकों की संख्या अब 26 हो गई है. भारत अब तक 6 गोल्ड, 8 सिल्वर और 12 ब्रॉन्ज मेडल जीत चुका है.

परमार ने 2022 एशियाई खेलों में इसी वर्ग में रजत पदक जीता था. बता दें कि कपिल परमार ने क्वार्टर फाइनल में वेनेजुएला के मार्को डेनिस ब्लांको को 10-0 से मात दी थी. हालांकि सेमीफाइनल में उनको ईरान के एस. बनिताबा खोर्रम अबादी ने 0-10 से हरा दिया. परमार को इन दोनों मुकाबलों में एक-एक पीला कार्ड मिला. सेमीफाइनल में हार के साथ ही परमार का गोल्ड जीतने का सपना जरूर टूट गया, लेकिन उन्होंने कांस्य पदक जीतकर अब नया इतिहास रचा. उधर महिलाओं के 48 किग्रा जे2 वर्ग के क्वार्टर फाइनल में भारत की कोकिला को कजाखस्तान की अकमारल नौटबेक से 0-10 से हार का सामना करना पड़ा. फिर रेपेचेज-ए के J2 फाइनल में कोकिला को यूक्रेन की यूलिया इवानित्स्का से 0-10 से हार मिली. इसमें उन्हें तीन जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी को दो पीले कार्ड मिले. जूडो में पीले कार्ड मामूली उल्लघंन के लिए दिए जाते हैं. J2 वर्ग में आंशिक दृष्टि वाले खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं.



### सिमरन महिलाओं के 100 मीटर टी12 फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं, पदक से चूकीं

**पेरिस।** भारत की सिमरन शर्मा गुरुवार को यहां पेरिस में पैरालंपिक खेलों में महिलाओं के 100 मीटर-टी12 फाइनल में चौथे स्थान पर रहकर पदक से चूक गईं. सिमरन ने चार खिलाड़ियों के फाइनल में 12.31 सेकेंड का समय निकाला. उन्होंने फाइनल में बहुत अच्छा प्रयास किया, लेकिन धीमी शुरुआत के कारण पदक की स्थिति में नहीं पहुंच सकीं और इसकी भरपाई नहीं कर सकीं. क्यूबा की ओमारा एलियास, जिन्होंने 11.81 सेकंड के सीज़न-सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण पदक जीता. यूक्रेन की ओक्साना बोटुरचुक ने 12.17 सेकंड के साथ रजत पदक जीता, जो सीज़न के लिए उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था, जबकि जर्मनी की कैटरीन म्यूलर-रॉटगार्ड ने 12.26 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता. गाइड अभय सिंह के साथ दौड़ने वाली सिमरन की शुरुआत धीमी रही और वह इससे उबर नहीं सकी और उसने 12.31 सेकेंड का समय निकाला. इससे पहले, सिमरन ने



गुरुवार को स्टेड डी फ्रांस में 12.33 सेकंड के समय के साथ सेमीफाइनल 2 में दूसरे स्थान पर रहने के बाद महिलाओं की 100 मीटर -टी12 फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था. 24 वर्षीय मौजूदा विश्व चैंपियन सिमरन सेमीफाइनल में जर्मनी की कैटरीन म्यूलर -रॉटगार्ड के बाद दूसरे स्थान पर रहीं. सिमरन ने तीसरी सबसे तेज धावक के रूप में फाइनल में अपनी जगह पक्की की. नियम के अनुसार, सेमीफ़ाइनल में प्रथम स्थान प्राप्त धावक और अगले 2 सबसे तेज़ धावक फ़ाइनल में आगे बढ़ते हैं.

### पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारत के पदकवीर

1. **अवनि लेखरा (शूटिंग)**- गोल्ड मेडल, वूमेन्स 10 मीटर एयर राइफल
2. **मोना अग्रवाल (शूटिंग)**- ब्रॉन्ज मेडल, वूमेन्स 10 मीटर एयर राइफल
3. **प्रीति पाल (एथलेटिक्स)**- ब्रॉन्ज मेडल, वूमेन्स 100 मीटर रेस
4. **मनीष नरवाल (शूटिंग)**- सिल्वर मेडल, मेन्स 10 मीटर एयर पिस्टल
5. **रुबीना फ्रांसिस (शूटिंग)**- ब्रॉन्ज मेडल, वूमेन्स 10 मीटर एयर पिस्टल
6. **प्रीति पाल (एथलेटिक्स)**- ब्रॉन्ज मेडल, वूमेन्स 200 मीटर रेस
7. **निषाद कुमार (एथलेटिक्स)**- सिल्वर मेडल, मेन्स हाई जंप
8. **योगेश कथुनिया (एथलेटिक्स)** - सिल्वर मेडल, मेन्स डिस्कस थ्रो
9. **नितेश कुमार (बैडमिंटन)**- गोल्ड मेडल, मेन्स सिंगल्स
10. **मनीषा रामदास (बैडमिंटन)**- ब्रॉन्ज मेडल, वूमेन्स सिंगल्स
11. **थुलासिमथी मुरुगेसन (बैडमिंटन)**- सिल्वर मेडल, वूमेन्स सिंगल्स
12. **सुहास एल यथिराज (बैडमिंटन)**- सिल्वर मेडल, मेन्स सिंगल्स
13. **शीतल देवी-राकेश कुमार (तीरंदाजी)**- ब्रॉन्ज मेडल, मिक्स्ड कंपाउंड ओपन
14. **सुमित अंतिल (एथलेटिक्स)**- गोल्ड मेडल, मेन्स जैवलिन थ्रो (एफ 64 वर्ग)



15. **नित्या श्री सिवन (बैडमिंटन)**- ब्रॉन्ज मेडल, वूमेन्स सिंगल्स
16. **दीप्ति जीवनजी (एथलेटिक्स)** - ब्रॉन्ज मेडल, वूमेन्स 400
17. **मरियप्पन थंगावेलु (एथलेटिक्स)** - ब्रॉन्ज मेडल, मेन्स हाई जंप
18. शरद कुमार (एथलेटिक्स)- सिल्वर मेडल, मेन्स हाई जंप
19. **अजीत सिंह (एथलेटिक्स)**- सिल्वर मेडल, मेन्स जैवलिन थ्रो
20. **सुंदर सिंह गुर्जर (एथलेटिक्स)** - ब्रॉन्ज मेडल, मेन्स जैवलिन
21. **सचिन सरजेराव खिलारी (एथलेटिक्स)**- सिल्वर मेडल, मेन्स शॉट पुट
22. **हरविंदर सिंह (तीरंदाजी)**- गोल्ड मेडल, मेन्स इंडिविजुअल रिकर्व ओपन
23. **धर्मबीर (एथलेटिक्स)**- गोल्ड मेडल, मेन्स क्लब थ्रो
24. **प्रणव सूरमा (एथलेटिक्स)**- सिल्वर मेडल, मेन्स क्लब थ्रो
25. **कपिल परमार (जूडो)**- ब्रॉन्ज मेडल, मेन्स 60 किलो
26. प्रवीण कुमार ने दिलाया ऊंची कूद में गोल्ड

### आईपीएल 2025 में देंगे राजस्थान रॉयल्स को कोचिंग

# राहुल द्रविड़ को फिर मिली हेड कोच की जिम्मेवारी

एजेंसी। जयपुर

भारतीय टीम के पूर्व हेड कोच राहुल द्रविड़ को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में बड़ी जिम्मेदारी मिली है. वह आईपीएल के 2025 सीजन से पहले राजस्थान रॉयल्स के हेड कोच बन गए हैं. ध्यान रहे इस साल जून में टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के राहुल द्रविड़ हेड कोच थे. ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, द्रविड़ ने हाल ही में फ्रेंचाइजी के साथ एक डील साइन की है. वह आगामी मेगा ऑक्शन से पहले खिलाड़ियों को रिटेन करने के बारे में शुरुआती बातचीत की है. द्रविड़ का अंडर-19 के जमाने से ही राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के साथ लंबा वर्किंग रिलेशनशिप रहा है.

द्रविड़ का राजस्थान रॉयल्स के के साथ लंबा इतिहास रहा है. वह आईपीएल 2012 और 2013 में उनके कप्तान थे और 2014 और 2015 आईपीएल सीजन में टीम डायरेक्टर और मेंटर के रूप में काम किया. 2016 में द्रविड़ दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) में चले गए. 2019 में राहुल द्रविड़ को बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट अकादमी के हेड की जिम्मेदारी मिल गई. साल 2021 में उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया. उन्होंने अपने तीन साल के कोचिंग कार्यकाल में द्रविड़ ने भारतीय टीम को डब्ल्यूटीसी फाइनल 2021 और 2023, वनडे वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में पहुंचाया. वहीं 29 जून 2024 को उनकी ही कोचिंग में टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप में चैम्पियन बनी थी.

विक्रम राठौड़ की भी होगी वापसी. क्रिकइंफो की रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि राजस्थान रॉयल्स भारत के पूर्व बल्लेबाज विक्रम राठौड़ को द्रविड़ का असिस्टेंट कोच बना सकता है. भारत के पूर्व सेलेक्टर राठौड़ 2019 में भारत के बल्लेबाजी कोच बनने से पहले एनसीए में द्रविड़ के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे.रिपोर्ट में कहा गया है कि द्रविड़ आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की कोचिंग संभालेंगे. वहीं कुमार संगकारा जो 2021 से टीम के डायरेक्टर क्रिकेट हैं, वह फ्रेंचाइजी के साथ बने रहेंगे और अन्य लीगों में उनकी टीमों की देखभाल करेंगे.



### 2008 से है राजस्थान को आईपीएल खिताब का इंतजार

राजस्थान रॉयल्स 2008 में आईपीएल के ओपनिंग सीजन के बाद से इस लीग का खिताब नहीं जीत सका है. 2022 में संजू सैमसन की कप्तानी में टीम उपविजेता रही थी, वह सीजन गुजरात टाइटन्स ने जीता था. 2023 में राजस्थान की टीम प्लेऑफ में जगह बनाने में विफल रही, सीजन की शानदार शुरुआत के बावजूद टीम प्वाइंट्स टेबल मे पांचवें स्थान पर थी. वहीं 2024 में राजस्थान टीम क्वालीफायर 2 में बाहर हो गए.

# वोल्वार्ट, जेन्सन को सीएसए वार्षिक पुरस्कारों में मिला शीर्ष सम्मान

एजेंसी। जोहान्सबर्ग

दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट सीएसए वार्षिक पुरस्कारों में बड़ी विजेता बनकर उभरीं. उन्होंने 2023-24 सीज़न के शानदार प्रदर्शन के बाद वर्ष की महिला खिलाड़ी सहित पांच पुरस्कार अपने नाम किए. वोल्वार्ट ने न केवल स्थाई रूप से नेतृत्व की भूमिका निभाई, बल्कि सीज़न के दौरान वनडे और टी20 में दक्षिण अफ्रीका की शीर्ष रन-स्कोरर भी रहीं. वोल्वार्ट को वर्ष की महिला एकदिवसीय खिलाड़ी और वर्ष की महिला टी20 खिलाड़ी नामित किया गया. उन्होंने प्लेयर ऑफ द ईयर और फैन्स प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार भी



जीते. बॉलिंग ऑलराउंडर मार्को जेन्सन को उनके हरफनमौला योगदान के लिए वर्ष का पुरुष खिलाड़ी नामित किया गया, जिसमें वनडे विश्व कप में 17 विकेट और भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में बल्ले और गेंद दोनों से उत्कृष्ट प्रदर्शन शामिल है. पुरस्कारों में 1 मई, 2023 से 30 अप्रैल, 2024 तक की उपलब्धियों को शामिल किया गया है, जिसका अर्थ है कि जून के पुरुष टी20 विश्व कप और वेस्ट इंडीज में टेस्ट और टी20 श्रृंखला में प्रदर्शन को केवल अगले वर्ष के लिए माना जाएगा. पुरस्कार मई के बजाय सितंबर में आयोजित किए जाते हैं, क्योंकि सीएसए के प्रायोजकों को सभी अनुबंधित खिलाड़ियों की उपस्थिति की आवश्यकता होती है, जो कि आईपीएल के कारण मई में संभव नहीं था. मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिंगहैम को उनके पहले प्रदर्शन के लिए पहचाना गया, उन्होंने भारत के खिलाफ 56 रन और न्यूजीलैंड में दो बड़े स्कोर बनाए.

# 20 से लीजेंड्स लीग क्रिकेट की शुरुआत

### चार शहरों में होंगे मुकाबले

एजेंसी। नयी दिल्ली

लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) वापस आ गया है. इस बार रिटायर क्रिकेटर्स की यह लीग 20 सितंबर से शुरू हो रही है. पहला मैच होगा हरभजन सिंह की टीम मणिपाल टाइगर्स और इरफान पठान की टीम कोणार्क सूर्याज ओडिशा (पहले भीलवाड़ा किंग्स) के बीच होगा. टूर्नामेंट में छह टीमें हैं जो कुल 25 मैच खेलेंगी. फाइनल 16 अक्टूबर को होगा. यह टूर्नामेंट में 200 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा लेंगे. मुकाबले चार शहरों - जोधपुर, सूरत, जम्मू और श्रीनगर में खेले जाएंगे. लीजेंड्स लीग क्रिकेट के 25 मैचों में से 6 मैच जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में खेले जाएंगे. सूरत का लालभाई कॉन्ट्रैक्ट स्टेडियम 27 सितंबर से 6 मैचों की मेजबानी करेगा. जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम में 3 अक्टूबर से 6 मैच खेले जाएंगे. फिर श्रीनगर के बक्शी स्टेडियम में 9 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक 7 मैच खेले जाएंगे, जिसमें फाइनल भी शामिल है.

### लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2024 का शेड्यूल

**जोधपुर**

- **20 सितंबर :** कोणार्क सूर्याज ओडिशा बनाम मणिपाल टाइगर्स
- **21 सितंबर :** इंडिया कैपिटल्स बनाम हैदराबाद टीम
- **22 सितंबर :** मणिपाल टाइगर्स बनाम गुजरात टीम
- **23 सितंबर :** सदर्न सुपरस्टार्स बनाम गुजरात टीम
- **25 सितंबर :** हैदराबाद टीम बनाम सदर्न सुपरस्टार्स
- **26 सितंबर :** सदर्न सुपरस्टार्स बनाम गुजरात टीम

**सूरत**

- **27 सितंबर :** कोणार्क सूर्याज ओडिशा बनाम मणिपाल टाइगर्स
- **28 सितंबर :** हैदराबाद टीम बनाम गुजरात टीम
- **29 सितंबर :** इंडिया कैपिटल्स बनाम कोणार्क सूर्याज ओडिशा
- **30 सितंबर :** इंडिया कैपिटल्स बनाम मणिपाल टाइगर्स
- **1 अक्टूबर :** मणिपाल टाइगर्स बनाम सदर्न सुपरस्टार्स
- **2 अक्टूबर :** कोणार्क सूर्याज ओडिशा बनाम सदर्न सुपरस्टार्स

**जम्मू**

- **3 अक्टूबर :** मणिपाल टाइगर्स बनाम हैदराबाद टीम
- **4 अक्टूबर :** इंडिया कैपिटल्स बनाम कोणार्क सूर्याज ओडिशा
- **5 अक्टूबर :** हैदराबाद टीम बनाम गुजरात टीम
- **6 अक्टूबर :** इंडिया कैपिटल्स बनाम सदर्न सुपरस्टार्स
- **6 अक्टूबर :** कोणार्क सूर्याज ओडिशा बनाम हैदराबाद टीम
- **7 अक्टूबर :** इंडिया कैपिटल्स बनाम गुजरात टीम

**श्रीनगर**

- **9 अक्टूबर :** हैदराबाद टीम बनाम सदर्न सुपरस्टार्स
- **10 अक्टूबर :** इंडिया कैपिटल्स बनाम मणिपाल टाइगर्स
- **11 अक्टूबर :** कोणार्क सूर्याज ओडिशा बनाम गुजरात टीम
- **12 अक्टूबर :** क्वालीफायर (पहले स्थान पर रहने वाली टीम बनाम दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम)
- **13 अक्टूबर :** एलिमिनेटर (तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम बनाम चौथे स्थान पर रहने वाली टीम)
- **14 अक्टूबर :** सेमीफाइनल (क्वालीफायर में हारने वाली टीम बनाम एलिमिनेटर जीतने वाली टीम)
- **16 अक्टूबर :** फाइनल (क्वालीफायर जीतने वाली टीम बनाम सेमीफाइनल जीतने वाली टीम)

### फुटबॉल | पुर्तगाल के महान फुटबॉलर ने हासिल किया बेहद ऊंचा मुकाम

# 900 गोल की उपलब्धि पर पहुंचे करिश्माई स्ट्राइकर रोनाल्डो

एजेंसी। लिस्बन

करिश्माई स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने क्लब और देश के लिए अपने करियर का 900वां गोल किया, यह उपलब्धि पहले कभी नहीं हुई. छह बार के बैलन डी ओर विजेता ने यूईएफए नेशंस लीग ग्रुप मैच में क्रोएशिया पर 2-1 की जीत के दौरान पुर्तगाल का दूसरा गोल किया. जबरदस्त उपलब्धि के बाद, रोनाल्डो ने कहा कि वह रिकॉर्ड नहीं तोड़ते बल्कि वे उन्हें परेशान करते हैं.

रोनाल्डो ने मैच के बाद साक्षात्कार में कहा, 900 गोल किसी भी अन्य मील के पत्थर की तरह लगते हैं, लेकिन केवल मैं ही जानता हूं कि अपना 900वां गोल करने के लिए हर दिन कड़ी मेहनत करनी पड़ती है. यह मेरे करियर में एक अनोखा मील का पत्थर है. मैं रिकॉर्ड नहीं तोड़ता, वे मुझे परेशान करते हैं! रोनाल्डो का गोल उस रात अंतर पैदा करने वाला साबित हुआ और पुर्तगाल को



नेशंस लीग ग्रुप ए अभियान में विजयी शुरुआत करने में मदद मिली. 2016 यूरो विजेताओं के लिए यह उनका 131वां गोल था. अल-नासर फारवर्ड अपने मील के पत्थर के जश्न में छह-यार्ड बॉक्स के किनारे से स्कोर करने के बाद अपने घुटनों पर गिर गए और अपने देश में ऐसा करने का सम्मान पाने के जबरदस्त क्षण से भावुक थे. हालांकि यह अनिश्चित है कि रोनाल्डो का अंतर्राष्ट्रीय करियर कब समाप्त हो सकता है, पुर्तगालियों ने हाल ही में स्वीकार किया है कि यह सहज निर्णय होगा, 39 वर्षीय ने कहा कि वह अब राष्ट्रीय टीम के लिए ट्रॉफी जीतने के लिए प्रेरित नहीं हैं. उन्होंने कहा, पुर्तगाल का यूरो जीतना विश्व कप जीतने के बराबर है. मैं पहले ही पुर्तगाल के लिए दो ट्रॉफियां जीत चुका हूं जो मैं वास्तव में चाहता था. मैं इससे प्रेरित नहीं हूं. मैं फुटबॉल का आनंद लेने से प्रेरित हूं और रिकॉर्ड स्वाभाविक रूप से बनते हैं. अपने करियर में रोनाल्डो ने दो दशकों से अधिक समय तक यूरोप में अपना दबदबा कायम रखा है और वह फुटबॉल इतिहास में सबसे शानदार गोल स्कोरर में से एक साबित हुए हैं. स्पोर्टिंग लिस्बन (5 गोल) मैनचेस्टर यूनाइटेड (145 गोल), रियल मैड्रिड (450 गोल) जुवेंटस (101 गोल), अल-नासर (68 गोल. उनके कार्यकाल ने उन्हें अनगिनत रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराते देखा है. इस ऐतिहासिक मील के पत्थर तक पहुंचने के बाद, रियल मैड्रिड, वह क्लब जहां पुर्तगाली स्ट्राइकर ने मिस्टर चैंपियंस लीग उपनाम अर्जित किया, ने अपने सर्वकालिक शीर्ष गोल स्कोरर को बधाई देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया. एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर: रियल मैड्रिड और विश्व फुटबॉल के महानतम दिग्गजों में से एक के पेशेवर करियर में 900 गोल. बधाई हो, प्रिय और प्रशंसित क्रिस्टियानो . एक्स पर रियल मैड्रिड ने अपनी पोस्ट में कहा ! रियल मैड्रिड और मैड्रिड के प्रशंसकों को हमेशा आप पर गर्व है.

# नवारो को हराकर सबालेंका लगातार दूसरी बार यूएस ओपन फाइनल में

एजेंसी। न्यूयॉर्क

नंबर 2 सीड आर्यना सबालेंका ने आर्थर ऐश स्टेडियम में घरेलू पसंदीदा एम्मा नवारो को 6-3, 7-6 (2) से हरा कर लगातार दूसरी बार यूएस ओपन फाइनल में जगह बनाई. पूर्व विश्व नंबर 1 सबालेंका, जो पिछले साल यूएस ओपन में कोको गॉफ से उपविजेता रही थीं, को अमेरिकी नवारो से बचने के लिए 90 मिनट की जरूरत थी, जो अपना पहला ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल खेल रही थीं. सबालेंका ने शनिवार के फ़ाइनल में अपनी राह में केवल एक सेट छोड़ा है और वह न्यूयॉर्क पहुंचने से पहले सिनसिनाटी ओपन में खिताब जीतने के बाद, जहां उन्होंने फाइनल में जेसिका पेगुला को हराया था, अपना लगातार



दूसरा टूर्नामेंट जीतने की कोशिश करेंगी. इस जीत के साथ, 26 वर्षीय सबालेंका 2018 और 2019 में सेरेना विलियम्स के बाद लगातार यूएस ओपन फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला बन गईं. सबालेंका पिछले दो सीज़न के दौरान सभी चार हार्ड-कोर्ट ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंची हैं. कोर्ट पर अपने साक्षात्कार के दौरान, उत्साहित सबालेंका ने भीड़ को उनके लिए देर से समर्थन देने के लिए चिढ़ाया। ओह, अब आप लोग मेरे लिए जयकार कर रहे हैं, उन्होंने हंसते हुए स्वीकार किया कि एश में एक अमेरिकी के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना कितना कठिन है. फिर भी, दो दिन पहले, उन्होंने उनके समर्थन के लिए मुफ्त पेय का वादा किया था. उन्होंने हंसते हुए वादा किया,डोबेल टकीला की ओर से सभी के लिए मार्गरीटास! 2016 में एंजेलिक कर्बर के ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन जीतने के बाद से सबालेंका एक ही वर्ष में दोनों हार्ड-कोर्ट ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली पहली महिला बनने से एक जीत दूर हैं. सबालेंका ने इस साल की शुरुआत में अपना दूसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता था.

## ब्रीफ खबरें

### ट्रैक्टर ने दो को रौंदा, एक की मौके पर मौत

**पूर्णिया ।** पूर्णिया में दो चचेरे भाई भीषण सड़क हादसे के शिकार हो गए , जिनमें से एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है. घटना जलालगढ़ थाना के जलालगढ़ एनएच पर हुआ है. विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो भाइयों को टक्कर मार दी. इस जबरदस्त हादसा में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. एक की इलाज के क्रम में मौत हो गई, जबकि दूसरे का गंभीर स्थिति में इलाज चल रहा है. हादसे अचानक ट्रैक्टर का रॉन्ग साइड लेने से हुआ है.

### ट्रक से कुचलकर एक व्यक्ति की मौत

**मुंगेर ।** मुंगेर के हवेली खड़गपुर-बरियारपुर मुख्य मार्ग के लोहची में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है. घटना शुक्रवार की बताई जा रही है. इधर, ट्रक की चपेट में आने से हुई मौत के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने खड़गपुर-बरियारपुर मुख्य मार्ग को लोहची के समीप जाम कर दिए हैं. सड़क जाम से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार खड़ी हो गई है. जिससे आमलोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

### दो लाख के नकली नोट के साथ तीन गिरफ्तार

**मोतिहारी ।** भारत नेपाल बॉर्डर के पास मोतिहारी में दो लाख रुपए जाली नोटों के साथ पुलिस ने तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है. सभी अपराधियों की गिरफ्तारी नेपाल के सीमावर्ती इलाकों से की गई है. गिरफ्तार धंधेबाजों में भागलपुर का नजरे सद्दाम भी शामिल है. ऐसा बताया जा रहा है कि इसके तार पाकिस्तान से भी जुड़े हैं. खुफिया एजेंसियां पाकिस्तान कनेक्शन की जांच कर रही है. साथ ही अन्य धंधेबाजों से भी पूछताछ की जा रही है. सूत्रों के अनुसार इन जाली नोटों को जम्मू-कश्मीर में होने वाले चुनाव में भी खपाने की साजिश थी. बता दें कि जांच एजेंसियों को लंबे समय से धंधेबाजों के सक्रिय होने का लगातार इनपुट मिल रहा था.

## नाली में पानी गिराने को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट और पथराव

# मां की मौके पर ही मौत, बेटा घायल

- चंदन प्रसाद और छोटन प्रसाद के बीच नाली में पानी गिरने को लेकर कई दिनों से विवाद चल आ रहा है
- पथराव की घटना में देव कुवर देवी को गहरी चोट लगी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई

**संवाददाता ।पटना**



पटना में दो गुटों के बीच हुई जमकर मारपीट और पथराव में एक महिला की मौत हो गई. जबकि उसका बेटा घायल हो गया. यह घटना धनरुआ थानाक्षेत्र के छोटकी मटिया पर गांव की है. जहां नाली में पानी गिरने की बात को लेकर चंदन प्रसाद और छोटन प्रसाद के बीच विवाद शुरू हो गया. दोनों के बीच बात इतनी बढ़ गई कि मारपीट और पथराव शुरू हो गया. गांव के लोगों ने बताया कि दोनों पड़ोसी हैं. पथराव की घटना में देव कुवर देवी को गहरी चोट लगी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई. जबकि उनका बेटा छोटन प्रसाद पत्थर लगने से घायल हो गया. घटना की सूचना के बाद पूरे गांव में सनसनी का माहौल कायम हो गया. उसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना धनरुआ थाने को दी.

सूचना मिलते ही धनरुआ थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल से दो महिलाओं को हिरासत में लिया. घटना के बाद पुलिस ने मृतका देव कुवर देवी के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया. जबकि घायल छोटन प्रसाद को इलाज के लिए नजदीक के नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है. घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई. तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस गांव में कैंप कर रही है.

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के चंदन प्रसाद और छोटन प्रसाद के बीच नाली में पानी गिरने को लेकर कई दिनों से विवाद चल आ रहा है. इसी बीच शुक्रवार को दोनों के बीच कहासुनी हुई और विवाद इतना बढ़ गया कि देखते ही देखते दोनों के बीच पथराव शुरू हो गया. घटना के बाद छोटन प्रसाद ने आरोप लगाया कि चंदन प्रसाद द्वारा अपने गुंडो को बुलाकर गोली चलाई गई है. जबकि पुलिस ने गोली चलाई जाने की बात की पुष्टि नहीं की है.

बताया जा रहा कि पथराव में छोटन प्रसाद की मां देव कुवर देवी (65) को पत्थर लगा और वह वहीं पर गिर पड़ीं. कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई. घटना के बाद चंदन प्रसाद अपने आदमियों के साथ गांव से फरार हो गया. सूचना मिलते ही धनरुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फरार हुए चंदन प्रसाद और उसके आदमियों की तलाश में छापामारी शुरू कर दी.

### भभुआ में वज्रपात से 4 लोगों की मौत

**कैमूर ।** वज्रपात की चपेट में आकर कैमूर जिले के भभुआ में 24 घंटे के अंदर चार लोगों की मौत हो गयी. दो किशोरों की मौत से इलाके में मातम पसरा है वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. प्रदेश में ठनका गिरने की घटना अन्य जिलों में भी हुई है. पूर्णिया में वज्रपात से कई मवेशियों की जान चली गयी. भभुआ के भगवानपुर थाना क्षेत्र के ओरगांव के सिवान में गुरुवार की देर शाम हल्की बारिश के साथ में मेघ गर्जन हुआ. इस दौरान दो किशोर इमली पेड़ के नीचे बैठकर मोबाइल चला रहा था. अचानक दोनों किशोरों पर ठनका गिर गया जिससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई. मृतक का परिचय भगवानपुर थाना क्षेत्र के ओरगांव नगूला निवासी दीनानाथ राम के पुत्र प्रिंस कुमार और सुखिया पोखर गांव निवासी मुंशी राम के पुत्र नीरज कुमार के रूप में की गयी है.

जानकारी के मुताबिक गुरुवार की देर शाम के समय दोनों बच्चे गांव से बाहर सिवान में घूमने के लिए गए हुए थे. इस दौरान मौसम ने करवट ली और हल्की बारिश शुरू हो गयी. इस दौरान दोनों बच्चे इमली पेड़ के नीचे बैठकर मोबाइल चलाने लगे. कुछ देर बाद तेज हवा के साथ बारिश होने लगी और आकाश में बादल गरजने लगे.

## तीन साल के बच्चे ने किया खुलासा, बोला-

# गुस्से में आकर पापा ने मम्मी को रॉड से मार डाला, मौत

**संवाददाता ।पूर्णिया**

पूर्णिया के बायसी थाना क्षेत्र के बजेटी गांव से दिल दहला देने वाली घटना की खबर सामने आई है. एक सनकी पति ने अपनी पत्नी को लोहे के रॉड से पीट-पीटकर मार डाला. इस घटना का खुलासा उसके ही तीन साल के बच्चे ने किया है. मृतक महिला की पहचान कविता देवी के रूप में हुई है, जो अपने पति जुलुम शर्मा और दो बच्चों के साथ रहती थी. सुबह करीब 4 बजे पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद पति ने लोहे के रॉड से हमला कर दिया. महिला की मौत हो गई. बच्चे ने अपनी अंधी नानी को बताया कि पापा ने मम्मी को मार दिया. इसके बाद महिला की अंधी मां ने हल्ला किया, जिसे सुनकर आसपास के लोग जुट गए और पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर सनकी पति को गिरफ्तार कर लिया और महिला की लाश को पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिया. घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

**पड़ोसियों को भी इस तरह की**



**आशंका नहीं थी :** पड़ोसी पार्वती देवी ने बताया कि कविता की शादी जुलुम शर्मा से 7 वर्ष पूर्व हुई थी और उनके दो बच्चे हैं. शादी के बाद से सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था, लेकिन इस घटना ने सभी को हिला कर रख दिया है. हमने कभी नहीं सोचा था कि जुलुम इतना जुल्मी हो सकता है. पार्वती देवी ने आगे बताया मैंने सुना था कि जुलुम और कविता के बीच अक्सर विवाद होता था, लेकिन हमने कभी नहीं सोचा था कि यह इतना खतरनाक हो जाएगा. हमें लगता है कि जुलुम को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए. घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि सनकी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है. इस घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है और लोगों में आक्रोश है.

### गया में व्यवसायी के घर से 30 लाख की लूट

**गया ।** गया में हथियारबंद छह अपराधियों ने दिनदहाड़े एक घर में डकैती की घटना को अंजाम दिया है. इस घटना में अपराधी नगद समेत 30 लाख रुपए लूट कर फरार हो गये. घटना शेरघाटी थाना क्षेत्र के रमना मोड़ की है. पीड़ित व्यवसायी रोहित साहु ने बताया कि सभी अपराधी हथियार के साथ थे और हथियार के बल पर उन लोगों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया है. लूटपाट की घटना के तुरंत बाद घर के मालिक ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई. स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह सात बजे जिले के व्यस्ततम रमना मोड़ पर स्थित रोहित साहू के गोदाम पर छह हथियारबंद बदमाशों ने अचानक हमला कर दिया. बदमाश गोदाम में घुस गये और घर के मालिक रोहित साहू को तमंचे के नोंक पर घर के अंदर ले गये और फिर डकैती करने लगे.

## बेगूसराय में मॉब लिंचिंग

# बकरी चोरी के आरोप में दो युवकों की पिटाई, एक की मौत

**संवाददाता ।बेगूसराय**

बेगूसराय में ग्रामीणों ने बकरी चोरी के आरोप में दो युवकों की पिटाई कर दी. शुक्रवार की सुबह की ये घटना है. ग्रामीणों ने दोनों युवकों को इतना मारा कि इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर है. बेगूसराय सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है. पूरा मामला वीरपुर थाना क्षेत्र के भावनंदपुर गांव का है. मृतक युवक की पहचान वीरपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले मोहित कुमार के रूप में की गई है. घायल युवक की पहचान राहुल कुमार के रूप में की गई है. ग्रामीणों का कहना है कि दोनों युवक शुक्रवार सुबह भावनंदपुर से एक बकरी चुराकर बाइक से भाग रहे थे. लोगों ने दोनों युवक को खदेड़ना शुरू कर दिया. इसी दौरान भावनंदपुर के पास अचानक युवकों की बाइक खराब हो गई और लोगों ने उन्हें पकड़ लिया.

**पेड़ से बांधकर जमकर पीटा... फिर पुलिस के हवाले किया :** उधर दोनों युवकों की पेड़ से बांधकर पिटाई की तस्वीर सामने आई है. ग्रामीणों ने पिटाई के बाद घायल अवस्था में पुलिस के हवाले कर दिया. इसके बाद दोनों युवकों को लेकर पुलिस इलाज कराने के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल ले गई. यहां इलाज के दौरान मोहित कुमार की मौत हो गई जबकि राहुल कुमार का इलाज चल रहा है. इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है. उधर, बेगूसराय पुलिस की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए घटना की पुष्टि की है. बताया है कि सुबह करीब 7 बजे के आसपास पुलिस को सूचना मिली कि दो बकरी चोर को भागते हुए पकड़ा गया.

### जवानों ने ऑनलाइन लिया घूस, गिरफ्तार

**नवादा ।** बिहार पुलिस ने वाहन जांच के नाम पर अवैध वसूली करने वाले दो पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है. यह कार्रवाई नवादा पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल ने की है. इस संबंध में एसपी अंबरीष राहुल ने बताया कि गोंदापुर टीओपी डायल 112 मोटरसाइकिल सिपाही इंद्रजीत कुमार और सुनील कुमार को निलंबित किया गया हैं. ये दोनों पुलिसकर्मी वाहन जांच के नाम पर अवैध वसूली कर रहे थे. पीड़ित वाहन मालिक ने दोनों पुलिसकर्मियों को 8000 रुपए नगद और फिर उनके कहने पर किसी अज्ञात व्यक्ति के मोबाइल पर गूगल पे पर 1800 रुपए का भुगतान करवाया था. पीड़ित शख्स ने उसका स्क्रीन शॉर्ट पुलिस अधीक्षक के व्हाट्सअप पर भेजा और न्याय की गुहार लगाई. मामला संज्ञान में आते ही एसपी अंबरीष राहुल ने इस मामले की जांच करने के आदेश दिए. जांच के दौरान आरोप सत्य पाया गया, जिसके बाद नगर थाना में केस दर्ज करवाया गया.

# मुसलमानों को पाक भेज दिया गया होता तो तौकीर रजा पैदा भी नहीं होते : गिरिराज सिंह

**संवाददाता ।नयी दिल्ली/पटना**

वक्फ बिल 2024 के विरोध में बरेली के मौलाना तौकीर रजा के मुसलमानों के सड़क पर उतरकर दिल्ली का घेराव करने के बयान की केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने निंदा की है. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह हमारा दुर्भाग्य रहा है. यदि आजादी के समय सभी मुसलमानों को पाकिस्तान भेज दिया गया होता तो तौकीर रजा पैदा ही नहीं होते. उन्होंने कहा, इन लोगों ने जानबूझकर तुष्टिकरण के लिए भारत में नफरत फैलाने का काम किया है. तौकीर रजा ने बहुसंख्यकों को क्या समझ रखा है? वह यह समझते हैं कि हिंदू चूड़ी पहन कर बैठा है. वह आरएसएस को गाली देते हैं, यह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है.

बता दें कि वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को लेकर उत्तर प्रदेश में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयत उलेमा-ए-हिन्द सहित कई संगठनों ने इसका विरोध किया था. बरेली के मौलाना तौकीर रजा ने कहा था कि हमारी बातें नहीं मानी गयी तो अब मुसलमान सड़कों पर उतरेंगे और दिल्ली का घेराव करेंगे. साथ ही इससे पहले उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए एक बयान में कहा था कि वक्फ की जमीन पर किसने कब्जा किया है, सरकार को ये बताना चाहिए. उन्होंने कहा, हिंदुस्तान के सबसे अमीर आदमी ने वक्फ की संपत्ति पर कब्जा किया है.

**वक्फ की संपति पर कई सरकारी बिल्डिंग बनी हुई हैं :** वक्फ की संपति पर कई सरकारी बिल्डिंग बनी हुई हैं . अगर सरकार को हमसे हमदर्दी है तो सबसे पहले उन्हें इन संपत्तियों को रिलीज करना चाहिए . ये जो बिल लाने की कोशिश की जा रही है, हम उसे जमीन के हिसाब से नही बल्कि शरीयत के हिसाब से देख रहे हैं . वक्फ में दखलअंदाजी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा . इसके लिए हम किसी हद तक जा सकते हैं .

**राहुल गांधी हिमाचल प्रदेश से एनआरसी की शुरुआत करें :** शिमला के संजौली मस्जिद का मुद्दा गरमाया हुआ है . प्रदेश सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह के अवैध मस्जिद को गिराने वाले बयान का केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने समर्थन किया है . सिंह ने कहा, अनिरुद्ध सिंह हिमाचल सरकार के मंत्री हैं, जो सदन में सीएम की उपस्थिति में बोल रहे थे, जिसे सारे देश ने देखा .

## कारोबार

### बाजार स्टाइल रिटेल के शेयर की हुई लिस्टिंग

**मुंबई ।** बाजार स्टाइल रिटेल लिमिटेड का शेयर शुक्रवार को स्टॉक एक्सचेंज पर फ्लैट लिस्ट हुआ. बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर शेयर आईपीओ के इश्यू प्राइस 389 पर ही लिस्ट हुआ. हालांकि, अभी इसमें 8% से ज्यादा की तेजी है, ये 421 रुपए के स्तर पर कारोबार कर रहा है. यह इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग 30 अगस्त से 3 सितंबर तक निवेशकों के लिए ओपन था. तीन कारोबारी दिनों में आईपीओ टोटल 40.63 गुना सब्सक्राइब हुआ था.

### चंदा और दीपक को एससी का नोटिस

**नयी दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को नोटिस जारी कर उनकी गिरफ्तारी को अवैध बताने वाले बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर जवाब मांगा है. दरअसल, बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस साल 6 फरवरी लोन फ्रॉड मामले में चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी को अवैध बताया था.

## हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन बाजार में बड़ी गिरावट से 5 लाख करोड़ डूबे

# सेंसेक्स 1017 अंक टूटा, निफ्टी 24900 से नीचे

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट दर्ज की गई. शुक्रवार के कारोबारी सत्र के बाद सेंसेक्स 1,017.23 (1.23%) अंक टूटकर 81,183.93 पर बंद हुआ. दूसरी ओर, निफ्टी 292.95 (1.17%) अंक फिसलकर 24,852.15 के स्तर पर पहुंच गया. अमेरिका में रोजगार के आंकड़े आने से पहले निवेशकों में बेचैनी दिखी. अमेरिकी रोजगार के आंकड़ों फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती के आकार और गति को निर्धारित कर सकते हैं. ऐसे में इससे आने वाले समय में बाजार का रुझान तय होगा. वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच घरेलू शेयर बाजार के भी सभी क्षेत्रों में बिकवाली देखी गई. शुक्रवार के कारोबारी सत्र के दौरान बीएसई सेंसेक्स 81,200 से नीचे फिसलकर 1,100 अंक से अधिक नीचे पहुंच गया. इस बीच, निफ्टी 50 भी 24,900 अंक से नीचे फिसल गया.

**बीएसई का मार्केट कैप 5.3 लाख करोड़ रुपये कम हुआ :** शुक्रवार के कारोबारी सत्र के बाद बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों



का बाजार पूंजीकरण 5.3 लाख करोड़ रुपये घटकर 460.35 लाख करोड़ रुपये रह गया. सेंसेक्स के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी, इंफोसिस, आईटीसी, एचसीएल टेक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट से इंडेक्स धड़ाम हो गया.

**सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान पर बंद हुए :** सेक्टरवार देखें तो, निफ्टी पीएसयू बैंक और ऑयल व गैस इंडेक्स में 2% से अधिक की गिरावट आई. वहीं, ऑटो, बैंक, मीडिया, मेटल और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयर 1% से तक टूटे. घरेलू स्तर पर केंद्रित स्मॉल-कैप इंडेक्स में 0.9% की गिरावट दिखी. मिड-कैप इंडेक्स 1.3% तक फिसल गया. एकल शेयरों में अशोका बिल्डकॉन के शेयरों के शेयर 6% तक चढ़े. इसकी सहायक कंपनी वीवा हाईवे ने पुणे की एक जमीन को बचेकर 453 करोड़ रुपये हासिल किए हैं, इसके बाद शेयरों में यह बढ़त आई.

**शेयर बाजार को क्यों रास नहीं आया शुक्रवार?**

अमेरिका में शुक्रवार को आने वाले प्रमुख अमेरिकी रोजगार आंकड़ों से पहले निवेशकों के बीच घबराहट दिखी. इससे इक्विटी बाजार पर नकारात्मक असर पड़ा. फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने हाल ही में इस बात पर जोर दिया था कि नीति निर्माता श्रम बाजार में और अधिक कमजोरी का स्वागत नहीं करेंगे. इससे सितंबर में संभावित दर कटौती की संभावना बन गई है. विश्लेषकों को नौकरियों में 165,000 की वृद्धि और बेरोजगारी दर में 4.2% की गिरावट की उम्मीद है. नौकरियों के कम अवसर और निजी क्षेत्र में कम लाभ के बाद बाजार की चिंता बढ़ी है.

**अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सुस्ती की आशंका से चिंता में निवेशक :** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वीके विजय कुमार के अनुसार अगर शुक्रवार को अगस्त के रोजगार के आंकड़े उम्मीद से कमजोर रहते हैं तो फेड कम से कम ब्याज दरों में 50 आधार अंकों की कटौती कर सकता है. हालांकि बाजार इस संदेश को सकारात्मक ढंग से नहीं ले पा रहा जिस कारण इक्विटी बाजार में गिरावट दिख रही है. वृद्धि दर की चिंता और अमेरिकी अर्थव्यवस्था सुस्ती से पैदा हुई आशंकाएं बाजार पर भारी पड़ सकती हैं.

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर के अनुसार शुक्रवार को घरेलू बाजार में एफआईआई प्रकटीकरण मानदंड पर सेबी की समय सीमा के कारण घबराहट दिखी. हालांकि उन्होंने कहा कि इससे दीर्घ अवधि में एफआईआई के लिए भारतीय बाजार के आकर्षण पर असर पड़ने की उम्मीद नहीं है. शुक्रवार को वैश्विक बाजार भी अमेरिका के गैर-कृषि पेरोल डेटा के जारी होने से पहले सतर्क रुख अपनाते दिखे. इसके अतिरिक्त, तेल की कीमतों में लगातार गिरावट 14 महीने के निचले स्तर पर और कमजोर नौकरी के अवसरों के आंकड़े निकट भविष्य में अमेरिका में मंदी की आशंकाओं को बढ़ा रहे हैं. कुल मिलाकर इन चीजों ने शुक्रवार को बाजार पर दबाव बढ़ाया.




अभिनेत्री कृति सेन शुक्रवार को मुंबई हवाई अड्डे पर पहुंचते ही तस्वीरों के लिए पोज देती हुईं.

## 17.1 करोड़ हुई डीमैट खातों की संख्या

# अगस्त में खुले 40 लाख से ज्यादा नए अकाउंट

**नई दिल्ली ।आईएएनएस**

शेयर बाजार की तरफ लोगों का रुझान बढ़ने के कारण देश में डीमैट खातों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है. अगस्त में देश में 40 लाख से ज्यादा नए डीमैट अकाउंट खुले हैं, जिसके कारण कुल डीमैट खातों की संख्या 17 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है. नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एएसडीएल) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) में 31 अगस्त तक कुल डीमैट खातों की संख्या 17.1 करोड़ थी. 2024 की शुरुआत से अब तक हर महीने करीब 40 लाख नए डीमैट अकाउंट खुल रहे हैं. चालू वर्ष के शुरुआती आठ महीनों में करीब 3.2 करोड़ डीमैट अकाउंट खुल चुके हैं. बड़ी संख्या में डीमैट अकाउंट खुलने की वजह इस कैलेंडर वर्ष में नए आईपीओ का आना भी है. करीब 50 से अधिक कंपनियां 2024 की शुरुआत से 31 अगस्त तक आईपीओ के जरिए 53,419 करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से की गई स्टडी में कहा गया था कि बड़ी संख्या में निवेशक केवल आईपीओ में हिस्सा लेने के लिए डीमैट खाते खोल रहे हैं.

स्टडी में बताया गया था कि अप्रैल 2021 से लेकर दिसंबर 2023 तक आईपीओ के आवेदन के लिए उपयोग किए गए डीमैट में से करीब आधे महामारी के बाद खोले गए हैं. 2024 में शेयर बाजार ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है. इस साल की शुरुआत से लेकर अब तक निफ्टी करीब 15 प्रतिशत और बीते एक साल में 27 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है. वहीं, सेंसेक्स इस साल की शुरुआत से अब तक 13 प्रतिशत का रिटर्न दिया है और बीते एक साल में यह 24 प्रतिशत का रिटर्न निवेशकों को दे चुका है.

## पेज एक का शेष

### घर की एक महिला को...

आजादी के समय से जम्मू कश्मीर का भूभाग हमारे लिए बहुत जरूरी रहा है. आजादी के समय से हमने इसे भारत के साथ जोड़ने के लिए काफी प्रयास किया है. पहले भारतीय प्रेमनाथ डोगरा से लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी तक हमने इसे आगे बढ़ाया है और हम मानते हैं कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा.

**शाह ने राहुल गांधी पर साधा निशाना:** अमित शाह ने इस दौरान राहुल गांधी पर भी निशाना साधा. कहा, एनसी का घोषणापत्र पढ़ कर मुझे आश्चर्य हुआ कि कोई पार्टी इस तरह का घोषणापत्र कैसे जारी कर सकती है. लेकिन मै राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि आपके मौन धारण करने से कुछ नहीं होगा. क्या आप नेशनल कांफ्रेंस के घोषणापत्र में शामिल हैं या नहीं. मैं हां या ना में जवाब चाहता हूं.

## त्योहारों से पहले | ग्लोबल हाइरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया

# टियर-2 और 3 शहरों में बढ़ी सीजनल नौकरियां

- सीजनल नौकरियों की मांग में 18 से 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिल रही है

**एजेंसी ।नई दिल्ली**

भारत में त्योहारी सीजन से पहले टियर-2 और टियर-3 शहरों में सीजनल नौकरियों में इजाफा देखने को मिल रहा है. यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई. ग्लोबल हाइरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया गया कि सीजनल नौकरियों में पिछले साल की तुलना में इस साल 20 प्रतिशत की बढ़त होने का अनुमान है. महानगरों जैसे मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली और कोलकाता में




पिछले साल के मुकाबले सीजनल नौकरियों की मांग में 18 से 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिल रही है.

वहीं, टियर-2 और टियर-3 शहरों जैसे नागपुर, जयपुर, बड़ौदा, कोच्चि, वाइजैग, मदुरै, लखनऊ, गुरुग्राम, चंडीगढ़, इंदौर, कोयंबटूर, सूरत, भुवनेश्वर और भोपाल में सीजनल नौकरियों में 22 से 25 प्रतिशत या उससे अधिक का इजाफा देखने को मिल रहा है. रिपोर्ट में आगे कहा गया कि ई-कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स और क्विक कॉमर्स इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है. इसकी वजह मौजूदा ग्राहकों की ओर से आने वाली मांग है. भविष्य में भारत का जॉब मार्केट इस दिशा में ही आगे बढ़ेगा. टियर-2 और 3 शहरों में ग्राहकों द्वारा किए जाने वाले खर्च में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है. इसकी वजह आर्थिक परिस्थितियों का अच्छा होना और खर्च योग्य आय में बढ़ोतरी होना है.

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि इंटरनेट के ज्यादा लोगों तक पहुंचने के कारण ई-कॉमर्स, रिटेल और लॉजिस्टिक जैसे सेक्टरों में सीजनल नौकरियां तेजी से बढ़ रही हैं. सीजनल नौकरियों में डिलीवरी एग्जिक्यूटिव, वेयरहाउस कर्मचारी, लॉजिस्टिक कॉर्डिनेटर, इन-स्टोर सेल्स एग्जिक्यूटिव और कस्टमर केयर एग्जिक्यूटिव की मांग बढ़ रही है. रिपोर्ट में बताया गया कि 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ ई-कॉमर्स इसका नेतृत्व कर रहा है, क्योंकि ऑनलाइन शॉपिंग का चलन बढ़ने से बड़ी संख्या में ऑर्डर आने के चलते डिलीवरी एग्जीक्यूटिव और वेयरहाउस स्टाफ की मांग बढ़ रही है. इसके बाद लॉजिस्टिक है. आपूर्ति श्रृंखला को सूचारू रखने और बढ़ते हुए ट्रांसपोर्टेशन को सपोर्ट करने के लिए कंपनियां अपने कर्मचारियों की संख्या में इजाफा कर रही हैं.

# अगस्त में शाकाहारी और मांसाहारी थाली हुई सस्ती

**एजेंसी ।नई दिल्ली**

टमाटर और चिकन की कीमतें कम होने के कारण घर में बनी शाकाहारी और मांसाहारी थाली के दाम अगस्त में कम हो गए हैं. यह जानकारी शुक्रवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई. रिसर्च फर्म क्रिसिल की ओर से खाने की थाली की लागत को लेकर हर महीने जारी की जाने वाली रिपोर्ट में कहा गया कि सालाना आधार पर अगस्त में शाकाहारी और मांसाहारी थाली की कीमत में क्रमशः 8 प्रतिशत और 12 प्रतिशत की कमी देखने को मिली है. टमाटर जिसकी शाकाहारी थाली में हिस्सेदारी 14 प्रतिशत की है. अगस्त में इसकी कीमत में सालाना आधार पर 51 प्रतिशत की कमी आई है. अगस्त 2023 में टमाटर की कीमत 102 रुपये प्रति किलो थी, जो कि अगस्त 2024 में कम होकर 50 रुपये प्रति किलो रह गई है. टमाटर की कीमत में कमी आने की वजह दक्षिणी और पश्चिमी राज्यों से नई फसल का आना है. अगस्त में तीन मुख्य सब्जियों की कीमत में अलग-अलग ट्रेंड देखने को मिला है. निदेशक (रिसर्च) पुशन शर्मा ने कहा, अगस्त में सालाना आधार पर प्याज की कीमत में 15 रुपये प्रति किलो या 51 प्रतिशत और आलू की कीमत में 13 रुपये प्रति किलो या 53 प्रतिशत की बढ़त हुई है. इसकी वजह नई फसल का बाजार में कम पहुंचना है. रिपोर्ट में बताया गया कि थाली की कीमत में कमी आने की वजह एलपीजी का 27 प्रतिशत सस्ता होना भी है.

## पारंपरिक तरीके से ओणम का त्योहार शुरू, 15 को समापन



ओणम का त्योहार शुक्रवार से शुरू हो गया है, जिसका समापन 15 सितंबर को होगा. ओणम का महत्व केरल के लोगों के बीच बहुत बड़ा धार्मिक महत्व है. इस उत्सव के माध्यम से लोग अच्छी फसल के लिए प्रकृति के प्रति प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं. एर्नाकुलम के त्रिपुनिथुरा में कलाकार 'अथाचमायम' जुलूस के दौरान प्रदर्शन करते हुए. (**आईएएनएस**)

**भ्रष्टाचार :** कांग्रेस पार्टी ने फिर किया सेबी प्रमुख माधबी पुरी पर बड़ा हमला, कहा

# बुच आरोपी कंपनी से ही वसूल रहीं किराया

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक बार फिर सेबी अध्यक्ष माधबी पुरी बुच पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है. खेड़ा ने कहा कि सेबी अध्यक्ष अपने पद पर रहते मुंबई स्थिति अपनी एक संपत्ति के एवज में किराया वसूल रही हैं. यह संपत्ति ऐसी कंपनी को किराए पर दी गई है, जिसकी पैतृक कंपनी के खिलाफ लगे आरोपों की जांच शेयर बाजार नियामक सेबी कर रही है. कांग्रेस नेता ने कहा कि यह हितों के टकराव का मामला है. यह साफ तौर पर भ्रष्टाचार है. कांग्रेस नेता ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बुच दंपती ने मुंबई की अपनी एक संपत्ति कैरोल इंफो सर्विसेज लिमिटेड को लाखों रुपए के किराए पर दी. इस साल सेबी प्रमुख रहते हुए भी उस संपत्ति से 46 लाख रुपए से अधिक का किराया लिया गया. कैरोल इंफो सर्विसेज लिमिटेड वोकार्ट लिमिटेड से जुड़ी कंपनी है.दोनों कंपनियों के प्रमोटर एक ही हैं. वोकार्ट वो कंपनी है, जिस पर लगे आरोपों की जांच सेबी कर रही है. वोकार्ट पर इनसाइडर ट्रेडिंग के भी आरोप लगे हैं. ऐसे में यह पूरी तरह से हितों के टकराव का मामला है. यह पूरी तरह से भ्रष्टाचार का मामला है. कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि सब कुछ साफ है फिर भी वे कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे?

### बुच दंपती ने 2.16 करोड़ किराया वसूला

कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि 2018 और



2024 के बीच, माधबी पुरी बुच के सेबी के पूर्णकालिक सदस्य और बाद में अध्यक्ष रहते हुए बुच दंपती वॉकहार्ट लिमिटेड से संबद्ध कंपनी कैरोल इन्फो सर्विसेज लिमिटेड से 2.16 करोड़ रुपए किराया प्राप्त किया. उन्होंने दिल्ली में कहा कि वॉकहार्ट लिमिटेड की 2023 के दौरान इनसाइडर ट्रेडिंग सहित विभिन्न मामलों के लिए सेबी द्वारा जांच की जा रही थी. खेड़ा ने कहा कि यह भ्रष्टाचार का एक सीधा मामला था जो हितों के टकराव को बढ़ावा देता है, जो सेबी के 2008 के कोड की धारा 4, 7 व 8 का उल्लंघन करता है.

**पीएम मोदी से पूछा- कार्रवाई क्यों नहीं हो रही :** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह सवाल वास्तव में पीएम नरेंद्र मोदी से पूछा जाना चाहिए और किसी और से नहीं कि पूंजी बाजार नियामक के मामले में पारदर्शिता और ईमानदारी के पतन को दिखाने के लिए और कितने सबूतों की जरूरत है. रमेश ने कहा, अब 10 करोड़ भारतीय ऐसे हैं जिनके पास पैन हैं और जिनका इस बाजार में किसी न किसी रूप में निवेश है. क्या वे इससे बेहतर के हकदार नहीं हैं?

## न्यूज अपडेट

### हरियाणा में विस चुनाव नहीं लड़ेगी सपा

**नयी दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा चुनाव से समाजवादी पार्टी (सपा) ने किनारा कर लिया है. सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए कहा कि हरियाणा के विकास और सौहार्द की विरोधी भाजपा को हराने में 'इंडिया अलायंस' की जो भी पार्टी सक्षम होगी, हम उसके साथ अपने संगठन और समर्थकों की शक्ति को जोड़ देंगे.

### टिकट नहीं मिलने पर बबीता की प्रतिक्रिया

नयी दिल्ली। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने इस बार रेसलर बबीता फोगाट को टिकट नहीं दिया. भाजपा ने बबीता की जगह सुनील सांगवान को चरखी-दादरी विधानसभा सीट से टिकट दिया है. इस पर बबीता फोगाट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा, ''व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा देश, यही है मेरी पार्टी का सभी को संदेश!!''

### टिकट न मिलने पर भाजपा नेत्री निराश

**करनाल।** भाजपा हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पूर्व मेयर और करनाल विधानसभा सीट की दावेदार रेणु बाला गुप्ता को टिकट नहीं मिला है, जिससे वह काफी निराश हैं.गुप्ता ने कहा, ''मैंने 10 साल तक पार्टी की बड़ी निष्ठा के साथ सेवा की है. लेकिन, पिछले दो दिन से मेरा मन बहुत आहत है. 8 तारीख को मैं अपने समर्थकों के बीच बैठकर यह फैसला लूंगी कि मुझे क्या करना चाहिए?

### छह फिलिस्तीनियों को मार गिराया

**रामल्लाह।** इजरायली बलों ने पश्चिमी तट के शहर तुबास में छह फिलिस्तीनियों को मार गिराया. इसकी जानकारी फिलिस्तीनी चिकित्सा और सुरक्षा विभाग ने दी. फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि टुबास में उनके वाहन को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में पांच फिलिस्तीनी मारे गए. टुबास उत्तर-पश्चिमी वेस्ट बैंक में स्थित है.

### एंड्री सिबिहा बने यूक्रेन के विदेश मंत्री

**कीव।** यूक्रेनी संसद ने दिमित्रो कुलेबा की जगह एंड्री सिबिहा को देश का नया विदेश मंत्री नियुक्त करने के लिए मतदान किया है. लॉ मेकर ओलेक्सी होन्चारेंको ने गुरुवार को कहा कि सिबिहा ने उपस्थित 315 सांसदों में से 258 का समर्थन हासिल किया है. इससे पहले गुरुवार को संसद ने कुलेबा को बर्खास्त करने के लिए मतदान किया, जिन्होंने बुधवार को अपना इस्तीफा दे दिया था.

### बांग्लादेश ने सब्जी आयात पर शुल्क घटाया

**ढाका।** बांग्लादेश के कर संग्रह निकाय, राष्ट्रीय राजस्व बोर्ड ने प्याज और आलू के आयात पर टैक्स कम कर दिया है. प्याज आयात पर 5 प्रतिशत नियामक शुल्क माफ कर दिया है और आलू आयात पर सीमा शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया है. बोर्ड ने कीटनाशकों के आयात पर शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है. कटौती 30 नवंबर तक सक्रिय रहेगी.

### बाइडन के बेटे ने आरोपों को स्वीकारा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बेटे हंटर ने संघीय कर मामले में आरोपों को स्वीकार कर लिया है. हंटर ने कहा कि उन्होंने अपने परिवार को मुकदमे में सार्वजनिक रूप से अपमानित होने से बचाने के लिए ऐसा किया है. अदालत में मुकदमा शुरू होने पर, हंटर के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल अब अपने आप को निर्दोष कहने के बजाय दोषी ठहराने की पेशकश कर रहे हैं.

### कांगो पहुंची एमपॉक्स टीकों की खेप

**किंशासा।** वैश्विक स्वास्थ्य संकट के केंद्र कांगो में एमपॉक्स टीकों की 99,100 खुराक की पहली खेप पहुंचाई गई. शनिवार तक कुल 200,000 खुराक पहुंचेगी. स्वास्थ्य मंत्री रोजर कम्बा ने गुरुवार को किंशासा के एन डिजिली हवाई अड्डे पर कहा कि आज हमें टीके की 99,100 खुराक मिलीं है और बाकी शनिवार को मिलेंगी. उन्होंने वायरस पर जल्द काबू पाने का दावा किया.

### पुंछ में गोली लगने से जवान घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शुक्रवार को दुर्घटनावश गोली चल जाने से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का एक जवान घायल हो गया. पुलिस ने बताया कि जवान मनीष वर्मा शुक्रवार तड़के हवेली इलाके के झलास सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बंदूक की गोली लगने से घायल हो गए. दुर्घटनावश गोली चलने की घटना के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है.

### संदीप घोष का निजी सहायक हिरासत में

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से जुड़े एक डाटा एंट्री ऑपरेटर को प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार दोपहर हिरासत में ले लिया. वह संस्थान के पूर्व और विवादास्पद प्रिंसिपल संदीप घोष के निजी सहायक के तौर पर भी काम कर रहा था. अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह संस्थान से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के मामले में कई स्थानों पर छापेमारी व तलाशी अभियान चलाया.

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा पटना पहुंचे

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार को अपने दो दिवसीय बिहार के दौरे पर पटना पहुंच गए हैं. पटना पहुंचने पर वे मुख्यमंत्री आवास पहुंचे, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की. जेपी नड्डा के केंद्रीय मंत्री बनने के बाद यह उनकी पहली बिहार यात्रा है. अपने दो दिनों के प्रवास के दौरान वे कई अस्पतालों का उद्घाटन करेंगे.

विनेश बोलीं- कांग्रेस मेरे बुरे वक्त में साथ खड़ी रही, बजरंग बोले- हम हमेशा कांग्रेस के साथ रहेंगे

# कांग्रेस में शामिल हुए पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

पिछले कुछ दिनों से चल रही कयासबाजी को विराम देते हुए ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया ने राजनीति के अखाड़े में उतरते हुए शुक्रवार को कांग्रेस का हाथ थाम लिया. कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने विनेश और बजरंग को पार्टी की सदस्यता दिलाई. उन्होंने कहा, आज का दिन बहुत बड़ा है. हम शुरू से ही पहलवानों के साथ रहे हैं और आगे भी रहेंगे. हमें इन दोनों ही पहलवानों पर गर्व है. इससे कुछ देर पहले विनेश फोगाट ने रेलवे की नौकरी से इस्तीफा देने की जानकारी सोशल मीडिया पर दी थी. दोनों ओलंपियन का पार्टी में स्वागत करते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, दोनों ही खिलाड़ियों ने देश का दिल जीता है.

कांग्रेस में शामिल होने के बाद विनेश फोगाट ने कहा, मुझे इस बात की खुशी है कि मैं आज उस पार्टी में हूं, जो महिलाओं के साथ हमेशा रहती है. मैं मीडिया का भी धन्यवाद करना चाहूंगी कि वे हमारे साथ हमेशा रहे. हमारी आवाज को बुलंद करने में मीडिया ने अहम भूमिका निभाई. मुश्किल समय में किसी ने हमारा साथ दिया, तो वह कांग्रेस थी. जब हमने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आवाज उठाई तो हमारे साथ देश की हर पार्टी खड़ी थी, लेकिन भाजपा नहीं थी. विनेश ने कहा, हम कांग्रेस पार्टी और देश को मजबूत करेंगे. ग्राउंड पर रह कर काम करेंगे. बजरंग पुनिया ने कहा, हम कांग्रेस के साथ हमेशा रहेंगे. पूरे देश की पार्टी मुश्किल वक्त में हमारे साथ थी, लेकिन भाजपा ने हमारा साथ नहीं दिया. इससे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दोनों पहलवानों के आवास पर पहुंच कर उनसे मुलाकात की थी. इस दौरान पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद रहे. खरगे ने मुलाकात की तस्वीर भी अपने एक्स हैंडल पर साझा की. उन्होंने लिखा था, चक दे इंडिया, चक दे हरियाणा! दुनिया में भारत का नाम रौशन करने वाले हमारे प्रतिभाशाली चैंपियन विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया से 10 राजाजी मार्ग पर मुलाक़ात. हमें आप दोनों पर गर्व है. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी दोनों पहलवानों से मिले थे. उसके बाद से ही राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा अपने चरम पर पहुंच गई थी कि दोनों कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं. विनेश और बजरंग के कांग्रेस में शामिल होने से आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को फायदा होगा. पार्टी ने अभी तक उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं की है. ऐसे में अब दोनों को किस सीट से उतारा जाता है, इस पर सभी की निगाहें रहेंगी.



### साक्षी मलिक ने दी नसीहत

पहलवान बजरंग पुनिया और विनेश फोगट की राजनीतिक एंट्री पर रेसलर साक्षी मलिक ने बड़ा बयान दिया है. शुक्रवार को उन्होंने एक तरह से नसीहत देते हुए कहा कि मुझे भी ऑफर मिले, मगर हमें त्याग करना चाहिए. साक्षी ने कहा, शायद बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे, इसीलिए वे नौकरी से इस्तीफा देने आ रहे हैं. यह उनका निजी फैसला है कि वे पार्टी में शामिल होना चाहते हैं. हमारे आंदोलन को गलत रूप न दिया जाए. साक्षी मलिक ने कहा कि महिलाओं के लिए मेरा आंदोलन आज भी जारी है. मैंने हमेशा कुश्ती के बारे में सोचा है, मैंने कुश्ती के हित में काम किया है और आगे भी करूंगी. उन्होंने कहा, मुझे बड़े ऑफर भी मिले, लेकिन मैं जिस चीज से भी जुड़ी हूं, उसके अंत तक काम करना है. जब तक फेडरेशन साफ-सुथरा नहीं हो जाता और बहन-बेटियों का शोषण बंद नहीं हो जाता, मेरी लड़ाई जारी रहेगी.

## केजरीवाल को झटका, आप के दलित चेहरा राजेंद्र पाल कांग्रेस में शामिल

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के सीमापुरी विधायक राजेन्द्र पाल गौतम आज कांग्रेस में शामिल हो गए. दिल्ली में एक कार्यक्रम में दलित समुदाय के लोगों का धर्म परिवर्तन कराने के दौरान हिन्दू समुदाय पर अभद्र टिप्पणी करने के कारण अरविंद केजरीवाल सरकार से उन्हें मंत्री पद से हटा दिया गया था. तब से वे पार्टी में साइड लाइन चल रहे थे. लंबे समय तक प्रतीक्षा करने के बाद आज उन्होंने कांग्रेस का दामन थाम लिया, लेकिन अरविंद केजरीवाल के लिए इसे एक बड़ा झटका माना जा रहा है क्योंकि इसके पहले पार्टी के एक और दलित चेहरे राजकुमार ने आम आदमी पार्टी का साथ छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया था. लगभग छह महीने के बाद फरवरी में दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने हैं. दिल्ली में दलित समाज और मुसलमानों के बीच आम आदमी पार्टी को सबसे मजबूत माना जाता है. इन समुदायों पर पकड़ के बल पर ही अरविंद केजरीवाल 2014-15 से दिल्ली की



राजनीति में अजेय बने हुए हैं. आम आदमी पार्टी के नेताओं के शराब घोटाले, स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग में हुए कथित घोटालों में घिरने के बीच दलित समाज पर यदि अरविंद केजरीवाल की पकड़ ढीली होती है तो इससे आम आदमी पार्टी को नुकसान हो सकता है. राजेन्द्र पाल गौतम और राजकुमार दिल्ली के दलित समाज के सम्मानित चेहरों के रूप में देखे जाते हैं. राजेन्द्र पाल गौतम सीमापुरी सहित पूर्वी दिल्ली के दलित समाज में लोकप्रिय हैं. इसी तरह राजकुमार भी अपने समुदाय के लोगों के बीच अच्छी पकड़ रखते हैं. ये दोनों ही नेता अपने क्षेत्रों में केजरीवाल को नुकसान पहुंचा सकते हैं.

## कीनिया के स्कूल में लगी आग, 17 स्टूडेंट्स की मौत

**एजेंसी। नैरोबी**

- कई बच्चों को गंभीर रूप से ज़ख्मी, आशंका है कि मौतों की संख्या बढ़ सकती है

कीनिया में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक स्कूल में आग लगने से कम से कम 17 स्टूडेंट्स की मौत हो गई है. पुलिस ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि गुरुवार की रात न्येरी काउंटी में स्थित हिलसाइड एंडराशा प्राइमरी में लगी आग के कारणों का पता नहीं चला है. आशंका है कि मौतों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कई बच्चों को गंभीर रूप से ज़ख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है. यह एक प्राइवेट बोर्डिंग स्कूल है, जहां छह से 14 साल के बच्चे पढ़ते हैं. समाचार एजेंसी एएफ़पी के अनुसार, यहां लगभग 800 बच्चे पढ़ते हैं. राष्ट्रपति विलियम रूटो ने इस घटना को ''भयानक'' और ''विनाशकारी'' बताया और जांच के आदेश दिए हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि ज़िम्मेदार लोगों को बख़्शा नहीं जाएगा. उन्होंने कहा, ''जांच के आदेश दे दिए गए हैं. गृह मंत्रालय को प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद देने को कहा गया है.'' एएफ़पी से पुलिस प्रवक्ता रेसिला ओनियांगो ने कहा कि जो शव बरामद हुए, वो इतने जल गए थे, पहचानना मुश्किल था. उन्होंने कहा कि राहत और बचाव कार्य पूरा होने तक और शवों के बरामद होने की आशंका है.

### शांति बनी रहे, इसलिए सेना से तैयार रहने को कहा था : राजनाथ सिंह

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को यहां कहा कि देश और दुनिया में शांति कायम रखने के लिए ही उन्होंने सेना से युद्ध के लिए तैयार रहने के लिए कहा है. राजनाथ सिंह ने गुरुवार को प्रथम संयुक्त कमांडर सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा था कि सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है. इस संबंध में उन्होंने आज स्पष्ट किया, भारत ने हमेशा शांति की वकालत की है, लेकिन आज की भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए मैंने सेना से कहा कि भारत और दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए हमें हमेशा युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए. ऐसा कहने के पीछे मकसद यह है कि हमारी शांति न भंग होने पाए." रूस-यूक्रेन एवं इजरायल-हमास संघर्षों और बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति का जिक्र करते हुए, रक्षा मंत्री ने कमांडरों से इन घटनाओं का विश्लेषण करने, भविष्य में देश के सामने आने वाली समस्याओं का अनुमान लगाने और "अप्रत्याशित" से निपटने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया.

### मुंबई के टाइम्स टावर में लगी भीषण आग, देखते देखते धुएं का गुबार उठा

**मुंबई।** मुंबई में लोअर परेल के कमला मिल परिसर में टाइम्स टावर में भीषण आग लग गई. घटना की फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग पर काबू पाना शुरू किया. परेल के कमला मिल परिसर में यह हादसा शुक्रवार की सुबह हुआ. इस व्यावसायिक इमारत में देखते ही देखते धुएं का गुबार उठने लगा. टाइम्स टावर में आग का मंजर बड़ा ही भयावह हो गया. इमारत में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई. बिल्डिंग के आस-पास भारी भीड़ इकट्ठा हो गई और लोग दहशत में आ गए. कोई कुछ समझ पाता इससे पहले आग का धुआं चारों ओर तेजी से फैल गया. स्थानीय लोगों ने आग की घटना की तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को दी. हादसे की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची. दमकल कर्मियों ने आग बुझाने की कवायद शुरू की. आग पर काबू पाने के लिए 5 पानी के टैंकर को घटनास्थल पर पहुंचाया गया. आग बुझाने का काम जारी है. पुलिस के आला अधिकारी और मेडिकल टीम और एंबुलेंस मौके पर मौजूद थे.

## जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास लगी आग पर आईएईए सख्त

**एजेंसी। वियना**

- एजेंसी ने कहा- संयंत्र में पिछले महीने लगी आग के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी रहेगी

जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) के पास लगी आग पर अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि एजेंसी उक्त संयंत्र में पिछले महीने लगी आग के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी रखेगी. आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने गुरुवार को जेडएनपीपी के अपने दौरे के बाद एक बयान में कहा, ''हम इस मामले की बारीकी से जांच करते रहेंगे, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या हुआ था और इसके क्या परिणाम होंगे.'' उन्होंने जेडएनपीपी का दौरा करने के दौरान 11 अगस्त को आग से क्षतिग्रस्त हुए कूलिंग टावर का भी निरीक्षण किया था. समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, रूस और यूक्रेन ने इस घटना के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहराया है. रूस ने यूक्रेन पर ड्रोन हमले का आरोप लगाया, जबकि यूक्रेन ने कहा कि रूस की लापरवाही या आगजनी इसका कारण है. ग्रॉसी ने कहा कि उन्होंने कूलिंग टॉवर के अंदर आंतरिक दीवारों, मलबे और काली पड़ चुकी सतहों को देखा है. इससे स्पष्ट होता है कि कूलिंग टॉवर को आग से नुकसान पहुंचा है और इसे ध्वस्त करने की आवश्यकता हो सकती है."

### राज्यसभा से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हुए बीजेडी नेता सुजीत

**नयी दिल्ली।** बीजद के सांसद सुजीत कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया. केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, ओडिशा भाजपा प्रभारी विजयपाल सिंह तोमर, भर्तृहरि महताब और अनिल बलूनी की मौजूदगी में बीजेडी नेता सुजीत कुमार ने भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने ओडिशा की पिछली नवीन पटनायक सरकार के कार्यकाल में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने का भी आरोप लगाया.

वडोदरा में बाढ़ से हजारों लोग विस्थापित, मजदूरों ने की मुआवजे की मांग

## तेलंगाना में भारी बारिश की चेतावनी जारी

**एजेंसी। हैदराबाद/वडोदरा**

बंगाल की खाड़ी में कम दबाव वाले क्षेत्र के प्रभाव के चलते 9 सितंबर तक तेलंगाना के कई हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान है. इसी बीच केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को तेलंगाना के खम्मम जिले में बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया. वहीं हाल ही में आई बाढ़ और उसके कारण हुई तबाही से हजारों लोग विस्थापित हो गए हैं. इसे लेकर वडोदरा के श्रमिक संघों ने संयुक्त रूप से गुजरात सरकार से मुआवजे की अपील की है.

आईएमडी ने अगले चार दिनों के लिए कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. तटीय आंध्र प्रदेश और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव में, उत्तरी आंध्र प्रदेश-दक्षिण ओडिशा तटों से दूर पश्चिम-मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया है. अगले दो दिनों में इसके धीरे-धीरे उत्तर की ओर बढ़ने की संभावना है. आदिलाबाद, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम, वारंगल और हनमकोंडा जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है.

### चौहान ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया दौरा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को तेलंगाना के खम्मम जिले



में बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया. सुबह 9 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक हवाई सर्वेक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री चौहान के साथ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय भी रहे. इसके बाद उन्होंने अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की.

**मनोरंजन** टोरंटो के 49वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में तीन भारतीय फिल्मों का हुआ प्रीमियर

# लक्ष्मीप्रिया देवी की पहली मणिपुरी फिल्म 'बूंग' ने रचा इतिहास

**एजेंसी। टोरंटो**

टोरंटो के 49वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में गुरुवार को तीन भारतीय फिल्मों का प्रीमियर हुआ. 10 दिवसीय फिल्म महोत्सव में 270 से अधिक फिल्में और डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की जा रही हैं. इनमें फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की मेगालोपोलिस, डेविड ग्रीन की बेन स्टिलर-स्टारर नटक्रैकर्स, एल्टन जॉन की नेवर टू लेट और पामेला एंडरसन-स्टारर द लास्ट शोगर्ल शामिल हैं.

लक्ष्मीप्रिया देवी की पहली मणिपुरी फिल्म बूंग, महोत्सव के इस संस्करण में प्रीमियर होने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई. यह फिल्म एक युवा लड़के बूंग की कहानी है, जो अपने लापता पिता की तलाश में सभी मुश्किलों को पार करता है. पिता जो जीवन के लिए बेहतर संभावनाओं के चलते बाहर गया था लेकिन बाद में उसने अपनी पत्नी और बेटे के साथ बातचीत करना बंद कर दिया था. कहानी का अधिकांश हिस्सा बर्मी सीमा पर मोरेह शहर के इर्द-गिर्द शूट हुआ है. एक नए निर्देशक के रूप में, लक्ष्मीप्रिया ने उत्तर-पूर्व में ''बाहरी लोगों'' के बारे में तनाव को उजागर करने के लिए कुछ किस्सों को कुशलता से बुना है.



### 'सुपर बॉयज ऑफ मालेगांव' वास्तविक कहानी

टोरंटो फिल्म महोत्सव के उद्घाटन के अवसर पर विश्व प्रीमियर करने वाली तीसरी भारतीय फिल्म रीमा कागती की ''सुपर बॉयज ऑफ मालेगांव'' थी. जोया अख्तर द्वारा निर्मित, ''सुपर बॉयज ऑफ मालेगांव'' एक सपने देखने वाले नासिर शेख (आदर्श गौरव द्वारा अभिनीत) की वास्तविक जीवन की कहानी है, जो अपने दोस्तों और समुदाय की मदद से फिल्म निर्माण के अपने जुनून को आगे बढ़ाता है. निकोल किडमैन, जेनिफर लोपेज, एडम ड्राइवर, डेंजल वाशिंगटन और ब्रूस स्प्रिंगस्टीन सहित कई स्टार्स फिल्म महोत्सव में भाग लेने की संभावना है.

**कपाड़िया की ''ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट'' का भी प्रीमियर :** वहीं पायल कपाड़िया की ''ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट'' का भी प्रीमियर हुआ. इसकी कहानी के केंद्र में सपनों के शहर मुंबई में दो नर्सें हैं. कानी कुसरुति और अनु (दिव्य प्रभा) न केवल अस्पताल में सहकर्मी हैं, बल्कि रूममेट भी हैं. एक अपने पति के साथ विदेश चली गई और दूसरी दूसरे धर्म के लड़के के साथ रिलेशनशिप में है. उनके जीवन के भावनात्मक उतार-चढ़ाव इस फिल्म की कहानी को रेखांकित करते हैं. भीड़भाड़ वाले रेलवे प्लेटफार्मों, ट्रेनों और बाजारों के साथ, कपाड़िया की फिल्म शहरी डेवलपर्स की हृदयहीनता को भी उजागर करती है क्योंकि दो नर्सों के एक लैब अस्टिटेंट सहयोगी को उसके घर से बेदखल कर दिया जाता है. वो तीनों अच्छे दोस्त बन जाते हैं. वो एक तटीय गांव में चले जाते हैं जहां उनकी कहानी का सुखद अंत होता है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)